खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 14°C

देहरादून, शुक्रवार 6 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 207 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 16 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार : खड़गे पेज 2



न्यूजीलैंड के ओपनर फिन एलन का फोकस अब फाइनल पर खेल टाइम्स



कैरियर पिजन सर्विस : संचार का प्राचीन तरीका सम्पादकीय



अमेरिका को होगा डेना पर हमले का पछतावा : अराघची पेज 12

# ईरान ने दी इजरायल को परमाणु केंद्र पर हमले की धमकी

**कहा: अगर इजरायल और अमेरिका ने उसकी सरकार को गिराने की कोशिश की, तो वह इस परमाणु केंद्र को निशाना बनाएंगे**

**ईरान का बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला, इजरायल और अमेरिका के सात से ज्यादा आधुनिक रडार सिस्टम नष्ट किए**

**तेहरान।** ईरान ने गुरुवार को इजरायल की डिमोना परमाणु स्थल को निशाना बनाने की धमकी दी है। ईरान ने कहा कि अगर इजरायल और अमेरिका ने उसकी सरकार को गिराने की कोशिश की, तो वह इस परमाणु केंद्र को निशाना बनाएंगे। यह धमकी इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज के बयान के बाद आई है।

काट्ज ने कहा था कि ईरान की सरकार जो भी नया नेता लाएगी, वह इजरायल के लिए एक टारगेट होगा। इजरायल की सेना ने बताया कि ईरान ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इसके कारण यरुशलम, सेंट्रल इजरायल और वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों में खतरे के सायरन बजने लगे। ईरान की आईआरजीसी ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के तहत मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। इस ऑपरेशन को 'या हसन इब्न अली' नाम के कोड से शुरू किया गया। आईआरजीसी का दावा है कि उन्होंने इजरायल और अमेरिका के सात से ज्यादा आधुनिक रडार सिस्टम नष्ट कर दिए हैं। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर प्रेस टीवी के अनुसार, उनकी मिसाइलों ने इजरायल के 'थाड' डिफेंस सिस्टम को भी चकमा दे दिया।



आईआरजीसी ने दावा किया कि उन्होंने तेल अवीव में इजरायली रक्षा मंत्रालय और देश के मुख्य एयरपोर्ट बेन गुरियन सहित कई जगहों पर हमला किया है। इन हमलों की वजह से इजरायल के कई इलाकों में घंटों तक सायरन बजते रहे और लोगों को बंकरों में शरण लेनी पड़ी। आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में ये हमले और भी तेज और बड़े पैमाने पर होंगे। अमेरिका का कहना है कि उसका ऑपरेशन अभी शुरू ही हुआ है। इससे संकेत मिलते हैं कि यह युद्ध उम्मीद से ज्यादा लंबा खिंच सकता है। वहीं अमेरिका- इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के निधन के बाद देश में शोक की लहर दौड़ गई है। सरकारी मीडिया ने जानकारी दी है कि मरहूम अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के शव को तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला में रखने की तैयारी चल रही है। ग्रैंड मोसल्ला एक बड़ा प्रार्थना स्थल है, जिसका इस्तेमाल शहर के सबसे खास सरकारी और धार्मिक आयोजनों के लिए होता है। यह मरहूम सुप्रीम लीडर के लिए आयोजित तीन दिन के विदाई समारोह का हिस्सा है। मोसल्ला में हजारों शोक मनाने वालों के इकट्ठा होने की उम्मीद है। इस विदाई समारोह के बाद अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## बिहार को मिलेगा नया सीएम नीतीश कुमार राज्यसभा जाएंगे



शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ राज्यसभा के लिए किया नामांकन पांच दशक बाद चौथे सदन पहुंचेंगे नीतीश**

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही अब नीतीश की राजनीतिक पारी में एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। वह अब अपने पांच दशक से ज्यादा लंबे चुनावी करियर में चौथे सदन के लिए दावेदार बन गए हैं।

नीतीश कुमार बिहार में बीते 21 साल से सत्ता का पर्याय बने हुए हैं। साल 2000 में भी नीतीश महज सात दिन के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे थे। वो वक्त हो या आज का वक्त नीतीश इन 25 वर्षों में कभी भी विधानसभा का चुनाव नहीं लड़े। हर बार विधान परिषद सदस्य के रूप में ही उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि नीतीश कुमार सिर्फ विधान परिषद तक ही सीमित रहे। उन्होंने अपने जीवनकाल में लोकसभा से लेकर विधानसभा तक के चुनाव लड़े और जीत हासिल की। इसके बाद ही वे विधान परिषद का हिस्सा बने। हालांकि, उनका यह सफर इतना भी आसान नहीं रहा है। नीतीश के विधानसभा चुनाव लड़ने की बात करें, तो वो साल 1977 था, जब नीतीश हरनौत विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे थे। पहले ही चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, समय के साथ नीतीश ने न सिर्फ चुनाव जीते, बल्कि हरनौत को अपना अभेद्य किला तक बना लिया। हालांकि, आगे के वर्षों में नीतीश बिना विधानसभा चुनाव लड़े ही मुख्यमंत्री का पद अपने पास रखा।

### 16वां रोज़ा

**अल्लाह पर ईमान और मगफिरत का रोशनदान है रोज़ा**

इबादत इमारत की तरह है, ईमान बुनियाद की मानिन्द है। इस्लाम मजहब अल्लाह पर ईमान लाना और अल्लाह के पैगंबर के अहकामे शरीअत को दिल से तस्लीम करना, दरअसल मगफिरत का सिलसिला मानता है। रोज़ा भी इसी की एक कड़ी है। चूंकि रमज़ानुल-मुबारक के बयान की यह तहरीर सोलहवें रोज़े तक अल्लाह की मेहरबानी से पहुंच गई है। लिहाज़ा रोज़े की फज़ीलत के मद्देनज़र यह नुमायां हो जाता है कि रोज़ा अल्लाह पर ईमान है और मगफिरत का रोशनदान है।

# सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं: मोदी

**पीएम बोले: इजरायल- ईरान जंग जल्द खत्म हो, मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की**

**प्रधानमंत्री ने कहा: भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा।

पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब बुधवार को चार दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। इस दौरे का उद्देश्य व्यापार, निवेश और उभरती प्रौद्योगिकियों सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना है। बैठक में दोनों देशों ने डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाने पर चर्चा की। मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 6जी टेलीकॉम, स्वच्छ ऊर्जा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे हाई-टेक क्षेत्रों में सहयोग से दोनों देश आगे बढ़ेंगे। भारत-यूरोपीय फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेगा। राष्ट्रपति स्टब ने आयरनमैन ट्रायथलान पूरा किया है, जो बेहद कठिन प्रतियोगिता मानी जाती है।

## अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर भारत ने जताई संवेदना

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली स्थित ईरान के दूतावास पहुंचकर ईरान के मारे गए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के प्रति शोक व्यक्त किया।

इस दौरान उन्होंने दूतावास में रखी शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर कर अपनी संवेदनाएं दर्ज कीं। विक्रम मिस्री ने खामेनेई के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए ईरान की सरकार और वहां के लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की। भारत ने इस कठिन समय में ईरान के साथ एकजुटता और सहानुभूति व्यक्त की है। इसके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ईरान के राजनयिक प्रतिनिधियों से मुलाकात कर भारत की ओर से शोक संदेश दर्ज कराया। उन्होंने खामेनेई के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईरान की सरकार और वहां के लोगों के प्रति सहानुभूति जताई। भारत लंबे समय से ईरान के साथ कूटनीतिक और आर्थिक संबंध बनाए हुए है। ऐसे में इस घटना के बाद भारत की प्रतिक्रिया को क्षेत्रीय कूटनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत ने इस संकट के बीच संतुलित और सावधानी भरा रुख अपनाया है।

## भारत-फिनलैंड ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दिया दर्जा

**नई दिल्ली।** भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने कहा है कि केवल सैन्य टकरावों से विवादों का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक सभी सैन्य टकरावों को जल्द रोकने पर भी जोर दिया है।

दोनों देशों ने कानून के शासन में विश्वास व्यक्त करते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद



संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। श्री मोदी ने कहा कि हम भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177




## बंगाल के राज्यपाल और लद्दाख एलजी का इस्तीफा

**■ ममता बोलीं: मुझे गृह मंत्री ने बताया आरएन रवि नए गवर्नर होंगे, ये केंद्र का एकतरफा फैसला**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव से एक महीने पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को बंगाल की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बोस ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया है। फिलहाल वे दिल्ली में मौजूद हैं।

उधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने अभी मुझे सूचित किया है कि आरएन रवि को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने मुझसे राय नहीं ली है। ये केंद्र का एकतरफा फैसला है। बोस 23 नवम्बर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे। वहीं, गुप्ता ने 18 जुलाई 2025 को कार्यभार संभाला था। बोस के कार्यकाल के दौरान कई बार ममता सरकार और राजभवन के बीच मतभेद भी सामने आए थे। विशेष रूप से विश्वविद्यालयों की नियुक्तियों, प्रशासनिक हस्तक्षेप और कुछ संवैधानिक मुद्दों को लेकर विवादों की खबरें आती रही हैं। राज्य की सीएम ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा कहा कि 'बोस के इस्तीफे की खबर अचानक आने से मैं हैरान हूं। अभी तक मुझे उनके इस्तीफे की असली वजह के बारे में जानकारी नहीं है।' उन्होंने ये भी कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुझे बताया है कि आरएन रवि को बंगाल का नया गवर्नर बनाया जा रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### ईरान में अमेरिका इजरायल हमलों फारूक चिंतित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष पर चिंता व्यक्त की है और गंभीर वैश्विक परिणामों की चेतावनी दी। अब्दुल्ला ने गुरुवार को रियासी जिले के कात्रा कस्बे में पत्रकारों से कहा कि अगर स्थिति को सावधानीपूर्वक नहीं संभाला गया, तो बढ़ते तनाव से एक व्यापक वैश्विक संघर्ष भी शुरू हो सकता है। उन्होंने केन्द्र सरकार से इस मामले पर अपना रुख स्पष्ट करने का आग्रह भी किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को इस मुद्दे पर अपना आधिकारिक रुख स्पष्ट करना चाहिए क्योंकि इसी तरह के हस्तक्षेप अन्य देशों में भी हो चुके हैं। वैश्विक स्तर पर वर्तमान संघर्ष के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और अगर तनाव बढ़ता रहा तो यह एक और विश्व युद्ध का कारण बन सकता है।

### होलिका भस्म की पूजा कर योगी ने मनाई होली

**गोरखपुर।** होली के पावन महापर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में होलि. का भस्म की पूजा कर होली मनाने का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाया और गुड़ खिलाकर गोसेवा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गोरक्षपीठाधीश्वर के संग जमकर रंगों और फूलों की होली खेली। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर परिसर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म की पूजा की और आरती उतारी, भस्म का तिलक लगाया।

# राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि हिंद महासागर में अमेरिकी हमले में ईरानी जहाज के डूबने की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की चुप्पी से साफ है कि देश के रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों की घोर उपेक्षा की जा रही है।

खड़गे ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान का जो जहाज टारपीडो की चपेट में आने से डूबा है यह जहाज बिना सैन्य साजो सामान के था और भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा 2026 से लौट रहा था। ईरानी नौसेना का जहाज ईरिस डेना भारत का आमंत्रित अतिथि था और यह विशाखापत्तनम में 15 से 26 फरवरी तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 2026 में शामिल हुआ था। इस आयोजन में 70 से ज्यादा देशों की नौसेनाएं शामिल हुई थीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि इस अतिथि के डूबने पर भारत की तरफ से कोई चिंता या संवे. दना व्यक्त नहीं की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप हैं। मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि जब आप अपने ही आंगन में हो रही घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकते हैं तो हमें महासागर सिद्धांतों और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के 'नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर' होने के सिद्धांतों पर उपदेश क्यों दे रहे हैं। उन्होंने इस घटना का विवरण देते हुए कहा कि होर्मुज की खाड़ी में 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज और 1100 नाविक फंसे हुए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है। मोदी कहते हैं कि कच्चे तेल और अन्य तेल का भंडार केवल 25 दिनों के लिए बचा है। तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, हमारी ऊर्जा संबंधी आपातक. ालीन योजना क्या है, खासकर भारत सरकार द्वारा रूसी तेल का आयात रो. कने की मांग को लगभग स्वीकार करने के बाद। खाड़ी देशों के साथ अन्य प्रमुख वस्तुओं के व्यापार का क्या होगा। उन्होंने सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए और कहा कि विदेश मंत्रालय के 3 मार्च के बयान के अनुसार कुछ भारतीय नागरिकों की जान चली गई है या वे लापता हैं।

# जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता अक्षम्य: योगी

## हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए

**गोरखपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जनता के साथ बुधवार दिनभर होली की खुशियां साझा करने के बाद गुरूवार को आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं को सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान तत्परता और संवेदनशील तरीके से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य होगी।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाक. ात करने के बाद कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीध्ति की समस्या का समाधान कराने के लिए दृध संकल्पित है। योगी ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए।

हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाध्ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

## आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री को कठघरे में खड़ा किया

# अमेरिका-ईरान युद्ध पर मोदी की चुप्पी खतरनाक संकेत

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ अमेरिका ने व्यापार समझौता के जरिये भारत को रूस से तेल नहीं लेने के लिए मना लिया: सिसोदिया

आम आदमी पार्टी ने अमे. रिका-ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यह देश के लिए खतरनाक संकेत है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने आज कहा कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी भारत के लिए खतरनाक संकेत है।

अमेरिका इस युद्ध की तैयारी कई महीने से कर रहा था। उसे पता था कि युद्ध शुरू होने के बाद तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है फिर भी अमेरिका ने व्यापार समझौता के जरिए भारत को रूस से तेल नहीं लेने के लिए मना लिया। ऐसे में देशवासी जानना चाहते हैं कि क्या अमेरिका ने हमारे प्रधानमंत्री को गुमराह किया या फिर खुद प्रधानमंत्री अमेरिका को खुश रखने के लिए भारत के हितों से समझौता किया? उन्होंने कहा कि आज एक भारतीय होने के नाते मन में कुछ बेहद गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

ठीक एक महीने पहले मोदी अमेरिका के साथ एक ट्रेड डील करते हैं। उस डील में अमेरिका की एक अहम शर्त मान ली जाती है कि भारत रूस से तेल आयात नहीं करेगा। हम रोघना इस्तेमाल होने वाले तेल का बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदते हैं इसलिए किसी एक या दो स्रोत को बंद कर देना सिर्फ एक कूटनीतिक फैसला नहीं होता। यह सीधे इस बात से जुध होता है कि देश में तेल की आपूर्ती स्थिर रहेगी या नहीं, कीमतें नियंत्रित रहेंगी या नहीं और संकट के समय देश के पास विकल्प बचेंगे या नहीं। इसी को ऊर्जा सुरक्षा कहा जाता है। आप नेता ने कहा कि इस फैसले के सिर्फ 20 दिन बाद अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध शुरू हो जाता है। खुद अमेरिका की सरकार कह रही है कि इस युद्ध की तैयारी कई महीनों से चल रही थी। मतलब उन्हें पहले से पता था कि युद्ध होने वाला है। उन्हें यह भी पता था कि इससे तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसके बावजूद भारत से रूस का तेल छोध्ने का फैसला करवा लिया गया। उन्होंने कहा कि कल अमेरिका ने इस युद्ध को लगभग भारत के दरवाजे तक ला खड़ा किया। 24 घंटे बीत गए, लेकिन प्रधानमंत्री के मुंह से एक शब्द तक नहीं निकला। यह चुप्पी सिर्फ चुप्पी नहीं है, बल्कि यह एक खतरनाक संकेत है। दुनिया में क्या संदेश जा रहा है कि भारत की सीमाओं के पास कोई भी आकर युद्ध कर सकता है और भारत का प्रधानमंत्री चुप बैठा रहेगा? यह सवाल उठना स्वाभाविक है। यह चुप्पी आखिर किसके हित में है? सिसोदिया ने कहा कि भारत के बुलावे पर 'मिलन युद्धाभ्यास 2026' में शामिल होने के लिए ईरान ने अपना जहाज भेजा था।

### दिल्ली सरकार को समस्याओं से कोई मतलब नहीं: आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने आरा. ेप लगाया कि दिल्ली की भाजपा सरकार को यहां की समस्याओं से कोई लेनादेना नहीं है बल्कि वह तो सिर्फ पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को गाली देने में व्यस्त है। सुश्री आतिशी ने एक्स पर गुरुवार को कहा कि दिल्ली की जनता प्रदूषण, गंदे पानी, टूटी सड़कों, कूड़े के पहाड़ और अस्पतालों में दवाइयों की कमी से जूझ रही है। लेकिन भाजपा सरकार को जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को ष्फांसी घरष पर सवाल पूछने के लिए बुलाया है। उन्होंने कहा कि हम भाजपा को चुनौती देते हैं। जैसे विधानसभा की कार्यवाही प्रसारित होती है ठीक उसी तरह इस विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही का भी सीधा प्रसारण कराइए। दिल्ली की जनता भी देखे कि कैसे उनके असली मुद्दों और परेशानियों से भागकर भाजपा सिर्फ अरविद केजरीवाल को गालियां देने में व्यस्त है।

# अंतर्राष्ट्रीय हालात पर केंद्र का मौन चिंताजनक: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमे. रिकी-इजराइली हमलों और उससे पैदा हुए अंतरराष्ट्रीय हालात को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इन हमलों का प्रभाव हिंद महासागर और भारत की सीमाओं के करीब तक पहुंचना देशवासियों के लिए चिंता का विषय है, लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने अभूतपूर्व चुप्पी साध रखी है।

यादव ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, स्पष्ट किया जाए कि इसे 'चुप्पी' माना जाए या किसी विशेष भय के कारण इसे 'घिग्घी बंधना' माना जाए। भाजपा सरकार की ऐसी क्या मजबूरी है कि उनके होंठ किसी ने सिल दिए हैं। जनता पूछ रही है कि आपका कौन सा पत्ता दबा है। उन्होंने कहा कि एक अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा होने के नाते ए देश की सरकार, विदेश मंत्रालय डिफेंस मिनिस्टरी का संयुक्त दायित्व बनता है कि उसे अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए, परंतु कई दिनों की प्रतीक्षा के बाद भी सरकार द्वारा मुंह न खोलने पर, इस वैश्विक मुद्दे पर विपक्ष को मजबूर होकर बोलना पड़ रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इस संकटकाल में सरकार आगे आए और देश की जल, थल, वायु सीमाओं की रक्षा सुनिश्चित करे। जो भाजपा सरकार कुछ कह भी नहीं रही है, वो करेगी क्या, ये सोचकर देशवासी परेशान हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80015.90 |
| निफ्टी | 24765.90 |
| सोना (प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)) | 166000 |
| चांदी रु. (प्रति किलो) | 287000 |

# गिरावट से उबरे शेयर बाजार सेंसेक्स 900 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई और बीएसई का सेंसेक्स 900 अंक की बढ़त में बंद हुआ।

सेंसेक्स सुबह 414 अंक की बढ़त में खुला था और लगभग पूरे दिन 300 से 400 अंक की तेजी में रहा। हालांकि आखिरी घंटे में लिवाली तेज होने से इसका ग्राफ सीधे ऊपर की ओर चढ़ा। अंत में सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले पिछले तीन कारोबारी दिवसों में बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, ऑटो, धातु, मीडिया, फार्मा, बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर तीन से चार प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। बीईएल, इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी और टाटा स्टील के शेयरों में दो से तीन प्रतिशत के बीच तेजी रही। बजाज फाइनेंस, सनफार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। टेक महिंद्रा का शेयर सवा फीसदी टूट गया। एचसीएल टेक्नोलोजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईसीआईसीआई के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### होली के बाद सोने चांदी में भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** होली की छुट्टियों के बाद सर्राफा बाजार खुलते ही बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा है। गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सुरक्षित निवेश माने जाने वाले इन कीमती धातुओं में अचानक आई इस नरमी ने बाजार का ध्यान खींचा है। नई दिल्ली के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत में 7,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के बाद 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,72,800 रुपये पर था। वहीं, चांदी की कीमतों में और भी बड़ा झटका लगा है, यह 27,700 रुपये या 9.23 प्रतिशत टूटकर 2,72,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई है। गौरतलब है कि मंगलवार और बुधवार को होली के कारण सर्राफा बाजार बंद थे। इस भारी गिरावट का सबसे बड़ा कारण हालिया तेजी के बाद निवेशकों द्वारा की गई तीव्र मुनाफावसूली है।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी महंगी, खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव टूट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी की कीमतों में तेजी देखी गई, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 170 रुपये टूटकर 3,863 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं का भाव भी 41 रुपये उतरकर 2,822 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा 26 रुपये सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में मिश्रित रुख रहा। उड़द दाल की औसत कीमत 146 रुपये गिर गई। तुअर दाल 125 रुपये और मूंग दाल 78 रुपये सस्ती हुई। चना दाल में 67 रुपये की गिरावट रही। मसूर दाल की कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 26 रिंगिट चढ़कर 4,205 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.85 प्रतिशत की बढ़त में 64.13 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल 121 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल 90 रुपये और वनस्पति 48 रुपये फिसल गया। सरसों तेल 126 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 20 रुपये और सूरजमुखी तेल 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 84 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वहीं, चीनी 36 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7746.99 रुपये, मसूर काली 8105.90 रुपये, मूंग दाल 10151.58 रुपये, उड़द दाल 10743.65 रुपये, तुअर दाल 11210.63 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2822.39 रुपये और चावल 3863.03 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3286. 06 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी. गुड़ : चीनी एस 4304.42 रुपये और गुड़ 4984.26 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मातुआ समुदाय के अधिकारों को छीनने की कोशिश: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार मातुआ समुदाय के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देगी और उनके अधिकारों को छीनने की कोशिशों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।

सुश्री बनर्जी ने मातुआ समुदाय की आध्यात्मिक नेता बीणापाणि देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए यह आश्वासन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार विशेष गहन पुनरीक्षण द्धएसआईआरत्रः के दौरान मतदाता सूची से नाम हटाकर मातुआ समुदाय के मतदाताओं के बीच भ्रम और असुरक्षा पैदा कर रही है। हाल ही में जारी अंतिम मतदाता सूची से करीब 63 लाख नाम हटाए जाने के आरोपों के बीच यह मुद्दा सामने आया है। उत्तर 24 परगना और नदिया जैसे जिलों में मातुआ समुदाय के कई लोगों के नाम प्रभावित होने की खबरें हैं। साथ ही कई नामों को ष्विचाराधीनष श्रेणी में भी रखा गया है, जिससे समुदाय के बीच नागरिकता को लेकर चिंता बढ़ गई है। सुश्री ममता बनर्जी ने कहा कि बड़ो मां ने जीवन भर इन आदर्शों को संजोए रखा और उनके नेतृत्व में मातुआ महासंघ सामाजिक समानता और भाईचारे का मजबूत स्तंभ बना। उन्होंने बड़ो मां के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें उनका मातृस्नेह प्राप्त हुआ, जो उनके जीवन का बड़ा आशीर्वाद है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बड़ो मां को उनके सामाजिक योगदान के लिए राज्य के सर्वोच्च सम्मान 'बंग विभूषण' से सम्मानित किया था। मुख्यमंत्री ने मातुआ महासंघ के सामाजिक सुधार में योगदान का उल्लेख करते हुए श्री हरिचंद ठाकुर और गुरुचंद ठाकुर की विरासत को याद किया। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के नेतृत्व में चला आंदोलन दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण रहा है।

# भारत वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर: जयंत चौधरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के तहत भारत विश्व की वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।


चौधरी ने गुरुवार को फिनलैंड सरकार के रोजगार मंत्री मटियास मार्टिनेन के साथ कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और कार्यबल गतिशीलता के क्षेत्रों में भारत और फिनलैंड के बीच सहयोग को मजबूत करने के अवसरों का पता लगाने के लिए द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने और कुशल कार्यबल की गतिशीलता के लिए मार्ग प्रशस्त करने हेतु संस्थानों, उद्योग और प्रशिक्षण प्रणालियों के बीच सहयोग को गहरा करने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के तहत, भारत विश्व की वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। भारत वैश्विक उद्योगों में कुशल प्रतिभाओं का योगदान देने के लिए अच्छी स्थिति में है। भारत की जनसांख्यिकीय शक्ति और फिनलैंड की तकनीकी एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता कौशल के क्षेत्र में एक स्वाभाविक साझेदारी का निर्माण करती है। हमारी चर्चा प्रशिक्षण तंत्रों के बीच व्यावहारिक सेतु बनाने, संस्थागत सहयोग को मजबूत करने व उच्च प्रशिक्षण और गतिशीलता मानकों को बनाए रखते हुए कुशल युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों तक पहुंच के मार्ग प्रशस्त करने पर केंद्रित थी। मार्टिनेन ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा और कार्यबल विकास के क्षेत्र में भारत के साथ बढ़ती साझेदारी को फिनलैंड महत्व देता है। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत और हमारे कार्यबल को मजबूत कर रहे उच्च कुशल भारतीय पेशेवरों के योगदान की हम तहे दिल से सराहना करते हैं। भारत का मजबूत कौशल विकास तंत्र और युवा प्रतिभा आगे सहयोग के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। अपने संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करके, हम नवाचार, कौशल विकास और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए कार्यबल संबंधी चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं। इस चर्चा में दोनों देशों के संस्थानों और उद्योग जगत के हितधारकों के बीच घनिष्ठ सहयोग की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया, ताकि कौशल मानकों को उभरती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सके। दोनों पक्षों ने व्यावसायिक योग्यताओं की सुगम मान्यता सुनिश्चित करने और कार्यबल की कमी का सामना कर रहे क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की आवाजाही को प्रोत्साहित करने वाले तंत्रों की खोज में रुचि व्यक्त की।

# नीतीश का कार्यकाल हमेशा याद रखा जाएगा: अमित शाह



**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार का कार्यकाल राज्य में विकास को गति देने और विभिन्न क्षेत्रों में उनके ऐतिहासिक कार्यों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। शाह ने गुरुवार को कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि पिछले 20 वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री के रूप में कुमार ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि 1990 से 2005 तक चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 'जंगल राज' से प्रदेश को बाहर निकालने का श्रेय कुमार को जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब श्री कुमार ने राज्य की बागडोर संभाली थी, तब सड़क, बिजली और कानून-व्यवस्था सहित लगभग सभी क्षेत्रों में पूरी तरह अव्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों के हित में अपनी ईमानदार कोशिशों और प्रतिबद्धता के कारण कुमार राज्य के सभी गांवों तक बिजली और सध्क पहुंचाने में सफल रहे। उनकी सरकार ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मूलभूत अवसंरचना में व्यापक सुधार किया। शाह ने कहा कि श्री कुमार जेपी आंदोलन की उपज हैं और वह वरिष्ठ नेता जयप्रकाश नारायण की विचारधारा के सच्चे अनुयाई साबित हुए। उन्होंने लंबे राजनीतिक जीवन में कभी अपने मूल सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री कुमार की छवि हमेशा

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि उत्तराखण्ड | उत्तराखंड 25 गौरव, विकास और संकल्प का पर्व



# 4 जन-जन की सरकार साल बेमिसाल

## उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर उत्तराखण्ड



"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

## शिलान्यास एवं लोकार्पण

**₹ 312.32 करोड़ की लागत से 19 परियोजनाओं का शिलान्यास** तथा **₹ 115.09 करोड़ की लागत से 32 परियोजनाओं का लोकार्पण**

### ऐतिहासिक निर्णयों से विकास को नई गति

- समान नागरिक संहिता - 2025
- सख्त नकल विरोधी कानून उत्तराखण्ड सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम- 2023
- सख्त भू-कानून 2025
- जबरन धर्मान्तरण की रोकथाम को राज्य सरकार द्वारा कठोर कानून
- नये आपराधिक कानूनों का क्रियान्वयन
- दंगा रोधी कानून "उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति क्षति वसूली अधिनियम- 2024
- उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, 2025
- अग्निवीरों को 10% क्षैतिज आरक्षण




### उत्कृष्ट प्रदर्शन, सशक्त पहचान

- एस0डी0जी0 में सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान
- भारत सरकार द्वारा जारी सार्वजनिक वित्तीय प्रदर्शन सूचकांक 2023-2024 में विशेष श्रेणी में दूसरा स्थान
- ईज आफ डूइंग बिजनेस में 'एचीवर्स श्रेणी'
- स्टार्ट-अप रैंकिंग 2022 में 'लीडर'
- Logistics Ease Across Different States में 'एचीवर्स श्रेणी'
- "India Innovation Index Report" के अनुसार राज्य को उत्तरपूर्वी तथा हिमालयी राज्य में दूसरी रैंक प्राप्त
- Distribution Utility Ranking-2025 में विशेष श्रेणी डिस्कॉम में प्रथम स्थान
- गत 04 वर्षों में लगातार उत्तराखण्ड को Most Film Friendly State राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त

देवभूमि
उत्तराखण्ड
आगमन पर

# श्री अमित शाह

मा. गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार

का

# हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

विकास भी विरासत भी

**मुख्य कार्यक्रम**

शनिवार, दिनांक: 07 मार्च 2026 । समय: प्रातः 10:00 बजे
स्थानः वैरागी कैम्प, हरिद्वार, उत्तराखण्ड

**इस अवसर पर आप सादर आमंत्रित हैं।**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के उत्तराखण्ड आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश "विकसित भारत @2047" के संकल्प को साकार करने हेतु निरंतर अग्रसर है। केंद्र सरकार के सहयोग से सीमांत विकास, अवसंरचना, पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं, जिससे उत्तराखण्ड सशक्त और आत्मनिर्भर बन रहा है। -पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# मार्च के प्रथम सप्ताह में प्रकृति में दिखने लगा रुखापन

- प्राकृतिक जल स्रोतों पर संकट, जंगलों में लग रही भीषण आग, तापमान में असामान्य वृद्धि से जंगल, खेत और जलस्रोत प्रभावित, लक्ष्मण सिंह नेगी,



ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग। मार्च माह के प्रथम सप्ताह में तापमान में अचानक हुई भारी वृद्धि से पहाड़ी क्षेत्रों की प्रकृति में रुखापन महसूस होने लगा है। सामान्यत: इस समय तक मौसम में हल्की ठंडक बनी रहती है, मगर इस वर्ष तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के कारण वातावरण में गर्मी का असर स्पष्ट दिखाई देने लगा है। इसका प्रभाव जंगलों, खेतों और प्राकृतिक जल स्रोतों पर भी पड़ने लगा है।

क्षेत्र के अनेक प्राकृतिक जल स्रोत, धाराएं और छोटे-छोटे गदेरे सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। कई स्थानों पर जल स्तर में काफी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल और पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिन जलस्रोतों से वर्ष भर पानी उपलब्ध रहता था, उनमें भी इस समय पानी का प्रवाह कम हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते वर्षा नहीं हुई तो आने वाले महीनों में जल संकट और गंभीर हो सकता है। खेतों में खड़ी फसलों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार तापमान में अचानक वृद्धि और वर्षा की कमी से मिट्टी की नमी तेजी से कम हो रही है, जिससे फसलों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है। वन क्षेत्रों में भी सूखे की स्थिति धीरे-धीरे बढ़ती दिखाई दे रही है। पेड़-पौधों की पत्तियाँ समय से पहले सूखने लगी हैं तथा कई स्थानों पर जंगलों में नमी कम होने से वनाग्नि का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों से मौसम के स्वरूप में लगातार बदलाव देखा जा रहा है, जो पर्यावरण के लिए चिंता का विषय है। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को भी इस स्थिति का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान का असामान्य उतार-चढ़ाव प्राकृतिक संतुलन को प्रभावित कर रहा है, जिसका सीधा असर जल स्रोतों और जैव विविधता पर पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पर्यावरण प्रेमियों ने सरकार तथा संबंधित विभागों से प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण, जल संचयन और वनीकरण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी उपाय नहीं किए गए तो भविष्य में जल संकट और भी विकराल रूप ले सकता है। वर्तमान परिस्थितियों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की दिशा में सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। तभी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सकेगा। पूर्व प्रधान प्रेमलता पंत ने बताया कि इस वर्ष मौसम के अनुकूल बर्फबारी व बारिश न होने से तापमान में भारी वृद्धि महसूस होने लगी है तथा प्राकृतिक जल स्रोतों के जल स्तर पर भारी गिरावट महसूस होने लगी है। क्षेत्र पंचायत सदस्य फलासी दिनेश नेगी का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण मार्च महीने में पारा चढ़ने लगा है तथा इस वर्ष मई-जून में पहाड़ों के तापमान भारी वृद्धि होने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# धधक उठे उत्तरकाशी के जंगल, चारों तरफ नजर आ रहा धुआं-धुआं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** जिले में गंगा घाटी से लेकर यमुना घाटी क्षेत्र तक जंगलों में लगी आग विकराल रूप लेती जा रही है। मार्च के प्रथम सप्ताह जिस तरह से कई वन क्षेत्रों में जंगल की आग बेकाबू हो चुकी है, जिससे पर्यावरण, वन संपदा और वन्य जीवों के जीवन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

जिला मुख्यालय से महज कुछ ही दूरी पर स्थित जंगलों में भी आग लगी है, जिसकी लपटें डरा रही है। वहीं, आग लगने से चारों धुआं फैलने से सांस लेना मुश्किल हो गया है। यमुना घाटी के अपर यमुना वन प्रभाग से लेकर टौंस, और गो. विंद वन्य जीव बिहार से लेकर धरासू बैंड के सामने और यमुनोत्री हाईवे पर फेडी, डुंडा , मुख्यम, बाडाहाट, टकनौर, रेंज के पास स्थित जंगलों में आग लगातार धधक रही है। आग के कारण पूरे क्षेत्र में चारों ओर धुएं का गुबार छाया हुआ है, जिससे दृश्यता का भी प्रभावित हो रही है। जंगलों में लगी आग से निकलने वाला धुआं आसपास के रिहायशी इलाकों तक फैल गया है, जिससे स्थानीय लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



जंगलों में फैली आग के आगे वन विभाग भी बेबस नजर आ रहा है। इस बार शीतकालीन सीजन में हिम पात और बारिश न होने से हिमालय क्षेत्र में इस बार सुखे की स्थिति बनी हुई है। जिस कारण भी के महिने की तपती गर्मी का एहसास मार्च के प्रथम सप्ताह हो रहा है । ऐसे में आने वाले समय में उत्तरकाशी के जंगलों में आग और अधिक विक. रारल रूप ले सकती है।

वहीं वन अग्नि नियंत्रण सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक उत्तरकाशी के जंगलों में इन दिनों दर्जनों रेंज क्षेत्रों में आग लगी है जहां वन विभाग की टीमें अलग-अलग हिस्सों में आग बुझाने की कोशिश में लगे हुए हैं।

# होली के दिन भी जारी रहा गेंवाली के ग्रामीणों का आन्दोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड भिलंगना के अंतर्गत ग्राम पंचायत गेंवाली के ग्रामीणों का लंबित सात सूत्रीय मांगों को लेकर संघर्ष होली के दिन भी जारी रहा। ग्रामीण होली के दिन भी आपस में होली खेलने के बाद शासन-प्रशासन के खिलाफ अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर डटे रहे।

गुरूवार को पूर्व प्रधान बचन सिंह रावत का आमरण अनशन 14 वें दिन भी जारी रहा। जबकि अन्य ग्रामीण क्रमिक अनशन पर बैठे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि तहसील बालगंगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गेंवाली, भिगुन क्षेत्र वर्ष 2024 और 2025 में दो बार भीषण दैवीय आपदा से प्रभावित हुआ था। इन आपदाओं के कारण गांव की सड़कें, विद्यालय, पेयजल लाइनें, कृषि भूमि और अन्य मूलभूत संसाधन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके बावजूद आज तक राहत और पुनर्वास से जुड़ी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग की मरम्मत, आपदा से प्रभावित विद्यालय भवन का निर्माण, बीएसएनएल टावर स्थापना, अधूरे पुल निर्माण को पूरा करना, 43 प्रभावित परिवारों का पुनर्वास, कृषि भूमि क्षति का मुआवजा और पेयजल लाइनों का पुनर्निर्माण शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिला प्रशासन के साथ पूर्व में कई बार लिखित, मौखिक और संयुक्त समझौते हुए, लेकिन राज्य सरकार और जिला प्रशासन की ओर से इन मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया। जिससे ग्रामीण स्वयं का ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इससे गांव के लोगों को लगातार आपातकालीन परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ रहा है। पूर्व प्रधान बचन सिंह रावत ने कहा कि यह आमरण अनशन ग्रामीणों की सातों मांगे पूरी होने तक अनवरत जारी रहेगा। कहा कि यदि जल्द ही प्रशासन की ओर से उनकी सुध नहीं ली गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# विकल्प अग्रवाल को किया सम्मानित

**लैंसडाउन।** आर्मी पब्लिक स्कूल, लैंसडाउन के छात्र मास्टर विकल्प अग्रवाल, कक्षा-छठी को अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 में छठवां स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, वीएसएम, कमांडेंट, गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर द्वारा 5 हजार रुपए की नकद राशि एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन ने छात्र की उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि विद्यालय के शैक्षिक स्तर एवं छात्र की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विकल्प को इसी प्रकार निरंतर प्रगति करते रहने तथा नई ऊँचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र सुंदरियाल, शिक्षिका संगीता धस्माना, छात्र विकल्प अग्रवाल एवं उनके सम्मानित माता-पिता भी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों के साथ मारपीट करने पर दो युवक गिरफ्तार

- सीसीटीवी कैमरों की नियमित संचालन और ओवर स्पीड पर कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर नगर क्षेत्र में होली के पर्व पर हुए मारपीट की घटना के बाद गुरुवार को स्थानीय लोगों, व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर कार्यालय व कोतवाली कीर्तिनगर में प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग उठाई।



व्यापारियों का आरोप है कि होली के दिन कीर्तिनगर बाजार चेक पोस्ट के समीप वाहनों को आगे पीछे करने पर कीर्तिनगर नैथाणा के कुछ युवकों ने कीर्तिनगर के व्यापारियों के साथ अभद्रता की, जिसके बाद बात कहासुनी और मारपीट में बदल गया। इस दौरान एक व्यापारी के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, वहीं दो घायल हुए। मारपीट पर कार्यवाही की मांग को लेकर गुरुवार को व्यापारियों ने बाजार बंद रखा व एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, नगर में सीसीटीवी कैमरों की नियमित संचालन, ओवर स्पीड समेत होली के दिन हुई मारपीट के दोषियों पर पुलिस कार्यवाही की मांग की। उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर मंजू राजपूत ने मांगे पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वा. सन दिया। इसके बाद व्यापारी कोतवाली कीर्तिनगर पहुंचे। यहां व्यापारियों ने होली के दिन पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात न होने, अराज. कता का माहौल बनने पर आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही मामले में संलिप्त सभी दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई। इधर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कीर्तिनगर संजय मिश्रा ने बताया कि मामले में 29 वर्षीय अजय सिंह पुत्र भरत सिंह ग्राम नैथाणा और 24 वर्षीय विशाल चौहान पुत्र मनोहर सिंह चौहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर दिया गया है।

## एक नजर .......

### गढ़वाल विवि में हिमाद्री नाट्य समारोह आठ मार्च से

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि एवं उत्त मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के संयुक्त तत्वधान में आठ मार्च से हिमाद्री नाट्य समारोह का आगाज होगी। पांच दिवसीय इस नाट्य समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों से टीमें प्रतिभाग करेंगी। गढ़वाल विवि के लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र के उप निदेशक डॉ. सुभाष पाण्डेय ने बताया कि 8 से 12 मार्च तक गढ़वाल विवि के लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र के प्रेक्षागृह में पांच दिवसीय हिमाद्री नाट्य समारोह आयोजित किया जायेगा। बताया कि पहले दिन एकलव्य ग्रुप देहरादून की टीम अखिलेश नारायण के निर्देशन एवं विकास बाहरी के द्वारा लिखित खिड़की नाटक का मंचन करेंगा। जबकि 9 मार्च को मार्तण्ड फांउडेशन उदयपुर के ग्रुप द्वारा विलास जानवे के निर्देशन में सिरफिरों का घर, 10 मार्च को मंथन आर्ट्स एंड थिएटर सोसाइटी चंडीगढ़ ग्रुप द्वारा हीरा सिंह के निर्देशन में माउस ट्रैप नाटक का मंचन किया जायेगा। 12 मार्च को अभिनय रंगमंच हिसार ग्रुप के द्वारा मनीष जोशी के निर्देशन में सतनाम वाहेगुरू नाटक का मंचन करेंगे।

### अलकनंदा नदी में नहाने उतरा बिहार मूल का निवासी बहा



**श्रीनगर।** होली खेलने के बाद नदी में उतरा एक युवक अलकनंदा नदी की तेज धारा बह गया। युवक का अभी तक कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कमलेश्वर के पास बने घाट के पास बुधवार को होली पर्व के अवसर पर अलकनंदी नदी में स्नान करते हुए युवक नदी में डुब गया। पुलिस उपाधीक्षक श्रीनगर अनुज कुमार ने बताया कि दोपहर करीब 3 बजे दीपक कुमार पुत्र शिव शंकर राम निवासी दिलही, दरभंगा बिहार कमलेश्वर घाट के पास अलकनंदा नदी में स्नान कर रहा था। इस दौरान अचानक गहरे पानी में जाने और अलकनंदा नदी के तेज बहाव के कारण वह नदी में डूब गया। बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया लेकिन कोई भी सुराग अभी तक नहीं लग पाया है। बताया कि युवक की खोजबीन के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

### वृद्ध आश्रम में पुलिस ने वृद्ध लोगों के साथ खेली होली

सतपुली । थाना सतपुली पुलिस द्वारा बुधवार को होली के पावन अवसर पर वृद्ध आश्रम मलेठी, सतपुली में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के बीच पहुंचकर आत्मीयता, सम्मान और स्नेह के साथ रंगोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस टीम ने प्रत्येक वृद्धजन से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर उनकी कुशलक्षेम जानी, उनके जीवन अनुभवों को सुना और रंग-गुलाल के माध्यम से अपनत्व का संदेश दिया। वरिष्ठ नागरिकों के चेहरों पर झलकती मुस्कान यह दर्शा रही थी कि सच्ची होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि रिश्तों, सम्मान और मानवीय जुड़ाव का पर्व है। पुलिस कर्मियों ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को आश्वस्त किया कि वे स्वयं को कभी अकेला न समझें, पुलिस परिवार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है और उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है।

# अधिवक्ता का डीएम को 72 घंटे का अल्टीमेटम

- अवैध ब्लासि्ंटग और डंपिंग पर किया प्रहार, रात में हो रही ब्लासि्ंटग पर रोक लगाने की मांग, कार्रवाई न होने पर एनजीटी जाने की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** रेल विकास निगम और मेघा कंपनी की ओर से कथित रूप से नियमों की अनदेखी कर किए जा रहे ब्लासि्ंटग और मलबा डंपिंग के मामले में अधिवक्ता विवेक कठैत ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग को शिकायती पत्र सौंपते हुए 72 घंटे के भीतर ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई नहीं हुई तो वह इस मामले को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में ले जाएंगे।

अधिवक्ता विवेक कठैत ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि रेल विकास निगम और मेघा कंपनी द्वारा रात के समय नियमों का उल्लंघन करते हुए ब्लासि्ंटग की जा रही है। उनका कहना है कि प्रशासन की ओर से ब्लासि्ंटग की अनुमति रात 9 बजे तक ही दी गई है, लेकिन इसके बावजूद कंपनियां रात 11 बजे से लेकर सुबह 3 बजे के बीच विस्फोट कर रही हैं। इससे आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों की नींद, सुरक्षा और शांति प्रभावित हो रही है।

कठैत ने प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट किया है कि यदि इस अवधि के भीतर सूर्यास्त (शाम 6 बजे) के बाद ब्लासि्ंटग की अनुमति निरस्त नहीं की जाती और नियमों का सख्ती से पालन नहीं कराया जाता, तो वे इस मामले को न्यायालय और एनजीटी में चुनौती देंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## रात्रि ब्लासि्ंटग से बढ़ा वन्यजीवों का खतरा

रुद्रप्रयाग। अधिवक्ता वीरेन्द्र कठैत के अनुसार रात में हो रहे विस्फोटों के कारण कई बार ग्रामीणों को सुरक्षा के लिए घरों से बाहर निकलना पड़ता है। ऐसे में क्षेत्र में बाघ और भालू जैसे जंगली जानवरों के हमले का खतरा भी बढ़ जाता है।

बॉक्स

## अवैध डंपिंग से जल स्रोत प्रदूषित

रुद्रप्रयाग। शिकायत में यह भी कहा गया है कि निर्माण कार्य से निकलने वाले मलबे को नदियों में फेंका जा रहा है, जो जल प्रदूषण निवारण अधिनियम 1974 का उल्लंघन है और इससे जल स्रोतों के प्रदूषित होने का खतरा बढ़ गया है।

## धूल से बढ़ रही सांस की बीमारियां

रुद्रप्रयाग। क्षेत्र में धूल नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण बुजुर्गों और बच्चों में सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। स्थानीय लोग लंबे समय से इस समस्या से परेशान हैं और कंपनी के साथ रेल विकास भी सोया हुआ है।

# टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, टिहरी में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी ।** टीएचडीसी द्वारा 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया, जिसकी थीम-"सुरक्षा बढ़ाने के लिए लोगों को जोड़ें, शिक्षित करें और सशक्त बनाएं" है । राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के आयोजन के अवसर पर मुख्य महाप्रबन्धक (टी.सी.) एम.के. सिंह द्वारा सुरक्षा झण्डे का झण्डारोहण किया गया तथा सभी कार्मिकों को सुरक्षा सप्ताह की शपथ दिलाई गई एवं साथ ही सभी कार्मिकों को सुरक्षा बैचों का वितरण भी किया गया। मुख्य महाप्रबन्धक (टी.सी.) एम. के. सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह सप्ताह हमें अपने कार्यस्थल तथा दैनिक जीवन में सुरक्षा के महत्व को समझने और उसे अपनाने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष का विषय "सुरक्षा बढ़ाने के लिए लोगों को जोड़ें, शिक्षित करें और सशक्त बनाएं" हमें यह संदेश देता है कि सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी संस्थान की प्रगति तभी संभव है जब वहाँ कार्य करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक (सुरक्षा) बी. डी. सेमवाल, अपर महाप्रबंधक (ओ.एंड एम.) भगत सिंह, अपर महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) आनन्द बाजपेई, अपर महाप्रबंधक (नियोजन) विपिन सकलानी, अपर महाप्रबंधक (पी.एस.डी. यातायात) संजय पंवार, उप महाप्र. बंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) मोहन सिंह श्रीस्वाल, उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) हरीश भट्ट, उप महाप्रबंधक अशोक कुमार, प्रबंधक मनबीर सिंह नेगी, उप प्रबन्धक पुरुषोत्तम सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# होली के रंग में रंगा उत्तरकाशी ए राशो तांदी गीतों पर झूमे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिला मुख्यालय से लेकर सूदूरवर्ती क्षेत्रों के गांव तक होली की धूम रही है। इस होली के त्योहार में सियासी रंग भी खूब चढ़ा आगामी वर्ष होने जा रहे विधानसभा चुनाव के संभावित दावेदारों ने भी होली मिलन समारोह के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

होली के गीतों के साथ नगर में यात्रा निकाली और उसके बाद नगरवासियों ने बसंत ऋतु मा हो होरी ऐगीण्ण्ण् सहित कई गीतों पर जमकर झूमे। वहीं रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर उत्तरकाशी मुख्यालय स्थित पूर्व विधायक विजयपाल सिंह सजवाण के आवास पर भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुदूर क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक पहुंचेए वहीं शहर के गणमान्य नागरिकों का सुबह से ही उनके आवास पर तांता लगा रहा।

होली मिलन कार्यक्रम में आमजनए पार्टी कार्यकर्ताए सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न कर्मचारी संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पूरा वातावरण रंगए उमंग और पारस्परिक सौहार्द से सराबोर रहा। पारंपरिक गीत.संगीत और गुलाल के बीच सभी ने आपसी भाईचारे के साथ होली का उत्सव मनाया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक विजयपाल सिंह सजवाण ने आवास पर पधारे सभी अतिथियों का आत्मीय अभिवादन किया तथा प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

वहीं यमुनोत्री विधानसभा में भी भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण को विभिन्न क्षेत्रों में होली मिलन समारोह में आमंत्रित किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों का हूजुम उमड़ पड़ा। इस दौरान उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहींए बल्कि समानताए सम्मान और समरसता का पावन संदेश है। यह दिन हमें भेदभावए अहंकार और वैमनस्य को जलाकर प्रेमए करुणा और अपनत्व को अपनाने की प्रेरणा देता हैए जिसे हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।वहीं दूर दराज गांव.गांव में लोगों ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया। साथ ही रसौं.नृत्य और डीजे की धून पर जमकर थिरक कर एक दूसरे को होली की बधाई दी। होली में गुझिया और मिठाइयां के स्वाद ने त्योहर को और भी खूबसूरत बना दिया।

# सड़क दुघर्टना में हुई शिक्षक नेत्रपाल सिंह की मृत्यु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** जनपद बिजनौर के नजीबाबाद क्षेत्र में होली के दिन एक भीषण सड़क हादसे में 52 वर्षीय शिक्षक नेत्रपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। शिक्षक सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

उनकी मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई । शिक्षक नेत्रपाल सिंह राजकीय इंटर कॉलेज, कोटद्वार में प्रवक्ता हिंदी के पद पर तैनात थे और सत्यविहार कॉलोनी नजीबाबाद में रहते थे। शिक्षक नेत्रपाल सिंह के निधन पर विभिन्न शिक्षक संगठनों ने दु:ख जताकर शोक व्यक्त किया। राजकीय शिक्षक संघ के मंडल मंत्री मनमोहन चौहान ने उनके निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए बताया कि शिक्षक नेत्रपाल सिंह का निधन सम्पूर्ण शिक्षक समाज सहित उनके विद्यालय के लिए क्षति है। शोक सभा में राजकीय शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष जयदीप रावत, मंडल मंत्री मनमोहन चौहान, जिला अध्यक्ष भवान नेगी, जिला मंत्री बिजेंद्र बिष्ट, ब्लॉक मंत्री दुगड्डा संजय रावत, प्रधानाचार्य नागेंद्र चौहान, डॉ पदमेश बुडाकोटी,अनूप नेगी, मुकेश रावत, दीपक नौटियाल, डबल सिंह रावत, सिताँशु कुकशाल, उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री डॉ महावीर सिंह बिष्ट, प्रांतीय प्रवक्ता कैलाश थपलियाल, जिलाध्यक्ष भारत बिष्ट, जिला मंत्री संदीप रावत, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला कोटद्वार शाखा अध्यक्ष मुकेश रावत, गढ़वाल मंडल अध्यक्ष हर्षमोहन नेगी आदि शामिल थे।

# विभिन्न मांगों को लेकर छटे दिन भी धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी बांध से प्राप्त होने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी को टिहरी जिले के विकास कार्यों पर खर्च करने और बांध विस्थापितों व प्रभावितों को निश्शुल्क बिजली उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आंदोलन छठवें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी होली के दिन में धरना प्रदर्शन पर डटे रहे।

आंदोलनकारी सागर भंडारी के नेतृत्व में टिहरी बांध विस्थापित व प्रभावित लोगों ने गणेश चौक पर धरना प्रदर्शन गुरूवार को भी जारी रहा। धरने पर बैठे लोगों ने सरकार और टीएचडीसी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। धरनास्थल पर वक्ताओं ने कहा कि हनुमंत राव कमेटी की सिफारिशों के अनुसार बांध विस्थापितों व प्रभावितों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराया जाना थाए लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आरोप लगाया कि सरकार और टीएचडीसी मिलकर विस्थापितों की अनदेखी कर रही हैं।

आंदोलनकारियों का कहना है कि बांध से मिलने वाली रायल्टी का लाभ टिहरी जिले को मिलना चाहिएए न कि अन्य राज्यों में खर्च किया जाए। उन्होंने मांग की है कि रायल्टी से सबसे पहले टिहरी के लोगों को मुफ्त बिजली.पानी दिया जाए और शेष धनराशि शिक्षाए स्वास्थ्यए रोजगार और अन्य विकास कार्यों पर खर्च की जाए। आंदोलनकारियों ने कहा कि यदि शीघ्र उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो व्यापक जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। धरने में अजय पंवारए अनुसूया प्रसाद नौटियालए विकास पंवारए प्रताप सिंह नेगीए गंगा भगत सिंह नेगीए देवांक चमोलीए रुकमा परमारए अशरफी चमोलीए भगवानदेई तोपवालए संगीता नेगीए विनीता भंडारी आदि मौजूद रहे।

बौराड़ी के गणेश चौक पर मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते टिहरी बांध विस्थापित।

साभाररू सागर भंडारीनई टिहरी। टिहरी बांध से प्राप्त होने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी को टिहरी जिले के विकास कार्यों पर खर्च करने और बांध विस्थापितों व प्रभावितों को निश्शुल्क बिजली उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आंदोलन छठवें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी होली के दिन में धरना प्रदर्शन पर डटे रहे।

आंदोलनकारी सागर भंडारी के नेतृत्व में टिहरी बांध विस्थापित व प्रभावित लोगों ने गणेश चौक पर धरना प्रदर्शन गुरूवार को भी जारी रहा। धरने में अजय पंवारए अनुसूया प्रसाद नौटियालए विकास पंवारए प्रताप सिंह नेगीए गंगा भगत सिंह नेगीए देवांक चमोलीए रुकमा परमारए अशरफी चमोलीए भगवानदेई तोपवालए संगीता नेगीए विनीता भंडारी आदि मौजूद रहे।

# अमित शाह 7 मार्च को हरिद्वार में विकास एवं न्याय संहिता प्रदर्शनी का करेंगे अवलोकन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आगामी 7 मार्च को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में आयोजित विभिन्न प्रदर्शनों का अवलोकन करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी , राज्य सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में बीते चार वर्षों के दौरान उत्तराखंड में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा लिए गए महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णयों पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इस प्रदर्शनी में राज्य सरकार द्वारा बुनियादी ढाँचे के विकास, सड़क एवं संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, निवेश प्रोत्साहन, पर्यटन विकास, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा।

प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य में सुशासन, पारदर्शिता तथा नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों को भी रेखांकित किया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा तैयार किए गए दृश्य प्रदर्शनों, चित्रों, मॉडल तथा जानकारीपूर्ण पैनलों के माध्यम से बीते वर्षों में राज्य में हुए परिवर्तन और विकास की झलक प्रस्तुत की जाएगी, जिससे आमजन उत्तराखंड की विकास यात्रा को निकट से समझ सकेंगे।

इसी क्रम में 7 से 9 मार्च तक "न्याय संहिता" विषय पर राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन भी बैरागी कैम्प में किया जा रहा है।



**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह जनसभा को भी करेंगे संबोधित,प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री धामी के 4 वर्षों के विकास कार्यों जनकल्याणकारी योजनाओं व फैसलों की दिखेगी ऐतिहासिक झलक**

यह प्रदर्शनी भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। नई न्याय संहिताएँ देश की आपराधिक न्याय व्यवस्था में व्यापक एवं ऐतिहासिक परिवर्तन लेकर आई हैं। इनका उद्देश्य औपनिवेशिक प्रावधानों को समाप्त कर नागरिक केंद्रित, पारदर्शी, उत्तरदायी तथा तकनीक समर्थ न्याय प्रणाली स्थापित करना है। "दंड से न्याय" की अवधारणा के अंतर्गत पीड़ितों के अधिकारों की सुरक्षा, महिलाओं एवं बच्चों की गरिमा की रक्षा तथा वैज्ञानिक एवं समयबद्ध अन्वेषण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

प्रदर्शनी में नई न्याय संहिताओं की प्रमुख विशेषताओं को सरल और प्रभावी माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें समयबद्ध जांच एवं आरोप-पत्र की अनिवार्यता, शून्य प्राथमिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक प्राथमिकी की व्यवस्था, सात वर्ष से अधिक दंडनीय अपराधों में अनिवार्य विधि-विज्ञान जांच, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल साक्ष्यों की वैधता, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों के लिए सशक्त प्रावधान, संगठित अपराध, साइबर अपराध एवं आतंकवाद से संबंधित स्पष्ट दंड प्रावधान, पीड़ित प्रतिकर योजना तथा संपत्ति की शीघ्र वापसी की व्यवस्था को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

प्रदर्शनी के दौरान नाट्य प्रस्तुतियों, मॉडल प्रकरण अध्ययन, डिजिटल प्रदर्शन तथा जनसंवाद सत्रों के माध्यम से त्वरित न्याय, वैज्ञानिक जांच तथा नागरिक सुविधा की अवधारणा को सरल और प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। यह आयोजन उत्तराखंड सरकार की विकास यात्रा, सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता तथा राज्य को प्रगतिशील और समृद्ध बनाने के प्रयासों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

## रुड़की के सेंट्रल गोदाम पर छापेमारी, नौनिहालों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ पर भड़के जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और धात्री महिलाओं को वितरित होने वाले राशन की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों पर डीएम देहरादून सविन बंसल ने कड़ा प्रहार किया है। डीएम ने स्वयं रुड़की स्थित माडी चौक पर गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के मुख्य आपूर्ति केंद्र (सेंट्रल गोदाम) पर छापेमारी की, जिससे वहां मौजूद अधिकारियों और ठेकेदारों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में भारी अनियमितताएं और गंभीर लापरवाही के मामले सामने आए, जिस पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

गोदाम में छानबीन के दौरान जिलाधिकारी तब दंग रह गए जब वहां मासूम बाल श्रमिक काम करते हुए मिले। इस गंभीर अपराध पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने गोदाम स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में भी भारी खेल पाया गया। खजूर और केले के चिप्स जैसे पैकेटों पर छपी हुई मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी तिथि के स्थान पर हाथ से स्टैंप लगाई गई थी, जो बड़े फर्जीवाड़े की ओर इशारा कर रही है। कई पैकेटों पर तो तिथि का उल्लेख तक नहीं मिला।जांच में यह भी खुलासा हुआ कि दिसंबर और जनवरी के पुराने अंडे और अन्य खाद्य सामग्री मार्च के महीने में वितरित की जा रही थी। डीएम ने मौके पर ही टिहरी, उत्तरकाशी और डोईवाला के लिए राशन लेकर रवाना हो रहे वाहनों को रुकवाकर सैंपलिंग करवाई। इस दौरान एसडीएम सदर हरी गिरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास जितेंद्र कुमार सहित राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

## गांधीग्राम में फलों की बिक्री को लेकर भिड़े दो पक्ष

**देहरादून।राजधानी** के कोतवाली नगर अंतर्गत गांधीग्राम क्षेत्र में बुधवार शाम फलों की बिक्री को लेकर उपजा विवाद देखते ही देखते गरमा गया। अलग-अलग समुदाय से जुड़े होने के कारण मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और तनाव की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि, सूचना मिलते ही पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को बिगड़ने से पहले ही संभाल लिया। पुलिस ने इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, लक्ष्मण चौक चौकी पुलिस को सूचना मिली कि गांधीग्राम इलाके में फलों की बिक्री के दौरान दो पक्षों में कहासुनी हो गई। छोटी सी बात से शुरू हुआ यह झगड़ा गाली-गलौज और हाथापाई तक पहुंच गया। क्योंकि मामला दो अलग समुदायों के बीच था, इसलिए देखते ही देखते दोनों पक्षों के काफी लोग मौके पर एकत्र हो गए, जिससे माहौल संवेदनशील हो गया।

## सीएम ने विकास योजनाओं के लिए दी 171 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण, विद्युत परियोजनाओं के सुदृढ़ीकरण, सिटी सेंटर चंपावत के निर्माण, अतिथि गृह भवनों के पुनर्निर्माण, यातायात व्यवस्था आदि को सुचारू बनाए जाने के लिए 171 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर के विकासखण्ड बागेश्वर में सातरतवे से सिगी नरगोल होते हुए गिरेछीना मिलान मोटर मार्ग के निर्माण के लिए 3.35 करोड़, जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ में कालीमठ-कोटमा-जाल-चौमासी मोटर मार्ग के सुधारीकरण कार्य के लिए 3.75 करोड़ तथा जनपद पौडी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र लैन्सडाऊन के विकासखण्ड रिखणीखाल के अन्तर्गत

**प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में विकास कार्यों को मिलेगी गति**

कोटडीसैण के समीप ग्राम पैयागढ़ी रजबौ मल्ला दियोड मोटर मार्ग के निर्माण के लिए 4.27 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री ने जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट में किमतोली से रौशाल मोटर मार्ग में हॉटमिक्स कार्य के लिए कुल रु 12.15 करोड के साथ ही रोडवेज स्टेशन चम्पावत में आधुनिक सुसज्जित स्टोरी पार्किंग व शॉपिंग कॉम्पलेक्स (सिटी सेंटर चम्पावत) के निर्माण के लिए 62.33 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान सं० 21 के अन्तर्गत कुल रु 50.25 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन उत्तराखण्ड सदन, नई दिल्ली के द्वितीय तल पर स्थापित 12 कक्षों के रेनोवेशन (सिविल एवं विद्युत कार्य) के लिए कुल 1.60 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा देहरादून शहर की यातायात एवं ट्रैफिक की समस्या के निदान के सम्बन्ध में विभिन्न 06 कार्यों के लिए 33.45 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

### 5वें डिजिटल एम्पावरमेंट मीट एवं अवाड्र्स-उत्तराखण्ड चैप्टर के आयोजन को मंजूरी

मुख्यमंत्री धामी द्वारा मै0 एडवोकेटिंग प्रोग्रेसिव एक्शन फॉर चेंज डिजिटल इनोवेशन न्यूज नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा, द्वारा माह मार्च, 2026 (प्रस्तावित तिथियां 23 एवं 24 मार्च 2026) में देहरादून, उत्तराखण्ड में उत्तराखण्ड डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू एआई-विकसित भारत, 2047 की ओर विषय पर 5वें डिजिटल एम्पावरमेंट मीट एवं अवाड्र्स-उत्तराखण्ड चैप्टर के आयोजन किये जाने के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने किया लोकतंत्र सेनानी सम्मान पेंशन अनुमन्य किये जाने की स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा श्रीमती सुमन जैन पत्नी स्व० महावीर प्रसाद, निवासी-डी-19, मॉडल कॉलोनी, रूद्रपुर, जिला ऊधम सिंह नगर को दिनांक 27.06.2025 से 20 हजार प्रतिमाह लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि अनुमन्य किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने किया शहीदों नाम पर मोटर मार्ग किये जाने का अनुमोदन

मुख्यमंत्री धामी ने जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र द्वाराहाट के अन्तर्गत विकासखण्ड चौखुटिया में कुनीगाड-हिरुली बाजार से रामपुर-चौखुटिया गोटर मार्ग (लं० 4.00 किमी) का नाम शहीद सूबेदार भवानी दत्त जोशी (सेना मेडल) मोटर मार्ग, जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र थराली में विकासखण्ड देवाल के अन्तर्गत ल्वाणी सुया मोटर मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 श्री खीम सिंह के नाम, विधानसभा क्षेत्र बद्रीनाथ के विकासखण्ड दशोली के गोपेश्वर मंडल से ग्राम ग्वाड तक मोटर मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 श्री मेहरबान सिंह रावत के नाम तथा विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के नैनीसैंड-कालूसैण-आमसौंड (सेरागाड) मोटर मार्ग का नाम उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी स्व0 श्री तुलाराम थपलियाल रखे जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

## एक नजर .......

### हर्षोल्लास के साथ मना रंगों का पर्व, दून पुलिस की मुस्तैदी ने जीता शहर का दिल

**देहरादून।** राजधानी में होली का त्योहार पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। रंगों के इस उत्सव में कहीं खलल न पड़े, इसके लिए दून पुलिस ने सुरक्षा के अभेद्य इंतजाम किए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परम. ेंद्र डोभाल के निर्देशों पर जनपद के चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद पुलिस बल के कारण पूरा उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।एसएसपी ने पहले ही सभी अधीनस्थ अधिकारियों को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया था कि आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इसके अनुपालन में पुलिस की टीमें गलियों से लेकर मुख्य चौराहों तक तैनात रहीं।पुलिस की सक्रियता का ही परिणाम रहा कि जनपद के किसी भी हिस्से से किसी अप्रिय घटना या बड़े हुड़दंग की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। पुलिस की इस तत्परता और बेहतर प्रबंधन की स्थानीय नागरिकों और संभ्रांत व्यक्तियों ने सराहना की है। लोगों ने सुरक्षित माहौल में त्योहार मनाने के लिए पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### निरंजनपुर मंडी में भीषण आग का तांडव, तीन आढ़तें जलकर खाक

**देहरादून।** राजधानी की निरंजनपुर फल एवं सब्जी मंडी में गुरुवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते तीन आढ़तों को अपनी चपेट में ले लिया। इस अग्निकांड में व्यापारियों के लाखों रुपये के नारियल और अन्य फल जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि पुलिस की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।जानकारी के अनुसार, दोपहर मंडी परिसर में स्थित आढ़तों में अचानक चिंगारियां उठीं और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी भयंकर थी कि आसपास की दो अन्य आढ़तों को भी अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।आग की चपेट में आने से इन आढ़तों में रखा कीमती स्टॉक पूरी तरह जल गया। बताया जा रहा है कि लगभग 300 बोरी नारियल के साथ-साथ भारी मात्रा में रखे केला, सेब, अंगूर, कीनू और अनार जलकर राख हो गए। फल जलने के साथ ही आढ़तों के ढांचे को भी गंभीर क्षति पहुंची है।सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मोर्चा संभाला।

### चाय सुट्टा बार के बाहर गुंडागर्दी करने वाले पुलिस के चढ़े हत्थे

**महिला मित्र को साथ घुमाने से नाराज युवकों ने की थी मारपीट, एसएसपी की सख्ती के बाद गिरफ्तारी**

**देहरादून।** राजधानी की सड़कों पर हुड़दंग और मारपीट करने वालों के खिलाफ एसएसपी देहरादून के सख्त रुख के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। क्लेमेंटाउन थाना क्षेत्र स्थित श्चाय सुट्टा बारश के बाहर गाली-गलौज और मारपीट करने वाले दो मुख्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी सक्षम व साहिल उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर और नोएडा के रहने वाले हैं।28 जनवरी 2026 को वादी हिमांशु नेगी ने क्लेमेंटाउन थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि साहिल, सक्षम और उनके तीन अन्य साथियों ने कैफे के बाहर उनके साथ न केवल बदतमीजी और गाली-गलौज की, बल्कि जानलेवा हमला कर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था।पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। आरोपियों ने बताया कि हिमांशु नेगी उनकी एक महिला मित्र को अपने साथ घुमाने ले जाता था। इसी बात से नाराज होकर उन्होंने हिमांशु को श्सबक सिखानेश की योजना बनाई और मौका पाकर कैफे के बाहर उस पर हमला कर दिया।पुलिस की कार्रवाई।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

## होली के दौरान दिन भर दौडी कैम्प आपातकालीन 108 एंबुलेंस

**अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक फोन आए**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** होली पर लोगो ने खूब अबीर-गुलाल उड़ाया और कईयो ने हुड़दंग भी मचाया। इस बात की पुष्टि आपातकालीनसेवा 108 के कालसेंटर को मिली फोन काल से होती है। अन्य दिनों की तुलना मे ब्रहस्पतिवार व शुक्रवार को कही ज्यादा लोगो ने आपातकालीन सहायता के लिए टोलफ्री नंबर 108 को फोन किया।

जिस कारण 108 एंबुलेंस सुबह से रात तक दौड़ती रही। इन तीन दिनो में 1229 लोगों को सहायता प्रदान की गई। इनमे भी सबसे ज्यादा



मामले सड़क दुर्घटना के थे। जहा आम दिनो में 108 कालसेंटर मे अमूमन प्रतिदिन 15 से 20 मामले ही सड़क दुघर्टना के आते है वहीं होली के दिन 165 मामले दर्ज किए गए।

कैम्प आपातकालीनसेवा 108 के महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट्स) अनिल शर्मा ने बताया कि होली के दिन प्रदेशभर से सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक लोगों ने आपातकालीन सहायता के लिए फोन किया। होली व इससे एक दिन पूर्व प्रसव संबंधी 292, सड़कदुघर्टना के 165, हृदय रोग से संबंधित 66 और अन्य स्वास्थ्य समस्या से संबंधित 706 मामले थे।

उन्होंने बताया कि होली के दिन पुलिस से संबंधित 165 मामले भी आए, जिन्हे पुलिस कंट्रोल रूम को हस्तांतरित किया गया। अकेले देहरादून जनपद मे कैम्प आपातकालीन सेवा 108 एंबुलेंस के माध्यम से 224 लोगों को सहायता पहुंचाई गई। जिसमे प्रसव से संबंधित 58, सड़क दुर्धटना के 36, हृदय रोग से संबंधित 12 व 118 अन्य मामले शामिल रहे।

**होली के दौरान कई स्थानो पर हुड़दंग हुआ।**

सड़क दुघर्टना के सबसे अधिक मामले आए।जनपद देहरादून मे आपातकालीनसेवा 108 एंम्बुलेंस के माध्यम से 224 लोगों को पहुंचाई गई सहायता।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में व्यय-वित्त समिति की बैठक

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में व्यय-वित्त समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के विभिन्न जनपदों से संबंधित महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं पर विचार करते हुए उन्हें अनुमोदन प्रदान किया गया।मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन व्यवहारिक, मितव्ययी, पारदर्शी तथा गुणवत्ता-परक तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं के कार्य निर्धारित समयसीमा में तेजी से पूर्ण किए जाएं।उन्होंने परियोजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान पारिस्थितिकी संतुलन का विशेष ध्यान रखने तथा योजनाओं को दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ (सस्टेनेबल) बनाने के उद्देश्य से कार्य करने के निर्देश भी दिए।

## जोशी ने की शाह के हरिद्वार में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को अपने कैंप कार्यालय में आगामी 07 मार्च को हरिद्वार में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित 'चार साल बेमिसाल' महारैली कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रैली की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह महारैली प्रदेश सरकार के चार वर्ष के विकास कार्यों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का



महत्वपूर्ण अवसर है, इसलिए सभी कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ कार्यक्रम की तैयारियों में जुटें। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों के साथ आगामी प्रस्तावित कार्यक्रमों तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश मंत्री भाजपा नेहा जोशी, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## टेक्सेला व जीआरडी ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सरदार राजा सिंह ओबराय का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** प्रतिष्ठित टेलीविजन ब्रांड टेक्सला टीवी के संस्थापक महान उद्यमी राजा सिंह का 28 फरवरी को लुधियाना में निधन हो गया। एक शरणार्थी बच्चे से भारत के सबसे प्रभावशाली इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं में से एक बनने तक की उनकी यात्रा दृढ़ संकल्प और उद्यमशीलता की एक प्रेरक कहानी है।

1980 और 1990 के दशक में केबल टेलीविजन बूम के दौरान, टेक्सला भारत के सबसे पहचानने योग्य टेलीविजन ब्रांडों में से एक बन गया। कंपनी के किफायती टीवी सेटों ने देश भर में मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए टेलीविजन को सुलभ बना दिया, खासकर दिल्ली और पंजाब राज्य में।

राजा सिंह का जन्म 19 फरवरी, 1936 को रावलपिंडी के पास



मीरपुर के हिलन गाँव में हुआ था, जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। उनका बचपन भारत के बंटवारे से बहुत प्रभावित हुआ, जिसकी वजह से उनके परिवार को तब भारत आना पड़ा जब वे सिर्फ 11 साल के थे।दिल्ली में बसने के बाद, उन्होंने एक सब्जी बेचने वाले के यहाँ मजदूर के तौर पर काम करना शुरू कर दिया। औपचारिक शिक्षा न मिलने के बावजूद, उनमें एक मजबूत उद्यमी भावना थी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर परेड ग्राउंड में मचेगी खेल धूम

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आगामी 8 मार्च को राजधानी के परेड ग्राउंड में महिला शक्ति और खेल भावना का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। युवा मामलों एवं खेल मंत्रालय की इकाई श्माय भारतश देहरादून और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के संयुक्त तत्वावधान में महिला एथलेटिक्स एवं फन एक्टिविटी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगा।इस प्रतियोगिता को तीन आयु वर्गों में विभाजित किया गया है, जिसमें 13 वर्ष तक, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएं व बालिकाएं प्रतिभाग कर सकेंगी। प्रत्येक आयु वर्ग के लिए 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़ आयोजित की जाएगी।

## यूपीईएस की बड़ी पहल: 'एक हजार महिलाएं 1000 सपने' योजना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** यूपीईएस ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर महिलाओं के लिए बड़ी पहल की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने '1000 महिलाएंख्र1000 सपने' योजना शुरू करते हुए देशभर की 1000 महिलाओं को ऑनलाइन एमबीए पाठ्यक्रम के लिए पूर्णत: शुल्क-मुक्त छात्रवृत्ति देने का ऐलान किया है।

इस योजना के तहत दी जाने वाली 1000 छात्रवृत्तियों को तीन प्रमुख वर्गों में बांटा गया है। सशस्त्र बलों से जुड़े परिवारों की महिलाओं के लिए 300 छात्रवृत्तियां आरक्षित की गई हैं, जिनमें सेना, नौसेना और वायुसेना की महिला कर्मियों के साथ-साथ सेवा में कार्यरत या सेवानिवृत्त जवानों की पत्नियां और बेटियां भी शामिल होंगी।

इसके अलावा प्रौद्योगिकी और नवउद्यम क्षेत्र में काम कर रही या नया उद्यम शुरू करने वाली महिलाओं के लिए 250 छात्रवृत्तियां

**एक हजार महिलाओं को दी जाएगी नि:शुल्क ऑनलाइन एमबीए छात्रवृत्ति**

तय की गई हैं। शेष 450 छात्रवृत्तियां देशभर की पात्र महिलाओं के लिए खुली रहेंगी, जिनमें विश्वविद्यालय की महिला कर्मचारी भी आवेदन कर सकेंगी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुनील राय ने कहा कि हर महिला को नेतृत्व तक पहुंचने के लिए अवसर मिलना चाहिए। इस योजना के जरिए शिक्षा की लागत को महिलाओं की प्रगति में बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को प्रबंधन क्षमता, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल से सशक्त बनाना है, ताकि वे टीमों का नेतृत्व कर सकें, नए उद्यम स्थापित करें और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। विश्वविद्यालय ने बताया कि यह पहल 'प्रोजेक्ट शक्ति' के अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में अगला कदम है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2020 में महिला सशक्तिकरण वर्ष के रूप में की गई थी।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**काशीपुर।** सड़क दुर्घटना में मरे व्यक्ति का पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

रामनगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम थारी निवासी 55 वर्षीय मलकीत सिंह पुत्र लखबीर सिंह की मंगलवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। पुलिस ने मलकीत के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया तथा शव को उसके परिजनों के हवाले कर दिया।

## एसएसपी ने पुलिस परिवार के साथ मनाया रंगों का उत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** रंगों और खुशियों के महापर्व होली पर जब पूरा शहर जश्न में डूबा था, तब आम जनमानस की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली दून पुलिस ने भी अपने श्परिवारश के साथ खुशियां बांटीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेंद्र डोभाल ने पुलिस लाइन में जवानों और उनके परिजनों के साथ होली खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया।एसएसपी दून ने इस अवसर पर जवानों को संबोधित करते हुए एक सशक्त संदेश दिया।

उन्होंने कहा, की आप सतर्क हैं, तभी आम जन सुरक्षित हैं।ष उन्होंने कर्तव्य की वेदी पर तैनात जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि पुलिसकर्मी अपने परिवारों से दूर रहकर समाज की खुशियों के लिए दिन-रात मुस्तैद रहते हैं, ऐसे में पुलिस विभाग ही हमारा सबसे बड़ा परिवार है।एसएसपी ने खुद सभी जवानों को गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पुलिस सेवा की चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि जब दुनिया त्यौहार मना रही होती है, तब शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हमें सीमाओं और कर्तव्यों के अधीन मुस्तैद रहना पड़ता है। अपनों से दूर रहने की इस कमी को हम एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटकर पूरा करते हैं।

# केन्द्रीय गृह मंत्री के कार्यक्रम को लेकर अंतिम चरण की तैयारियां जोरों पर

## मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 7 मार्च को प्रस्तावित हरिद्वार भ्रमण कार्यक्रम को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा तैयारियों को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैरागी कैंप स्थित कार्यक्रम स्थल पर चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ तथा गृह सचिव शैलेश बगौली सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए पांडाल, मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रबंधों का विस्तृत निरीक्षण किया। इसके साथ ही राज्य की विकास यात्रा एवं नए कानूनों से संबंधित प्रस्तावित प्रदर्शनी की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक व्यवस्था को कार्यक्रम से पूर्व भली-भांति परीक्षण कर लिया जाए, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की कमी न रह जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री का भ्रमण अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं त्रुटिरहित, सुव्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू किया जाए। उन्होंने आम नागरिकों की सुविधा एवं सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए निर्देश दिए कि कार्यक्रम में संभावित बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें। निरीक्षण के दौरान सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डे, एडीजी अजय प्रकाश अंशुमन, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, एमडी सिडकुल सौरभ गहरवार तथा महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपर सचिव मेहरबान सिंह बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, सचिव एचआरडीए मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी जितेन्द्र कुमार, एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिलों को जोड़ता है होली पर्व : कैलाशानंद गिरी

## श्री दक्षिण काली घाट पर संतो और भक्तों ने खेली रंग गुलाल और पुष्पों से होली

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर डा.स्वामी कैलाशानंद गिरी ने श्री दक्षिण काली मंदिर घाट पर संतों और भक्तों के साथ रंग, गुलाल और पुष्पों से होली खेली। इस दौरान सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि सनातन संस्कृति पर्वों की संस्कृति है। भारत में मनाए जाने वाले सभी पर्व एक सार्थक संदेश समाज को देते हैं। रंगों का पर्व होली दिलों को आपस में जोड़ता है। होली के दिन जब लोग एक दूसरे को रंग लगाते हैं और गले मिलते हैं, तो मन का सारा कलुष मिट जाता है। जिससे आपस में सद्भाव और प्रेम बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति के अनुरूप परंपरागत रूप से ही सभी पर्व मनाएं। म.मं. स्वामी हरिचेतनानंद एवं म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि रंगों और उमंगों का पर्व होली जीवन में उल्लास का भाव उत्पन्न करता है। जिससे आगे बढ़ने और समाज के प्रति सार्थक योगदान करने की प्रेरणा मिलती है। स्वामी कैलाशानंद गिरी के शिष्य स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी ने फूलमाला पहनाकर सभी संत महापुरूषों का स्वागत किया। इस अवसर पर म.मं. डा.स्वामी संतोषानंद, म.मं. स्वामी अनंतानंद, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी चिदविलासानंद, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी दिनेश दास, स्वामी नागेंद्र महाराज, आचार्य पवनदत्त मिश्र सहित बड़ी संख्या में संत महापुरूष और श्रद्धालु मौजूद रहे।

# आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर पथराव, 26 नामजद, क्रॉस मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर में आपसी विवाद के बाद दो पक्षों के बीच जमकर पथराव और मारपीट की घटना में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस मुकदमे दर्ज कर लिए हैं। मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों तरफ से 26 आरोपियों को नामजद किया गया है।

फैसल पुत्र हाजी मुकर्रम अली निवासी घोसियान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन मार्च की शाम वह अपने दोस्त अजहर और उमर के साथ मदरसे के बाहर खड़ा था। तभी दिलशाद अपने साथ राव दानिश, राव सुहेल, अली नवाज, सरफराज गुज्जर, सावेज, शहनवाज, नौशाद, नाजिम, सलीम, सद्दाम, मेहरबान, लियाकत, आरिफ, आदिल, अफजल, सलमान मंसूरी, शहराज, आकेश उर्फ भोला और सोनू समेत अन्य लोगों को लेकर वहां पहुंच गया। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और पथराव कर दिया, जिससे वह और उसके साथी घायल हो गए। पथराव में मोहल्ले में खड़ी कई कारों के शीशे भी टूट गए। फैसल का यह भी आरोप है कि हमलावर उसके घर में घुस आए और वहां भी मारपीट की। जाते समय शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

दूसरे पक्ष के मोहल्ला घोसियान निवासी अली नवाज पुत्र दिलशाद ने दी शिकायत में बताया कि उसके ममेरे भाई दानिश का मोहल्ले के ही सुहेल से किसी बात को लेकर पहले विवाद हो गया था। विवाद को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत तय हुई थी। आरोप है कि तीन मार्च की शाम वह अपने पिता दिलशाद, भाई सरफराज, ममेरे भाई दानिश और ताऊ के बेटे शाहिद के साथ तय स्थान पर पहुंचे। मौके पर पहले से मौजूद मुकर्रम, शोएब, बाबू, सुहेल, मोन्टी और अजहर ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लोहे की रॉड, लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला किया। हमले में अली नवाज, उसके पिता दिलशाद, दानिश, सरफराज और शाहिद घायल हो गए। दिलशाद को गंभीर हालत में एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# धनपुरा में पुलिस की मौजूदगी में सकुशल सम्पन्न हुआ होली पर्व

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव धनपुरा में पुलिस की मौजूदगी में होली का त्योहार सकुशल सम्पन हुआ है। अतिसवेदन सील गांव को देखते हुए पुलिस और प्रशासन दिनभर अलर्ट रहा । चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान निगरानी करते नजर आए । होली के अवसर पर निकलने वाले जुलूसों और संवेदनशील स्थानों की सीसीटीवी व वीडियो कमरे से रिकाडिंग की गई । एसएसपी ने भी धनपुरा गांव के जुलूस को सकुशल सम्पन करने के लिये पुलिस को कड़े निर्देश दीये ओर जनता से अपील भी की।

गांव धनपुरा, फेरुपुर, घिससुपुरा, नसीरपुर कला, इब्राहिमपुर, पदार्था, आदि दर्जनों गांव में होली का त्योहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सभी गांव पर पुलिस ने अपनी नजर गड़ाए रखी। धनपुरा, इब्राहिमपुर, नसीरपुर को छोड़ पुलिस को ज्यादा मशक्कत नही करनी पड़ी। तीनो गांव को अतिसवेदन सील की श्रेणी में देखते हुये अतिरिक्त फोर्स लगाया गया। पुलिस ने होली के जुलूस को सकुशल सम्पन्न करने के लिये हुड़दंग करने वालो की लाइव रिकाडिंग व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी । एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने होली पर्व को शांति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्था सुनिश्चित के निर्देश दिये थे। एसपी देहात ने गांव में घूमकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी नजर डाली और हुड़दंग करने वालो के साथ सख्ती से पेश आने की हिदायत भी दी। इस दौरान उन्होंने जनता से होली के त्योहार को शांति व्यवस्था से बनाने की अपील भी की। एसपी देहात शेखर सुयाल ने बताया होली के



त्योहार को सन्ति पूर्वक सम्पन कराने के लिए धनपुरा में अतिरिक्त फोर्स लगाया गया है। हुड़दंगियों पर सीसीटीवी कैमरों से सख्त निगरानी की जा रही है। विवाद करने वालो पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये गए थे।

होली से सम्बन्धित गत वर्षों के विवादों पर विस्तार से चर्चा हुई दोबारा इस तरह की घटना न हो उनके समाधान पर वार्ता हुई। होली के जुलूसों व संवेदनशील स्थलों पर पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों के साथ वीडियोग्राफी के माध्यम से नजर रखने के निर्देश दिए गए थे। कहा गया कि अगर किसी तरह के विवाद की असंखा दिखाई दे तो तत्काल कार्रवाई करे । उपद्रव करने वालो को किसी भी सूरत में बक्सा नही जाए। इस दौरान सीओ लक्सर देवेन्द्र सिंह नेगी, थानाध्यक्ष मनोज नोटियाल, चौकी प्रभारी फेरुपुर विपिन कुमार, व अन्य बाहरी थानों से आये अधिकारी मौजूद रहे।

पहले ही ग्रामीणों व ग्राम प्रधानों के साथ पुलिस की कई मिटींग हो चुकी है। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने एसपी देहात, सीओ से अतिसंवेदन सील क्षेत्र में की गई तैयारियों की एक-एक कर बिन्दुवार जानकारी ली। शालीनता एवं दृढ़ता से कार्रवाई की नसीहत दी गई थी। कानून एवं शांति व्यवस्था में किसी भी तरह की खुराफात का प्रयास पर कठोर कार्रवाई की रणनीति भी बनाई गयी थी। जिसके सफल प्रयास दिखाई दिए पथरी के अतिसवेदन सील गांव में होली के त्योहार को पुलिस के कड़े प्रयासों से सकुशल सम्पन कराया गया।

# वाहन टकराने के विवाद में युवक पर लाठी-डंडों से हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में होली के दिन वाहन टकराने के विवाद में एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है, जहां वह आईसीयू में भर्ती है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में बारहा कोठी, पहाड़ी बाजार कनखल निवासी ममता ने शिकायत में बताया कि चार मार्च को दोपहर करीब 12 बजे बड़ा पहाड़ी बाजार निवासी दीपक अपने दो साथियों के साथ नशे की हालत में उनके घर के बाहर पहुंचा। आरोप है कि दीपक ने घर के बाहर खड़ी गाड़ी में टक्कर मार दी। जब इस बात का विरोध किया गया तो वह गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। ममता का आरोप है कि कुछ देर बाद जब उनके पति संजय चौहान घर से बाहर अपना निजी वाहन लेने निकले तो दीपक और उसके साथियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में संजय चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में उनके सिर पर करीब 15 टांके आए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए पहले जिला अस्पताल में उपचार दिया और बाद में एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया, जहां वह आईसीयू में भर्ती हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

# भाजपा मध्य हरिद्वार मंडल को मिला 5000 की संख्या का लक्ष्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा मध्य हरिद्वार मंडल की बैठक कार्यालय में संपन्न हुई विधायक मदन कौशिक और मेयर किरण जैसल के ग्रह मंडल में कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार, 5000 संख्या की भीड़ जुटाकर बैरागी कैंप में गृहमंत्री अमित शाह के भव्य स्वागत और ऐतिहासिक शक्ति प्रदर्शन की तैयारी की गई। इस अवसर पर नगर विधायक मदन कौशिक ने रैली को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि हरिद्वार की संगठनात्मक ताकत कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता और जन समर्थन का बड़ा प्रदर्शन होगी, उन्होंने कहा कि जब देश के गृहमंत्री स्वयं देवभूमि हरिद्वार आ रहे हैं तो यह प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्व जिम्मेदारी दोनों का विषय है इस रैली के माध्यम से राष्ट्र की सुरक्षा विकास और मजबूत नेतृत्व का संदेश आम जनता तक पहुंचे इसीलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। तैयारी बैठक में मदन कौशिक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हरिद्वार विधानसभा क्षेत्र के मध्य हरिद्वार मंडल में कार्यकर्ताओं को इस जनसभा के लिए 5000 लोगों की सहभागिता का लक्ष्य दिया गया है। इसी उद्देश्य से अन्य तीन मंडल में भी बैठकर आयोजित की गई हैं महापौर किरण जैसल ने कहा कि रैली की तैयारी केवल मंच और भीड़ तक सीमित रहेगी बल्कि इसका उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना है कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज करें घर-घर जाकर लोगों को रैली के महत्व के बारे में बताएं और अधिक से अधिक नागरिकों को बैरागी कैंप में पहुंचने के लिए प्रेरित करें भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी और रैली के। मंडल प्रभारी विकास तिवारी ने कहा कि हरिद्वार धार्मिक सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना का केंद्र रहा है ऐसे में यहां से उठने वाली आवाज का प्रभाव पूरे देश में जाता है इस जनसभा के माध्यम से हरिद्वार एक बार फिर यह संदेश देगा कि वह राष्ट्रीय के मुद्दों पर पूरी मजबूती से केंद्र सरकार के साथ खड़ा है।

भाजपा के मंडल अध्यक्ष तुषांक भट्ट ने कहा कि वह नगर निगम के सभी पार्षदों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं की वे भी अपने-अपने वार्डों में तैयारी बैठके आयोजित करें और जनसभा को लेकर आम जनता में उत्साह पैदा करें। बैठक में मंडल महामंत्री गौरव वर्मा हर्षित त्रिपाठी मंजू रावत ललित रावत सिद्धार्थ कौशिक सचिन बेनीवाल राजेश शर्मा ममता नेगी पिंकी चौधरी सपना शर्मा आशी भारद्वाज सुनील सैनी आदि उपस्थित रहे

# अरिहंत ग्रुप ऑफ कॉलेज में फ्रेशर-फेयरवेल पार्टी के साथ मना होली मिलन समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** अरिहंत ग्रुप ऑफ कॉलेज शान्तरशाह बहादराबाद हरिद्वार में विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर-फेयरवेल पार्टी के साथ होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। रंगों और उमंग से भरे इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन डॉ. दीपक जैन, डायरेक्टर अजय कुमार, डॉ. पवन मलिक, रामगोपाल कटारिया, डॉ. टीना मलिक तथा डॉ. रजनी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, गीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। रंगारंग कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया।

# पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों से मारपीट, कार्यालय में की तोड़फोड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर में पुरानी ट्रक यूनियन के पास स्थित पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने को लेकर कर्मचारियों के साथ मारपीट और कार्यालय में तोड़फोड़ कर दी गई। पुलिस ने चार नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में मैदानियान ज्वालापुर निवासी उमरशाद अली पुत्र बुन्दु हसन ने बताया कि अपने पेट्रोल पंप विशाल भारत फिलिंग स्टेशन पर मंगलवार दोपहर करीब 2:45 बजे वह अपने कार्यालय में बैठे थे। इसी दौरान तीन युवक पेट्रोल डलवाने पहुंचे और किसी बात को लेकर पंप पर कार्यरत कर्मचारी समीर के साथ मारपीट करने लगे। शोर-शराबा सुनकर जब वह कार्यालय से बाहर आए तो आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया। इसके बाद सभी लोग सरिया, पंच और अन्य धातु के हथियार लेकर वहां पहुंचे और पंप के कर्मचारियों पर हमला कर दिया। हमले में उमरशाद अली के होंठ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। वहीं महिला कर्मचारी शिल्पी के साथ भी गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया गया। आरोप है कि हमलावरों ने कार्यालय के शीशे भी तोड़ दिए। नबील, तौफीक और शहजाद समेत अन्य लोगों ने हमला किया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# घर में घुसकर मारपीट, महिलाओं से की हाथापाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में घर में घुसकर एक परिवार के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने घर में मौजूद महिलाओं के साथ भी हाथापाई की और परिवार को धमकाते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस को दी गई शिकायत में गणेश विहार सीतापुर निवासी आरती शर्मा ने शिकायत में बताया कि वीर भगत सिंह गौ सेवा धाम, भगत सिंह चौक ज्वालापुर के अध्यक्ष पवन करमय उर्फ भगवा अपने साथियों पीयूष कौशिक उर्फ गोरी और ऋषभ शर्मा उर्फ लक्की के साथ उनके घर में घुस आया। आरोप है कि तीनों ने उनके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान घर में मौजूद महिलाओं के साथ भी हाथापाई की गई। शिकायत में कहा गया है कि हमलावरों ने उनके पति को जान से मारने की कोशिश की और धमकी देते हुए मौके से चले गए।

# अनियंत्रित कार ने स्ट्रॉबेरी का ठेला लगाये तीन युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में हाईवे किनारे स्ट्रॉबेरी का ठेला लगाए खड़े तीन युवकों को अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल एक युवक में मौके पर ही दम तोड़ दिया। दो को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल में ले जाने पर हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलौर निवासी तबरेज, असलम और उजैफा ज्वालापुर क्षेत्र में सीएनजी पंप के पास हाईवे किनारे स्ट्रॉबेरी बेचने का काम करते थे। बुधवार शाम करीब पौने छह बजे तीनों युवक अपने ठेले के पास खड़े थे। उसी दौरान हरिद्वार से रुड़की की ओर तेज गति से जा रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई। कार ने पहले हाईवे की रेलिंग तोड़ दी और इसके बाद सड़क किनारे खड़े तीनों युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तबरेज (28) पुत्र अब्दुल समद निवासी मोहल्ला बंदर टोल, मंगलौर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथी असलम पुत्र अमीर अहमद निवासी मलानपुरा मजवत्ता, मंगलौर और उजैफा पुत्र इकराम निवासी मलकपुरा, मंगलौर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मृतक के भाई जुबैर की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## एसएमजेएन कालेज में मनायी गयी इको फ्रेंडली होली

# रंगों के पर्व होली पर पर्यावरण का विशेष ध्यान रखें : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं एसएमजेएन कालेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन श्रीमहंत डा. रविंद्रपुरी के संयोजन में पत्रकारों और कालेज के प्राध्यापकों व स्टाफ ने कालेज सभागर में इको फ्रेंडली होली मनायी। कार्यक्रम में जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश वालिया ने गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ पत्रकार रजनीकांत शुक्ला ने होली पर्व की कथा सुनायी और होली के पौराणिक महत्व से अवगत कराया। पत्रकार संजय आर्य ने भी होली के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रीमहंत डा.रवींद्र पुरी महाराज ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे देश में परंपराए विशेष स्थान रखती हैं। पर्यावरण




संरक्षण का संदेश देते हुए श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि रंगों के पर्व होली पर पर्यावरण का विशेष ध्यान रखें। केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग ना करें और हर्बल रंगों से होली खेलें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों को निर्णायक भूमिका निभानी होगी। सत्यता पर चलकर ही खबरों को समाज के सामने लाएं। उन्होंने जल्द ही कालेज में पत्रकारिता पाठ्यक्रम शुरू करने की जानकारी देते हुए बताया कि पत्रकारों के लिए पाठ्यक्रम नि:शुल्क होगा। कालेज के प्राचार्य प्रो.डा. सुनील कुमार बत्रा ने होली की बधाई देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण संवर्धन में सभी की सहभागिता जरूरी है। इसलिए होली को इको फ्रेंडली उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा.रविंद्रपुरी महाराज शिक्षा के क्षेत्र में भी अनुकरणीय योगदान प्रदान कर रहे हैं। कालेज में पत्रकारिता को कोर्स शुरू होने से अच्छे पत्रकार सामने आएंगे और समाज को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि बताया कि जल्द ही शुरू होने जा रहे पत्रकारिता पाठ्यक्रम को संचालित करने में स्थानीय पत्रकारों की भी मदद ली जाएगी।

# पूर्व विधायक के बेटे पर लाठी-डंडों से हमला

**हरिद्वार।** ज्वालापुर के मोहल्ला कड़च्छ में होली के दिन पूर्व भाजपा विधायक सुरेश राठौर के बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक को दुकान में घुसकर ईंट, चाकू और लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया गया। पुलिस को दी गई शिकायत में शास्त्री नगर ज्वालापुर निवासी शिव प्रताप आदित्य राठौर पुत्र सुरेश राठौर ने बताया कि चार मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे वह मोहल्ला कड़च्छ में रविदास मंदिर के सामने देशराज राठौर की दुकान पर बैठा हुआ था। उस समय वहां देशराज राठौर, कुलदीप उर्फ केसी और पुनीत कुमार उर्फ मांगा भी मौजूद थे। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ला कड़च्छ निवासी प्रवीण कुमार गाली-गलौज करते हुए दुकान में घुस आया। उसके हाथ में ईंट और चाकू था।

# बिशनपुर झरडा में होली के दिन रंग में भंग, गांव में भिड़े दो पक्ष

## लाठी डंडों के बाद पत्थरबाजी से हमला, जमकर हुआ खूनी संघर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिशनपुर झरडा में होली के दिन दो पक्षों में रंग खेलने के दौरान मारपीट हो गई। होली के जश्न के दौरान मामूली कहासुनी ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दो पक्ष आमने सामने आ गए और लाठी डंडों से जमकर मारपीट शुरू हो गई। इतना ही नहीं दोनों पक्षों की ओर से जमकर पत्थरबाजी हुई। जिसमे लगभग दो दर्जन से अधिक महिलाओं सहित लोग घायल हुए है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना से इलाके में अफरा तफरी और हड़कंप



मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस गांव में पहुंची और मामले को कड़ी मसक्कत व लाठियां फटकारकर शांत कराया। मारपीट करने वाले लोग पुलिस को देखकर भाग निकले।

पुलिस के मुताबिक, होली खेलते समय गांव में पहले कुछ युवकों में कहासुनी हो गई। कहासुनी से शुरू हुई बहस ने कुछ ही देर में उग्र रूप धारण कर लिया। दोनों पक्षों के कई लोग आमने सामने आ गए और अचानक लाठी डंडे लिए हुए लोग आपस में भीड़ गए। दोनो ओर से जमकर लाठी डंडे चलने लगे। यह घटना गांव में ही छत पर बैठे एक युवक ने अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर ली। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में करीब 50 से अधिक लोगों की भीड़ एक दूसरे पर हमला करती नजर आ रही है। मारपीट के दौरान महिलाओं की मौजूदगी भी कैमरे में कैद हुई है, जिससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं मारपीट की घटना के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब दोनों पक्षों की ओर से पथराव भी होने लगा। वीडियो में लोग लाठी डंडों से हमले के बाद पथराव भी करते नजर आ रहे है। खूनी संघर्ष में महिलाओं सहित दो दर्जन से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। कुछ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी भी दे दी गई, जबकि अन्य का उपचार जारी है।मारपीट की सूचना पर फोर्स के साथ पुलिस मौके पर पहुची ओर कड़ी मसक्कत व लाठियां फटकारकर मामला शांत कराया। पुलिस की भनक लगने के बाद मारपीट करने वाले लोग मौके से भाग निकले। मारपीट के वीडियो वायरल से पुलिस मारपीट व पत्थरबाजों को चिन्हित कर कार्रवाई करने में लगी है। फिलहाल एहतियातन के तौर पर गांव में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। हालांकि पुलिस को दोनो पक्षो की ओर से तहरीर दी गई है। पथरी थाना प्रभारी मनोज नौटियाल ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में शांति का माहौल है।

# लक्सर मार्ग पर लोडर टेम्पो पलटने से एक मजदूर की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम फेरुपुर निर्भय फार्म के पास लोडर टेम्पो का टायर फटने से टेम्पो सड़क पर पलट गया। टेम्पू में पीछे बैठा एक मजदूर टेम्पू में भरे पत्थर के नीचे दब कर गभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुँचाया जहा डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार गुरुवार को हरिद्वार लक्सर मार्ग पर निर्भय फार्म हाउस के पास हरिद्वार की ओर से एक लोडर टेम्पो पत्थर लेकर लक्सर की ओर आ रहा था, टेम्पो का टायर फटने से टेम्पो अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। जिससे पीछे बैठे मजदूर की पत्थरों के बीच दबने से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुँची फेरुपुर पुलिस ने राहगीरों की मदद से मजदूर को पत्थरो से बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मजदूर की पहचान मेहरबान 55वर्ष पुत्र अकबर शाह निवासी धनपुरा के रूप हुई है। पुलिस ने म्रतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया दिया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया छोटा हाथी लोडर पलटने से एक मजदुर की पत्थरो के नीचे दबने से मौत हो गई। जिनका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया है।

## नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SHAHAJAD से बदलकर SHAHZAD AHMAD रख लिया है। आज से भविष्य में मुझे SHAHZAD AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शहजाद अहमद पुत्र अनवर अली**, निवासी: म0नं0 59 मौहल्ला कुम्हारान झबरेडा जिला हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# पश्चिम बंगाल में दहाड़े उत्तराखंड के धाकड़ धामी

■ हिंगलगंज से धामी ने भरी हुंकार, परिवर्तन यात्रा की शुरुआत, बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़ ■ धामी का हमला: बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति ने विकास रोका, ■ पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को पश्चिम बंगाल दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने हिंगलगंज विधानसभा क्षेत्र से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। परिवर्तन यात्रा के तहत आयोजित जनसभा और रोड शो में भी उन्होंने भाग लिया।

बड़ी संख्या में लोग उन्हें सुनने के लिए पहुंचे। अपने संबोधन में धामी ने सनातन मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि ष्सनातनी हिंदू कभी डरता नहीं, वह सत्य और राष्ट्र के लिए खड़ा रहता है। उनके इस वक्तव्य पर जनसभा में जोरदार उत्साह देखने को मिला। धामी ने ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में युवाओं को



'कर्मवीर बनाने के बजाय भत्तावीर बनाया जा रहा है'। इससे युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय हो रहा है। धामी ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल करोड़ों के कर्ज के बोझ से दबा हुआ है। कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और मातृशक्ति स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के कर्मचारियों को भी उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। कार्मिकों को उनका डीए और महंगाई भत्ता तक समय पर नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हजारों स्कूल बंद हो चुके हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी का भविष्य कमजोर हो रहा है। धामी ने सीमा पार से हो रही अवैध घुसपैठ का मुद्दा भी उठाया।

उन्होंने कहा कि इस गंभीर विषय पर राज्य सरकार की चुप्पी चिंता. जनक है। धामी ने कहा कि भाजपा का स्पष्ट संकल्प है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही अराजक व्यवस्था समाप्त की जाएगी और राज्य में सुशासन, सुरक्षा और विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए 'राष्ट्र प्रथम' सर्वोच्च सिद्धांत है और इसी विचार के साथ पार्टी देश और समाज की सेवा कर रही है। मुख्यमंत्री धामी अपने धाकड़ और निर्णायक फैसलों के कारण देशभर में अलग पहचान बना चुके हैं।

उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून, अवैध मदरसों पर कार्रवाई और अतिक्रमण हटाने जैसे फैसले अन्य राज्यों के लिए भी नजीर बन रहे हैं। यही कारण है कि आज उत्तराखंड से बाहर भी लोग धामी को सुनना चाहते हैं और उनके नेतृत्व को मजबूत व निर्णायक शासन का प्रतीक मानते हैं।

### नया कैंपेन 'द वन एंड ओनली' किया लॉन्च

**देहरादून:** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, अपना नया कैंपेन 'द वन एंड ओनली' लेकर आया है ख्र सफलता की एक नई और प्रभावशाली कहानी। आज के समय में जब सफलता के कई रूप दिखाई देते हैं और प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है, तब ब्रांड एक सरल सच सामने लाता है। असली सफलता अलग पहचान में होती है ख्र जो लोगों की प्रशंसा पाती है और व्यक्ति को दूसरों से अलग बनाती है। इस नए कैंपेन में इस भावना को तीन चेहरों अवंती नगरथ, किरनद. ीप चहल और माहका शर्मा के जरिए दिखाया गया है। ये तीनों ब्रांड के अलग-अलग पहलुओं को दर्शाती हैं। यह 360-डिग्री इंटीग्रेटेड कैंपेन डिजिटल और सोशल प्लेटफॉर्म, चल रहे आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप, प्रमुख अखबारों के फ्रंट पेज विज्ञापनों और बड़े शहरों के आउटडोर विज्ञापन स्थलों पर लॉन्च किया गया है। देबाश्री दासगुप्ता, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड हमेशा स्टाइल और प्रतिष्ठा के साथ सफलता की ताकत पर विश्वास करता रहा है।

# पछवादून व जौनसार बावर होली के रंग में रंगा

■ लोगों ने होली के गीतों पर घरों व सड़कों पर जमकर किया नृत्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर/चकराता।** पछवादून एवं जौनसार बावर क्षेत्र में होली का पर्व बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली के गीतों पर लोगों ने घरों व सड़कों पर जमकर किया नृत्य। होली पर्व को लेकर बच्चों व युवाओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी।

पछवादून क्षेत्र के सेलाकुई, सहसपुर, हरबर्टपुर, विकासनगर के साथ साथ पूरे जौनसार बावर क्षेत्र में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। युवक व युवतियों की टोलियों ने एक दूसरे को रंग लगा कर पर्व की शुभकामना दी। रंग गुलाल खेलने के लिए लोग सुबह से ही घरों से बाहर निकल गए थे। उन्होंने सड़कों पर जमकर गुलाल खेला। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर रंग गुलाल लगा कर पर्व के अवसर पर बनने वाले पकवानों का स्वाद चखा। वहीं सुरक्षा की दृष्टी से पुलिस ने व्यापक इंतजाम किये थे। शान्ती व्यवस्था बनाने के लिये जगह जगह पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। पूरे दिन पुलिस ने हुड़दंगियों पर पैनी नजर बनाये रखी। कोतवाल ने बताया कि होली पर्व शांतिपूर्वक निपट गया। कोतवाली विकासनगर क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।



### सेलाकुई में महिलाओं व बच्चों ने भी होली का लुफ्रत उठाया

**सेलाकुई।** वहीं सहसपुर विस के सेलाकुई क्षेत्र के लोगो बच्चो और महिलाओं ने भी होली का लुफ्त उठाया। किसी ने फूलों की होली किसी ने रंगों की होली तो किसी ने पानी भर पिचकारी मारी। क्षेत्र में सुबह से ही ढोल नगाड़े डीजे पर लोगों ने जमकर डांस किया। सभी लोग गढ़वाली, हिंदी भजनों पर भी थिरके। क्षेत्र के सहसपुर, शंकरपुर, सेलाकुई, बाया खाला, जमनपुर, थापा मार्ग, बहादुरपुर, राजा रोड आदि कालोनियों में होली की बधाईयां देने के लिए लोगों के घर आना जाना रहा।

# गृहमंत्री के उत्तराखंड आगमन पर जनता में उत्साह: चौहान

कार्यक्रम में 1.5 लाख लोग शामिल होंगे

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा ने गृह मंत्री अमित शाह के उत्तराखंड आगमन और उनकी मौजूदगी मे होने वाले सम्मेलन के ऐतिहासिक एवं भव्य होने का दावा किया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री मनवीर चौहान ने कहा कि जन जन की सरकार, बेमिसाल 4 साल के इस कार्यक्रम को लेकर जनता में अभूतपूर्व उत्साह है और लगभग 1.5 लाख लोग इसमें शिरकत करेंगे। उन्होंने भीड़ जुटाने के कांग्रेसी आरोपों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके लिए हजार लोग एकत्र करना टेढी खीर है और वह भाजपा कार्यकर्ताओ की क्षमता से वाकिफ है, इसलिए उसकी चिंता जायज है। चौहान ने कहा कि गृह मंत्री के हरिद्वार दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनसामान्य में अपार उत्साह का माहौल है। मौका



भी बेहद खास है और जन जन की सरकार के 4 वर्ष पूरे होने का विशेष अवसर है। भाजपा की पिछली सरकारों और धामी सरकार के वर्तमान कार्यकाल में राज्य विकास के हाइवे पर तेजी से दौड़ रहा है। ढांचागत विकास और कनेक्टिविटी को लेकर पीएम मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा किए कार्यों का परिणाम पर्यटकों की रिकॉर्ड तोड़ संख्या और साल भर चलने वाली चार धाम यात्रा के रूप में देखा जा सकता है। प्रति व्यक्ति आय में शानदार वृद्धि, किसानों, मजदूरों के जीवनचर्या में सुधार और मातृ शक्ति सशक्तिकरण के कदमों ने हमे विकसित होते राज्यों की दौड़ में अग्रसर किया है। केंद्र के सहयोग से हम सबके स्वास्थ्य, हर घर में नल से जल, गरीब घरों की ईंधन और अनाज की चिंता को समाप्त कर रहे हैं। आज ऐसा माहौल बनाने में हमारी सरकार सफल हुई है कि 3.25 लाख करोड़ का निवेश के लिए उद्योगपति तैयार हैं। खनन जैसे माफियाओ से प्रभावित क्षेत्रों को भी हमने सुधारते हुए अब राज्य के लिए आय का बड़ा स्रोत बना दिया है। पहले एक भी परीक्षा बिना किसी नकल के करवाना असंभव सा होता था, लेकिन आज 28 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां निष्पक्ष और ईमानदारी से युवाओं को प्राप्त हुई है। इससे पूर्व विपक्ष की सरकारों में कामकाज का रिपोर्ट कार्ड कभी भी जनता के सामने नहीं रखा गया, लेकिन भाजपा की सरकार में प्रत्येक साल अपने कामकाज का ब्यौरा सार्वजनिक किया जाता है। हमे पूर्णतया भरोसा है कि 7 मार्च को हरिद्वार में 1.5 लाख से अधिक लोग गृहमंत्री के कार्यक्रम में शिर. कत करेंगे।

# एमडीडीए ने सील किए दो अवैध व्यवसायिक निर्माण सील

■ नियम विरूद्ध निर्माण कार्यों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी : बंशीधर तिवारी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखते हुए गुरुवार को दो स्थानों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की टीम ने निर्धारित मानकों और स्वीकृत मानचित्रों का उल्लंघन कर किए जा रहे व्यवसायिक निर्माणों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कर दिया।

प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार मै. केएस फर्नीचर हाउस, श्रीराम टावर्स, बंजारावाला रोड, निकट वृंदा गार्डन, देहरादून में बिना स्वीकृति के किए जा रहे व्यवसायिक निर्माण को चिन्हित किया गया था। संबंधित निर्माण प्राधिकरण के मानकों के विपरीत पाए जाने पर एमडीडीए की टीम ने



मौके पर पहुंचकर उक्त परिसर को सील कर दिया।

इसी क्रम में गिरीश चन्द चौधरी द्वारा बैंक कॉलोनी, मोथरोवाला रोड, देहरादून में किए जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माण पर भी प्राधिकरण ने कार्रवाई की। जांच के दौरान पाया गया कि निर्माण कार्य बिना स्वीकृत मानचित्र के किया जा रहा था, जिसके बाद नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई करते हुए निर्माण को बंद करा दिया गया। एमडीडीए द्वारा लगातार ऐसे निर्माणों की निगरानी की जा रही है जो प्राधिकरण के नियमानुसार स्वीकृत नहीं हैं। प्राधिकरण की टीम क्षेत्र में नियमित निरीक्षण कर रही है ताकि अनियमित और अवैध निर्माणों पर समय रहते कार्रवाई की जा सके और शहर के सुव्यवस्थित विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

इस कार्रवाई के दौरान संयुक्त सचिव गौरव वटवाल के आदेशों के क्रम में प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम मौके पर मौजूद रही।

टीम में सहायक अभियंता निशांत कुकरेती, अवर अभियंता नेहा बर्थवाल और जयदीप राणा सहित सुपरवाइजर तथा पुलिस बल भी मौजूद रहा, जिनकी उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया को नियमानुसार संपन्न कराया गया। एमडीडीए ने स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृति के किसी भी प्रकार का निर्माण या भूमि उपयोग परिवर्तन नियमों के विरुद्ध है और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र प्राप्त करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

### नियोजित और व्यवस्थित विकास सुनिश्चित करना प्राधिकरण की प्राथमिक जिम्मेदारी: तिवारी



एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देहरादून और आसपास के क्षेत्रों का नियोजित और व्यवस्थित विकास सुनिश्चित करना प्राधिकरण की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है और जहां भी बिना स्वीकृति के निर्माण या नियमों का उल्लंघन पाया जा रहा है, वहां तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि भवन निर्माण से पहले प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र अवश्य प्राप्त करें और निर्धारित मानकों का पालन करें, अन्यथा नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेगा: बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन टीम नियमित रूप से क्षेत्र का निरीक्षण कर रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सीलिंग, ध्वस्तीकरण सहित आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

# कहा -पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जैसे प्रयास अत्यंत आवश्यक

■ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज के जन्मदिवस पर जोशी ने किया पौधरोपण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर उनके 'प्रतिदिन एक पौधरोपण' के संकल्प के क्रम में अपने शासकीय आवास पर पौधरोपण किया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को जन्मदिवस की



बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सफल जीवन की कामना की। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि शिव. राज सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में देश के किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा के प्रति शिवराज सिंह चौहान का समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जैसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर सरकार में दायित्वधारी जगत सिंह चौहान, भाजपा नेता रामशरण नौटियाल, लक्ष्मण सिंह रावत, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ठाकुर धीरेन्द्र सिंह, दीपक भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# नगर पलिका ने आयोजित किया होली कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** नगर पालिका की ओर से आयोजित सामूहिक होली कार्यक्रम में बडी संख्या में स्थानीय लोगों ने शिरकत की। नगरवासियों ने पालिका की इस पहल का स्वागत किया। कहा कि सांस्कृतिक रूप से नई टिहरी को समृद्ध करने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं। वहीं भाजपा कार्यालय में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर होली मनाई। बौराड़ी स्टेडियम में सामूहिक होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने होली समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पालिका का उद्देश्य है कि हमारे पर्व, त्योहार और पारंपरिक रीति-रिवाज का संरक्षण किया जाए।

गत वर्ष बौराड़ी स्टेडियम में पहली



बार इगास पर भव्य कार्यक्रम किया गया।

सामूहिक होली में युवाओं ने जमकर होली के गीतों पर नृत्य किया। उन्होंने एक-दूसरे पर रंग-गुलाल लगाया। इस मौके पर सभासद डॉ.प्रीति पोखरियाल, विनीत उनियाल, उर्मिला राणा, सीमा नेगी, मानवेंद्र रावत, नागरिक मंच के अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल, सीपी डबराल, जगजीत नेगी,भगवान चंद रमोला, त्रिलोक रमोला आदि मौजूद थे। दूसरी, ओर भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष उदय रावत के नेतृत्व में भाजपाईयों ने पार्टी कार्यालय में जमकर होली खेली।

जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए रंग-गुलाल लगाया। कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारा को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धनाई, अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य सुनीता देवी, महामंत्री बलवंत रावत, पूर्व प्रमुख खेम सिंह चौहान, जयवीर मियां, गोविंद बिष्ट, जीतराम भट्ट, विजय कठैत, राजेंद्र डोभाल, प्रताप गुसाईं, केडी पुनेठा, बलवीर नेगी, ज्योति डोभाल आदि उपस्थित थे

# विभाग की कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप

■ ढकरानी और ढालीपुर में छापेमारी, 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 3 खनन पट्टे सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। विकासनगर के ढकरानी और ढालीपुर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से मीडिया और सोशल मीडिया पर अवैध खनन को लेकर वायरल हो रही खबरों के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। वायरल वीडियो और खबरों का संज्ञान लेते हुए जिला खनन अधिकारी ऐश्वर्या शाह के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापेमारी की। खनन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त सिंडिकेट में हड़कंप मच गया। टीम ने मौके पर अवैध खनन में प्रयुक्त कुल 8 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीज किया है,



साथ ही भारी अनियमितताएं पाए जाने पर 3 खनन पट्टों को भी तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया है। दरअसल, पछवादून क्षेत्र के ढकरानी में बीते कुछ दिनों से यमुना का सीना छलनी किए जाने और प्रतिबंधित मशीनों के उपयोग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे थे। इन खबरों में पट्टा कहीं और होने और खनन कहीं और किए जाने के गंभीर आरोप लगाए गए थे। मीडिया में इन खबरों के प्रमुखता से आने के बाद विभाग ने टीम गठित कर ढालीपुर और ढकरानी में दबिश दी। छापेमारी के दौरान ढकरानी से 3 और ढालीपुर से 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को अवैध निक. ासी करते हुए पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान यमुना किनारे संचालित 3 खनन पट्टों में मौके पर भारी अनियमितताएं और मानकों का उल्लंघन पाया गया, जिसके चलते विभाग ने तीनों पट्टों को सीज कर दिया है। यह कार्रवाई इस बात की ओर भी संकेत करती है कि लंबे समय से क्षेत्र में नियम विरुद्ध खनन की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। जिला खनन अधिकारी ऐश्वर्या शाह के मुताबिक, ढकरानी और आसपास के स्टोन क्रशर प्लांटों पर भी भारी अनियमितताओं की सूचनाएं लगातार मिल रही हैं। जिलाधिकारी देहरादून द्वारा इसके लिए एक विशेष टीम का गठन कर दिया गया है, जो जल्द ही इन क्रशरों की जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाएगी। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई के बाद से अवैध खनन माफियाओं और नियम विरुद्ध चल रहे क्रशर स्वामियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

### जंगलों में लगी आग, पत्थर की चपेट में आने से युवक मौत

**उत्तरकाशी:** जिले के विभिन्न जंगलों में भड़की आग एक ओर जहां वनसंपदा को नुकसान पहुंचा रहा वहीं दुर्घटनाओं का भी न्योता दे रहा है।

वीरवार को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गणेशपुर के ऊपर पहाड़ी में लगी आग के कारण ऊपर से पत्थर गिरने से एक व्यक्ति पत्थर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला चिकित्साल में पहुंचा गया जहां उपचार के दौरान मृत्यु घोषित कर दिया है। वहीं वन विभाग और राजस्व विभाग टीम घटनास्थल पर पहुंचे है। मृतक मयंक पवांर पुत्र महेश पंवार उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम लाटा तहसील भटवाड़ी उत्तरकाशी। इधर घटना की सूचना से क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

# होली पर काकड़ के अवैध शिकार का मामलाए वन विभाग की बड़ी कार्रवाईए 14 लोग हिरासत में

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के बच्छणस्यूं पट्टी स्थित क्वली गांव में होली के दिन वन्यजीव के अवैध शिकार का मामला सामने आने पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 लोगों को हिरासत में लिया है। सभी पर जंगली हिरण का अवैध शिकार करने और उसका मांस खाने का आरोप है। प्राप्त जानकारी के अनुसार होली के दिन क्वली गांव में काकड़ के शिकार की सूचना मुखबिर के माध्यम से वन क्षेत्राधिकारी संजय सिंह को मिली। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने तत्काल गांव में छापेमारी की और कार्रवाई करते हुए 14 लोगों को हिरासत में ले लिया। वन विभाग के अनुसार आरोपियों को बुधवार रात करीब आठ बजे हिरासत में लिया गया।

इसके बाद बृहस्पतिवार को सभी आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी ;डीएफओद्ध रजत सुमन ने बताया कि वन्यजीवों के अवैध शिकार के मामलों में विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से वन्यजीवों के संरक्षण में सहयोग करने और वन नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। ग्रामीण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी कार्रवाई होली के दिन हुई इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। वन विभाग की इस कार्रवाई को अवैध शिकार पर सख्ती के रूप में देखा जा रहा है।

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सं. UK-1520160038113 में मेरा नाम वकील अहमद (VAKIL AHMAD) अंकित है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम वकील अहमद (WAKEELAHMAD) अंकित है। उक्त ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा सही एवं वास्तविक नाम वकील अहमद (WAKEELAHMAD) दर्ज किया जाए।

**वकील अहमद पुत्र असरफ अली, निवासी ग्राम पाली, पो. माण्डेई, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड**

# युवक पर धारदार हथियार से हमला

## काठगोदाम में सरेआम वारदात, मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुरूवार देर शाम काठगोदाम थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक युवक अपने दोस्त को लेने के लिए काठगोदाम पहुंचा तभी युवक पर कार, ऑटो व बाइक सवार अज्ञात लोगों ने उसपर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद लोगों ने दो हमलावरों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आनन फानन में घायल युवक को उपचार के लिए बेस अस्पताल लाया गया जहां पर उसका उपचार चल रहा है। घायल युवक की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 13 कुष्ठ आश्रम राजपुरा निवासी बच्ची देवी पत्नी किशोर राम ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि गुरूवार 5 मार्च की शाम करीब सवा 5 बजे उनका 18 वर्षीय बेटा हेम आर्या अपनी मित्र को लेने के लिए काठगोदाम गया था। आरोप है कि दोनों रेलवे स्टेशन के पास चस्का चाय फैके के सामने थे कि तभी वहां पर कुछ लोग आए और चाकू से हमला कर दिया। बताया जा रहा कि एक के बाद हेम पर लोगों ने धारदार हथियार से कई हमले कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। बताया जा रहा कि आरोपी कार, ऑटो और बाइक पर सवार होकर आए थे। आरा. `पी घटना को अंजाम देकर फरार हो पाते, इससे पहले ही दो आरोपी सोनू पुत्र चंद्रपाल और सचिन कश्यप पुत्र बिजेंदर कश्यप को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आनन फानन में घायल हेम को लोगों ने उपचार के लिए बेस अस्पताल लाया गया।



घायल हेम के पेट पर दो वार किए गए हैं। जबकि हाथ में भी चोट आई है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पकड़े गए युवकों दो हमलावरों से भी पूछताछ की जा रही है।

# बाइक सवार किसान को गाड़ी ने कुचला

## होली पर गौलापार के कुंवरपुर में हुए हादसे से परिवार में कोहराम, गाड़ी सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** होली पर रंगबाजी के बीच गौलापार में बड़ा हादसा हो गया। घर लौट रहे बाइक सवार किसान की सड़क हादसे में मौत हो गई। मौत की खबर से होली के जश्न में डूबे परिवार में कोहराम मच गया। चोरगलिया पुलिस ने किसान को कुचलने वाले वाहन को सीज कर दिया है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परि. जनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार देवला तल्ला, गौलापार निवासी सोबन सिंह (54) पेशे से किसान थे और यहां पत्नी व दो बेटों के परिवार के साथ रहते थे। पुलिस के मुताबिक, 4 मार्च होली की शाम वह बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। वापसी के दौरान देवला तल्ला में हाईवे पर अचानक उनकी बाइक आगे जा रहे वाहन से टकरा गई। सोबन बाइक समेत सड़क पर गिर गए और तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें कुचल डाला। वाहन में पर्यटक सवार थे। घटना के बाद वाहन सवार लोग भाग नहीं सके। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। आनन–फानन में सोबन को सुशीला तिवारी चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार के साथ गांव में भी मातम पसर गया। चोरगलिया थानाध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, हादसे को अंजाम देने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

### रंग फेंकते समय करंट की चपेट में आया युवक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** होली खेलने के दौरान रंग फेंकते समय एक युवक करंट की चपेट में आकर झुलस गया। युवक को पहले एसटीएच ले जाया गया, जहां से परिजन उसे एक निजी अस्पताल लेकर चले गए। जानकारी के अनुसार टीपीनगर चौकी के पास स्थिति श्री श्याम कालोनी में यह घटना बुधवार को हुई। बताया जाता है कि यहां रहने वाला 18 वर्षीय ध्रुव नेगी दोस्तों के साथ रंग खेल रहा था। ध्रुव ने एक बर्तन में फरा रंग किसी पर फेंका और रंग सामने से गुजरे तारों पर पड़ गया। रंग की धार के साथ फैले करंट ने ध्रुव को बुरी तरह झुलसा दिया। एंबुलेंस के पहुंचने में देरी हुई तो लोग खुद उसे लेकर सुशीली तिवारी चिकित्सालय लाया गया। युवक के हाथ झुलसे थे। एसएस डा. अरुण जोशी ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद परिजन घायल को किसी और अस्पताल में ले गए।

# संदिग्ध हालातों में आढ़ती ने फांसी लगाकर दी जान

**हल्द्वानी।** एक आढ़ती ने होलिका दहन की अगली रात संदिग्ध परिस्थितियों के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। फंदे से लटका देख परिजन आनन फानन में अस्पताल लाए लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से जिले सूर्या गांव में रहने वाले लाल सिंह सूर्या मुखानी थानाक्षेत्र के छड़ायल स्थित प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में पत्नी व परिवार के साथ रहते थे और बड़ी मंडी में उनकी आढ़त है। बताया जाता है कि बीते 3 मार्च की रात लाल सिंह का किसी से विवाद हो गया था। विवाद के बाद वह घर पहुंचे तो परिजनों ने उन्हें दोबारा बाहर जाने से मना किया। जिसके बाद उन्होंने कमरे में जाकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आए तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो लाल सिंह का शव फंदे से लटका हुआ था। आनन–फानन में परिजनों द्वारा उन्हें फंदे से उतार कर अस्पताल ले जाया गया, जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।


**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय टिहरी गढ़वाल।**

प्रकीर्ण वाद सं०–02 सन्–2026

प्रार्थीगण– 1. श्रीमती शोभा उनियाल उम्र 52 वर्ष पत्नी स्व0 राजेन्द्र प्रसाद उनियाल
2. आयुषी उनियाल उम्र–28 वर्ष पुत्री स्व0 राजेन्द्र प्रसाद उनियाल
3. उद्देश्य उनियाल उम्र–26 वर्ष पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद उनियाल
सभी निवासीगण,
सेक्टर–13बी0 निकट राजकीय इण्टर कॉलेज ढुंगीधार बौराड़ी, नई टिहरी,

जिला–टिहरी गढ़वाल

**बनाम**

प्रतिवादी– समस्त रिस्तेदारान, आम व खास एवं आम जनता

आपको सूचित किया जाता है, आवेदकगण के द्वारा उपरोक्त प्रकीर्ण वाद न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश महोदय टिहरी गढ़वाल के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक–19 माह 03 सन् 2026 की तिथि नियत की गई है, यदि आप प्रतिवादी को आवेदकगण के उक्त प्रकीर्ण वाद पर कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो उक्त नियत तिथि पर असालतन या वकालतन प्रातः 10:00 बजे उपस्थित आकर अपना ऐतराज प्रस्तुत कर देवें, आपके द्वारा ऐसा न किये जाने की दशा में उक्त वाद में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक–27 माह 02 सन् 2026 को न्यायालय की मुद्रा एवं हस्ताक्षरों से जारी।

आज्ञा से

मुख्य प्रबंधक
जिला जजी
नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल–9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून–248006
दूरभाष संख्याः 0135–2763808, फैक्स नं0 0135–2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांकः 188 | **निविदा निरस्तीकरण सूचना** | दिनांक 05.03.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0)(एसएचपी), यूजेवीएन लि0, ऋषिकेश के द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या 17/अ0अ0(वि0/या0)/एसएचपी/ऋषिकेश/ 2025–26 अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0)(एसएचपी), ऋषिकेश

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून–248006
फोनः 0135 – 2763508 2763808, फैक्स नं0– 0135–2763507
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 187 | दि0: 05.03.2026

**निविदा समय विस्तार सूचना–1**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0)(एसएचपी), यूजेवीएन लि0, ऋषिकेश द्वारा आमन्त्रित की गयी निविदा की तिथि अपरिहार्य कारणों से विस्तारित की जाती है। संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः–

**ई–निविदा संख्या–18/अ0अ0(वि0/या0)/एसएचपी/ऋषिकेश/2025–26**
जिला चमोली स्थित उर्गम ल0ज0वि0 (2x1500 कि0 वा0) के यूनिट–2 टरबाईन, सम्बद्ध असेम्बली एवं स्पेयर रनर के अनुरक्षण एवं रखरखाव आदि का कार्य।
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता अन्तिम तिथि–12.03.2026 16:00 बजे
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि** – 13.03.2026 16:00 बजे
**निविदा खोलने की तिथि** – 16.03.2026 15:00 बजे
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **https://ujvnl.uk.gov.in** देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0)(एसएचपी), यूजेवीएन लि0, ऋषिकेश**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम**
कार्यालयः अधिशासी अभियंता, निर्माण शाखा, मसूरी
कुटुम्ब विहार, सिनौला, देहरादून–248001
ई–मेलः jalnigam-mussoorie@yahoo-com

पत्रांकः 555/135/21 | दिनांक : 05.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों के लिये सम्मुख अंकित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 20.03.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यालय मे आमत्रित की जाती है, जो उसी दिन (अथवा अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में) अपराह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि। | निविदा का मूल्य (रू० में) | निविदा विक्रय की अन्तिम तिथि | पंजीकरण की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अस्थल पेयजल योजना के अन्तर्गत 100 मि०मी० व्यास जी०आई० पाईप राईजिंग मैन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 16000.00 | 01 माह | 1000.00 + GST@18% | 18.03.2026 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 02 | खैरीमानसिंह पेयजल योजना अन्तर्गत रैनीवाला में पाईप | 6000.00 | 01 माह | 1000.00 + GST@18% | 18.03.2026 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |

नोटः– शर्तें कार्यालय दिवस एवं कार्यालय समय में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता



# कार्यालय नगर निगम ऋषिकेश, देहरादून।

पत्रांक:– 5295 भवनकर/07/2025–2026 | दिनांक:– 05/03/2026

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 (क) व (ख) के अन्तर्गत भवनकर अभिलेखों में नामान्तरण हेतु आवश्यक सूचना।

| क्र0 सं0 | रसीद संख्या | बुक संख्या | सम्पत्ति संख्या | क्षेत्र का नाम | कर निर्धारण पंजिका में दर्ज नाम | आवेदक का नाम | आवेदन दिनॉक | नामान्तरण हेतु आधार | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 37 | 2776 | 574 | हरिद्वार मार्ग | श्रीमती बीनो देवी पत्नी श्री श्यामानन्द | श्रीमती कुशी देवी पत्नी श्री भीम सिंह | 30/01/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (106.87 वर्ग मी0) |
| 2. | 26 | 2776 | 257ए/259/10 | वीरभद्र मार्ग | श्रीमती विशेश्वरी शर्मा पत्नी श्री उमेश चन्द शर्मा | श्री रवि कपूर पुत्र श्री कृष्ण चंद कपूर | 19/02/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (96.28 वर्ग मी0) |
| 3. | 22 | 2776 | 510/1/444 | बनखण्डी ग्राम | श्री सोमपाल पुत्र श्री दयाराम | श्री राहुल गोस्वामी पुत्र श्री भूषण व श्री आयुष पुत्र श्री भूषण गिरी | 27/10/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (125.46 वर्ग मी0) |
| 4. | 94 | 2767 | 109/82 | नेहरू मार्ग | श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी श्री जोधा सिंह डांगी | श्री परमेन्द्र सिंह एवं श्री विरेन्द्र सिंह डांगी पुत्रगण स्व0 श्री जोधा सिंह | 20/02/2026 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 5. | 38 | 2767 | 574 | हरिद्वार मार्ग | श्रीमती बीनो देवी पत्नी श्री श्यामानन्द | श्रीमती सुन्दरी देवी पत्नी श्री बबलू कुमार प्रजापति | 25/02/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (25.09 वर्ग मी0) |
| 6. | 51 | 2767 | 133/124 | हरिद्वार मार्ग | श्री सुशील कुमार छाबड़ा पुत्र श्री हरिलाल छाबड़ा | श्रीमती मनोरमा उनियाल पत्नी श्री राजेन्द्र उनियाल | 30/09/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (102.04 वर्ग मी0) |
| 7. | 58 | 2767 | 6 | अद्वैतानन्द मार्ग | स्वामी संध्यापुरी आश्रम | स्वामी संध्यापुरी आश्रम ट्रस्ट प्रबन्धक स्वामी महेश्वरानन्द | 24/12/2024 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, महन्तनामा / नियुक्ति पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 8. | 74 | 2767 | नवीन | आवास विकास | - | श्री वेद प्रकाश पाण्डेय पुत्र श्री - विनय शंकर पाण्डेय | 19/02/2024 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | प्रथम बार दर्ज/करारोपण एक भाग (80.66) वर्ग मी0) |
| 9. | 76 | 2767 | 219/469 | चन्द्रेश्वर नगर | श्री भुवनेश्वरी देवी पत्नी श्री मुखराम | श्रीमती रेखा गुप्ता पत्नी श्री राहुल गुप्ता | 11/06/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (13.38 वर्ग मी0) |
| 10. | 89 | 2767 | 133/93 | शास्त्री नगर | श्रीमती शकुन्तला देवी पत्त्नी श्री सोवन सिंह | श्रीमती कानन चौधरी पत्नी श्री एकान्त कुमार | 17/02/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र, मुख्तारनामा एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (87.82 वर्ग मी0 |
| 11. | 90 | 2767 | 83/112 | शास्त्री नगर | श्री पी0डी0 रतूड़ी पुत्र श्री गोकुल नन्द रतूड़ी | कर्नल एकांत कुमार पुत्र स्व0 श्री महेन्द्र प्रसाद सिंह | 17/02/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (162.36 वर्ग मी0) |
| 12. | 48 | 2767 | 272/163-जी | नेहरू मार्ग | श्री वैभव गोयल पुत्र श्री बालेश कुमार गोयल | श्रीमती मीनू गुप्ता पत्नी श्री नितिन गुप्ता | 30/12/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (208 वर्ग मी0) |
| 13. | 56 | 2767 | 458/103/ए-3 | चन्द्रेश्वर मार्ग | श्री जय भगवान पुत्र श्री सोमनाथ शर्मा | श्रीमती राजवती प्रजापति पत्नी श्री मुन्ना लाल प्रजाप्रति | 19/02/2026 | रजि0 उपहार विलेख, रजि विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (22.41 वर्ग मी0) |
| 14. | 44 | 2767 | 49 | आवास विकास | श्री राकेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 श्री जगदीश प्रसाद | श्री निशान्त गुप्ता एवं श्री प्रशान्त गुप्ता पुत्रगण श्री राकेश कुमार गुप्ता | 16/02/2026 | रजि0 दाननामा-विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (131.22 वर्ग मी0 |
| 15. | 45 | 2767 | 125/114 | बनखण्डी ग्राम | श्रीमती अनीता जायसवाल पत्नी श्री रमेश जायसवाल | श्री प्रमोद कुमार यादव एवं श्री अखिलेश कुमार यादव पुत्रगण श्री कृष्णा यादव | 16/02/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (88.28 वर्ग मी0 |
| 16. | 43 | 2767 | 6/4/2 | मुखर्जी मार्ग | श्री लाला राम पुत्र स्व0 श्री श्रीराम | श्री प्रवीण कुमार अग्रवाल पुत्र श्री शिव कुमार व श्री सौरभ अग्रवाल पुत्र श्री प्रवीण कुमार अग्रवाल | 23/09/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (108.73 वर्ग मी0) |
| 17. | 36 | 2767 | 167/105 | गंगा नगर | श्री अरविन्द कुमार एवं श्री प्रवीन कुमार पुत्रगण श्री प्रीतम शर्मा | श्री प्रवीन कुमार पुत्र श्री प्रीतम सिंह | 06/02/2026 | सहमतिनामा एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 18. | 35 | 2767 | 25/34 | शास्त्री नगर | श्री जय सिंह भण्डारी पुत्र श्री बाग सिंह | श्री त्रिलोक सिंह भण्डारी एवं श्री विनोद्र सिंह भण्डारी पुत्रगण स्व0 श्री जय सिंह भण्डारी | 22/08/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 19. | 32 | 2767 | 27/26 | वीरभद्र मार्ग | श्रीमती प्रेमवती पत्नी श्री नेमचन्द | श्री सुखलाल पुत्र श्री उधो राम | 06/11/2024 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत, मा0 न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) ऋषिकेश के निर्णय एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 20. | 25 | 2767 | 905/95 | चन्द्रेश्वर नगर | श्री जय कुमार तिवाड़ी व श्री सन्तोष तिवाड़ी पुत्रगण श्री रमाकान्त तिवाड़ी | श्री विपिन कुमार आजाद पुन्न श्री मुरारी लाल आजाद | 15/01/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (8.20 वर्ग मी0) |
| 21. | 12 | 2767 | 221/123 | सर्वहारा नगर | श्री पाले कुमार पुत्र श्री दीपचन्द्र | श्रीमती रेनू पत्नी श्री मुकेश कुमार पुत्री श्री ओमप्रकाश | 03/12/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (29.08 वर्ग मी0) |
| 22. | 22 | 2767 | 415 | आवास विकास | श्री सुभाष चन्द पुत्र श्री रोशन लाल | श्रीमती सोना डंग पत्नी श्री रोहित टक्कर | 18/02/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 23. | 15 | 2767 | 84/77 | मनीराम मार्ग | श्रीमती ऋतु जगाल पत्नी श्री फर्रुख जमाल एवं मितू सिन्हा पुत्री स्व0 श्री सत्य व्रत बोस | श्री हर्षित कुमार गुप्ता पुत्र श्री सतीश कुमार गुप्ता | 20/01/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (167.28 वर्ग मी0) |
| 24. | 85 | 2760 | 303/248 | आदर्श ग्राम | श्री विनोद सिंह रावत, श्री मनोज कुमार रावत एवं श्री संजय रावत | श्रीमती आंचल रावत पत्नी श्री विनोद सिंह रावत | 10/10/2025 | रजि0 दाननामा-विलेख एवं शपथ-पत्र | एक भाग (80.29 वर्ग मी0) |
| 25. | 84 | 2760 | 303/248 | आदर्श ग्राम | श्री विनोद सिंह रावत, श्री मनोज कुमार रावत एवं श्री संजय रावत | श्रीमती शशि रावत पत्नी श्री मनोज कुमार रावत | 10/10/2025 | रजि0 दाननामा-विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (80.29 वर्ग मी0) |
| 26. | 83 | 2760 | 303/248 | आदर्श ग्राम | श्री विनोद सिंह रावत, श्री मनोज कुमार रावत एवं श्री संजय रावत | श्रीमती कान्ता रावत पत्नी श्री संजय रावत | 10/10/2025 | रजि0 दाननामा-विलेख एवं शपथ-पत्र | एक भाग (80.29 वर्ग मी0) |
| 27. | 33 | 2760 | 434/डी-2 | गंगा नगर | श्री मानव जौहर पुत्र श्री मनजीत जौहर | कु0 वन्दना भटनागर पुत्री श्री राज कुमार भटनागर | 15/09/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (240 वर्ग फुट) |
| 28. | 94 | 2760 | 396/30 | गंगा नगर | श्रीमती विभा कोटियाल पत्नी श्री गोपीलाल कोटियाल | श्री देवेश कोटियाल पुत्र स्व0 श्री गोपीलाल कोटीयाल | 30/10/2025 | रजि0 दाननामा-विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (175.02 वर्ग मी0) |
| 29. | 13 | 2767 | 89/152 | आदर्श ग्राम | श्री भगवान दास पुत्र श्री लालभानी | श्री बसन्त राम, श्री सोती राम व श्री त्रिलोक चन्द पुत्रगण स्व0 श्री भगवानदास | 25/08/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 30. | 2 | 2767 | 999/117 | चन्द्रेश्वर नगर | श्री शंकर गिरी पुत्र श्री हरि गिरी | श्रीमती रूमाली देवी पत्नी स्व0 श्री प्रेम सिंह | 15/05/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (55.20 वर्ग मी0) |
| 31. | 17 | 2767 | 451/216 | चन्द्रेश्वर मार्ग | श्री विनोद कुमार, श्री प्रदीप कुमार, श्री राजेश कुमार पुत्रगण श्री सुखराम सिंह व श्रीमती पुष्पा पत्नी श्री हरि ओम, श्रीमती बाली पत्नी श्री अशोक कुमार, श्रीमती गीता पत्नी श्री सुखराम सिंह, श्रीमती गायत्री पत्नी श्री सुखराम | श्रीमती नीतू पत्नी श्री नवीन अग्रवाल | 22/01/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (49.20 वर्ग मी0) |
| 32. | 59 | 2720 | 360/51, 45/1ए, 45/1 | आदर्श ग्राम | श्री दिग्विजय सिंह, श्री कुलदीप सिंह, श्री राजेन्द्र सिंह, श्री रविन्द्र सिंह, श्री सुरेन्द्र सिंह, श्री विनोद सिंह व श्री दिनेश सिंह | श्री संजीव कण्डारी पुत्र श्री मातबर सिंह कण्डारी | 30/07/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (826.49 वर्ग मी0) |

**कर अधीक्षक**
नगर निगम ऋषिकेश।

CMYK



# 2024-25 में 3,81,889 करोड़ का रहा राज्य का सकल घरेलू उत्पाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने गुरुवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के बारे में बताया कि वर्ष 2024-25 में राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 3,81,889 करोड़ रहा, जो वर्ष 2021-22 में 2.54 लाख करोड़ रुपए थी। 2021-22 के मुकाबले जीएसडीपी में डेढ़ गुना से ज्यादा का उछाल आया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में राज्य में प्रति व्यक्ति आय 194670 थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2,73,921 हो गई। प्रमुख सचिव ने बताया कि इस वर्ष यह सर्वेक्षण नेशनल कांउ. सिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के साथ मिलकर तैयार किया गया है।प्रमुख सचिव ने बताया कि वर्ष 2024-25 में ग्रोथ रेट 7.23 प्रतिशत रहा है। मल्टी डायमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स वर्ष 2021-22 में 9.7 प्रतिशत था जो वर्ष 2024-25 में घटकर 6.92 प्रतिशत पर आ गया है।

**▪ 2021-22 के मुकाबले जीएसडीपी में आया डेढ़ गुना से ज्यादा का उछाल, वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर हुई 2,73,921 राज्य में वर्ष एमएसएमई की कुल संख्या बढ़कर हुई 79394 वर्ष 2017 तक स्टार्टअप की संख्या थी शून्य, जो वर्ष 2025 में बढ़कर हो गई 1750, 2026-27 के लिए राज्य की जीएसडीपी 8.2 प्रतिशत रहने का है अनुमान, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के बारे में दी जानकारी**

लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट वर्ष 2021-22 में 60.1 प्रतिशत था, वर्ष 2024-25 में 64.4 प्रतिशत है तथा यह रोजगार के क्षेत्र में 4.3 प्रतिशत की बढोत्तरी को दर्शाता है। उन्होंने बताया ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स वर्ष 2001 में 0.247, वर्ष 2017 में 0. 684, वर्ष 2021-22 में 0.718 जो अब बढ़कर वर्ष 2024-25 में 0.722 हो गया है।प्रमुख सचिव ने बताया कि राज्य में वर्ष 2021-22 में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की कुल संख्या 59798 थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 79394 हो गई है। उन्होंने एमएसएमई के अंतर्गत रोजगार पाने वालों की संख्या वर्ष 2022 में 343922 थी जो वर्ष 2025 में बढ़कर 456605 हो गई है। राज्य में वर्ष 2021-22 तक लार्ज इंडस्ट्री की संख्या 107 थी जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 128 हो गई हैं। इसके साथ राज्य में वर्ष 2017 तक स्टार्टअप की संख्या शून्य थी, जो वर्ष 2021-22 में 702 थी तथा वर्ष 2024-25 में बढ़कर 1750 हो गई है।प्रमुख सचिव ने बताया कि राज्य में सड़कों की कुल लम्बाई वर्ष 2021-22 में 50393 किमी थी, जो 2024-25 में बढ़कर 51278 किमी हो गई है। राज्य में 2022 तक 2 हेलीपोर्ट थे, जो वर्ष



2025 में बढ़कर 7 हो गए। हेलीपेड की संख्या वर्ष 2021-22 में 60 थी जो वर्ष 2024-25 में 118 हो गई है। उन्होंने बताया कि प्राइमरी विद्यालयों में ड्रॉपआउट का अनुपात वर्ष 2021-22 में 1.64 प्रतिशत था जो वर्ष 2024-25 में 1.41 प्रतिशत हो गया है, जबकि सेकेंडरी विद्यालयों में यह अनुपात वर्ष 2021-22 में 7.65 प्रतिशत था जो वर्ष 2024-25 में 4. 59 प्रतिशत हो गया है।प्रमुख सचिव ने कहा कि राज्य में शासकीय एवं अशासकीय डिग्री कॉलेजों की संख्या वर्ष 2021-22 में 124 थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 139 हो गई है। इसके साथ इजीनियरिंग कॉलेज गवर्नमेंट एवं प्राइवेट की संख्या वर्ष 2021-22 में 20 थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 52 हो गई है। उन्होंने बताया राज्य में 2021-22 में कुल 5157 मिलियन यूनिट का विद्युत उत्पादन होता था, जो 2024-25 में यह उत्पादन बढ़कर 16500 मिलियन यूनिट हो गया है। जबकि कंजम्पशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी (विद्युत खपत) में बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2022 में बिजली की खपत 12518 मिलियन यूनिट थी, जो 2024-25 में बढ़कर 17192 मिलियन यूनिट हो गई है।

प्रमुख सचिव ने बताया कि सोलर इलेक्ट्रिसिटी जेनरेशन के क्षेत्र में राज्य में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। वर्ष 2021-22 में सौर ऊर्जा के माध्यम से 439 मेगावाट उत्पादन होता था, जो 2025 में बढ़कर 1027 मेगावाट हो गया है। उन्होंने बताया राज्य में शिशु मृत्यु दर (प्द्दिज डवतजंसपजल तंजम) वर्ष 2021-22 में 22 था, जो 2024-25 में घटकर 20 पर आ गया है। इसके साथ मातृ मृत्यु दर वर्ष 2021-22 में 103 थी, जो 2024-25 में घटकर 91 पर आ गया है। इसके साथ ही राज्य में लाइफ एक्सपेटेंसी की उम्र 71.7 साल से बढ़कर 73 साल हो गई है।प्रमुख सचिव ने बताया कि राज्य में वर्ष 2021-22 में 97 प्रतिशत घरों में शौचालय की सुविधा थी जो अब शतप्रतिशत हो गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में धान और गेहूं उत्पादन में भी बढ़ोतरी हुई। राइस एवं व्हीट प्रोडक्शन वर्ष 2021-22 में 28.23 कुंतल प्रति हेक्टेयर था जो अब बढ़कर 32.47 कुंतल प्रति हेक्टेयर पहुंच गया है। उन्होंने बताया वर्ष 2021-22 में औषधिया एंड एरोमैटिक प्लांट का एरिया कुल 900 हेक्टेयर था, जो 2024-25 में बढ़कर 10 हजार हेक्टेयर पहुंच गया है। प्रमुख सचिव ने बताया कि राज्य में वर्ष 2021-22 तक 50.92 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन होता था, जो 2024-25 में बढ़कर 54.59 लाख लीटर प्रतिदिन हो गया है। वहीं फिश उत्पादन में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। फिश उत्पादन वर्ष 2021-22 में कुल 7325 टन प्रति साल होता था, जो 2024-25 में बढ़कर 10487 टन प्रति साल हो गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में वर्ष 2021-22 में 8225 होटल/अदर स्टे थे जो 2024-25 में बढ़कर 10509 हो गए है। वहीं राज्य में 2021- 22 में 3935 होमस्टे थे, जिनकी संख्या 2024-25 में बढ़कर 6161 पहुंच गई है। प्रमुख सचिव ने बताया कि एसडीजी इंडेक्स में वर्ष 2021-22 में राज्य ने चौथा स्थान प्राप्त किया था, वहीं वर्ष 2023-24 में उत्तराखण्ड एसडीजी इंडेक्स की रेंक में प्रथम स्थान पर रहा। वर्ष 2026-27 के लिए राज्य की जीएसडीपी 8.2 प्रतिशत अनुमानित है।



उत्तराखंड राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण के सकारात्मक आंकड़े हमारे सतत विकास और सुशासन के प्रयासों का परिणाम हैं। जीएसडीपी, प्रति व्यक्ति आय, एमएसएमई, स्टार्टअप और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति यह दर्शाती है कि उत्तराखंड तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में रोजगार सृजन, निवेश प्रोत्साहन और जनकल्याण को केंद्र में रखकर राज्य को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

# 50 लाख के प्लॉट के लिए नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

**▪ दहेज की बलि चढ़ी कहकशा, पति समेत 5 पर केस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** राजधानी के नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। महज चार महीने पहले सुनहरे सपनों के साथ ससुराल आई कहकशा आलम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष का आरोप है कि 50 लाख रुपये के प्लॉट की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उनकी बेटी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने पति, सास-ससुर, देवर और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। रुद्रप्रयाग निवासी सलमान आसिफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि निकाह के बाद से ही उनकी बहन कहकशा को 50 लाख रुपये और प्लॉट के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। 3 मार्च की रात को आई एक फोन कॉल ने पूरे परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। अस्पताल पहुँचने पर पता चला कि कहकशा की मौत हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार 19 नवंबर 2025 को शहबाज आलम (निवासी रिस्पना नगर) के साथ हुआ था।निकाह के बाद से ही सास खुशनुदा, ससुर यासीन, पति शहबाज, देवर सरताज और ननद शबनम कम दहेज का ताना देकर प्रताड़ित कर रहे थे।एक प्लॉट खरीदने के लिए मायके से 50 लाख रुपये नकद मंगवाने का दबाव बनाया जा रहा था।3 मार्च की रात 1:30 बजे ससुर ने फोन कर बताया कि कहकशा की तबीयत खराब है। जब परिजन देहरादून के इंद्रेश हॉस्पिटल पहुँचे, तो वहां कहकशा मृत पाई गई।परिजनों की तहरीर के आधार पर नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार दहेज लोभी ने प्लॉट के लिए 50 लाख की थी, जिसके कारण नवविवाहिता की जान चली गई । पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।।

# अमृत 2.0 के तहत जल संरक्षण व पुनर्भरण परियोजनाओं को मंजूरी

**▪ अमृत 1.0 के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न योजनाओं में हुई कुल बचत से रुद्रपुर व काशीपुर में स्मार्ट जल प्रबंधन को बढ़ावा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में अमृत 2.0 के अंतर्गत गठित हाई पावर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा भू-जल पुनर्भरण को सुदृढ़ बनाने से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर विचार-विमर्श करते हुए उन्हें अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में लघु सिंचाई विभाग, नैनीताल की योजनाओं के अंतर्गत हल्द्वानी व नैनीताल क्षेत्र में जल पुनर्भरण संरचनाओं के विकास तथा पार्कों के सौंदर्यीकरण से संबंधित



कार्यों को स्वीकृति दी गई। इनमें हरिहर कॉलोनी हल्द्वानी, विश्व. विद्यालय हल्द्वानी, उषा रूपक कॉलोनी नैनीताल तथा सुदर्शन कॉलोनी हल्द्वानी में जल पुनर्भरण के विकास एवं पार्कों के सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं।

इसी प्रकार लघु सिंचाई विभाग, हरिद्वार की योजनाओं के अंतर्गत बहादराबाद में वर्षा जल संचयन के तहत रिचार्ज शाफ्ट की स्थापना, रामधाम कॉलोनी पार्क शिवालिक नगर में संचयनित जल से भू-जल पुनर्भरण हेतु रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण तथा राजलोक कॉलोनी पार्क नगर निगम हरिद्वार में भू-जल रिचार्ज से संबंधित परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में नगर पंचायत इमलीखेड़ा (हरिद्वार) द्वारा रांगड़वाला में स्थित तालाब के रेनोवेशन की योजना को भी मंजूरी दी गई।

इसके अतिरिक्त लघु सिंचाई विभाग, देहरादून की योजनाओं के अंतर्गत नवादा क्षेत्र में तालाब के नवीनीकरण एवं रिचार्ज शाफ्ट निर्माण तथा डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र में रिचार्ज शाफ्ट निर्माण के कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में अमृत 1.0 के अंतर्गत पूर्व में स्वीकृत परियोजनाओं में हुई लगभग ₹39.82 करोड़ की बचत के उपयोग पर भी निर्णय लिया गया। इस राशि के माध्यम से रुद्रपुर तथा काशीपुर नगर क्षेत्रों में वाटर मीटर अधिष्ठापन से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे शहरी जल प्रबंधन प्रणाली को अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा, भू-जल स्तर में सुधार होगा तथा शहरी क्षेत्रों में जल संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने संबंधित विभागों को सभी परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में सचिव नितेश झा, वी षणमुगम, युगल किशोर पंत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 17 लाख से अधिक लाभार्थियों ने उठाया आयुष्मान योजना का लाभ

**▪ योजना के तहत नि:शुल्क उपचार पर खर्च हो चुके हैं 3300 करोड़,कहा, वय वंदना योजना के तहत 25 हजार वरिष्ठ नागरिकों बने कार्ड : डॉ. रावत**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**सूबे में आयुष्मान योजना के अंतर्गत अबतक 17 लाख से अधिक मरीजों का मुफ्त इलाज किया जा चुका है। जिस पर राज्य सरकार द्वारा 3300 करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि खर्च की जा चुकी है। प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के तहत राज्य में 25 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाये गये हैं। उक्त योजना के तहत 11000 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों द्वारा मुफ्त उपचार का लाभ उठाया गया है।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं



चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि आम लोगों के स्वास्थ्य को लेकर राज्य सरकार संजीदा है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की आसान उपलब्धता के कारण अधिक से अधिक लोग विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। यही वजह है कि राज्य में अबतक 17 लाख से अधिक मरीजों ने आयुष्मान योजना के तहत नि:शुल्क उपचार कराया है, जिस पर सरकार ने 3300 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च कर दी है। उन्होंने बताया कि अल्मोड़ा जनपद में 57862 लाभार्थियों ने योजना के तहत मुफ्त उपचार कराया। इसी प्रकार बागेश्वर में 25133, चमोली 66005, चम्पावत 33274, देहरादून 418295, हरिद्वार 321509, नैनीताल 159242, पौड़ी 130701, पिथौरागढ़ 58786, रूद्रप्रयाग 39989, टिहरी 99191, ऊधमसिंह नगर 281995 तथा उत्तरकाशी में 55882 लाभार्थियों ने नि:शुल्क उपचार कराया।

डॉ. रावत ने बताया कि आयुष्मान योजना के अलावा राज्य व स्वायतशासी निकायों के कार्मिकों व पेंशनरों के लिये राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत 4 लाख से अधिक लाभार्थियों ने कैशलेस उपचार का लाभ उठाया है। जिसमें 1.73 लाख लोगों ने आईपीडी व 2.31 लाख लोगों ने ओपीडी की कैशलेस सुविधाएं ली। उन्होंने बताया कि इस सुविधा पर सरकार द्वारा 641 करोड़ की धनराशि खर्च की जा चुकी है। विभागीय मंत्री ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत राज्य में 57 लाख जबकि एसजीएचएस के तहत 5 लाख से अधिक कार्ड बनाये जा चुके हैं। इसके अलावा 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के 25 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के वय वंदना योजना के तहत कार्ड बनाये गये हैं। जिसके तहत 11000 लाभार्थियों ने मुफ्त उपचार का फायदा उठाया है। उक्त योजना पर सरकार ने करीब 30 करोड़ से अधिक की धनराशि व्यय की है।

डॉ. रावत ने कहा कि आयुष्मान योजना के सूचीबद्ध अस्पतालों में सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को भी नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। दुर्घटना में घायलों के उपचार हेतु 1.50 लाख रुपये तक की कैशलेस सुविधा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से दी जा रही है, जो पीड़ितों के लिए बड़ी राहत है।

## स्वच्छता को लेकर बैठक आयोजित

**नई टिहरी।** समाज में जन जागरुकता व स्वच्छता को लेकर आदर्श कालोनी समिति नैनबाग की बैठक आयोजित की गई। जिसमें समिति का गठन कर मोहन थपलियाल को सर्वसहमति से अध्यक्ष चुना गया है। जबकि ममता चौहान को महिला वर्ग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बुधवार को नैनबाग के आदर्श कालोनी में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आदर्श कालोनी के लोगों ने भारी संख्या में हिस्सा लिया। समिति में दीपक कुंवर को सचिव, धनवीर रावत को कोषाध्यक्ष, महिला वर्ग में दर्शनी कैंतुरा को संरक्षण, रेशा नौटियाल को सचिव, अर्चना पंवार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर गोविंद प्रसाद नौटियाल, दीपक कुंवर, सोमवारी लाल नौटियाल, लोकेंद्र दत्त उनियाल, दिनेश सिंह नेगी, धनवीर सिंह रावत, धीरेंद्र पंवार, श्याम लाल अग्रवाल, पितांबर सिंह चौहान, रेशा आदि मौजूद रहे।

# सैनिक विश्राम गृहों के उच्चीकरण और शहीद द्वार निर्माण में लाएं तेजी : जोशी

**▪ विभागीय मंत्री ने कीसैनिक कल्याण विभाग की समीक्षा**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को कैंप कार्यालय में सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मंत्री जोशी ने प्रदेश में सैनिक विश्राम गृहों के उच्चीकरण और जीर्णोद्धार के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों को



समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रदेश में शहीद द्वारों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कोटद्वार, मसूरी और पिथौरागढ़ में प्रस्तावित विभागीय कार्यालयों एवं सैनिक विश्राम गृहों के निर्माण से संबंधित सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शासन स्तर से संबंधित कार्यों को भी सुनियोजित ढंग से समय पर पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल्स के रेजीमेंट सेंटर के जीर्णोद्धार कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराने के निर्देश दिए। साथ ही देहरादून में भर्ती पूर्व प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए भी अधिकारियों को तेजी से कार्रवाई करने को कहा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विदेशों में राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में आ रही विसंगतियों को शीघ्र दूर कर युवाओं को अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण सचिव युगल किशोर पंत, अपर सचिव एवं निदेशक सैनिक कल्याण श्याम सिंह, उपनल के प्रबंध निदेशक बिग्रेडियर जेएनएस बिष्ट सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पानी की गुणवत्ता को लेकर परीक्षण अनिवार्य रूप से किए जाएं : सीएस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन से संबंधित सर्वोच्च समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्य में मिशन की प्रगति, वित्तीय स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि पानी की गुणवत्ता परीक्षण में रासायनिक तथा बैक्टीरियोलॉजिकल दोनों प्रकार के परीक्षण अनिवार्य रूप से किए जाएं तथा संबंधित पेयजल परीक्षण की जानकारी संबंधित प्रोजेक्ट में तिथि सहित सार्वजनिक हित में स्पष्ट रूप से अंकित की जाए।

बैठक में जीआईएस मैपिंग, पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर पाइपलाइन नेटवर्क अपलोड की प्रगति, सुजल गांव आईडी निर्माण, वित्तीय समन्वय तथा तकनीकी निरीक्षण की भी समीक्षा की गई। मुख्य

**▪ जल जीवन मिशन की प्रगति पर सर्वोच्च समिति की समीक्षा,मुख्य सचिव ने दिए जल गुणवत्ता परीक्षण और रिपोर्टिंग सुदृढ़ करने के निर्देश, जल जीवन मिशन की वार्षिक कार्ययोजना 2026-27 पर भी हुई चर्चा**

सचिव ने इन सभी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना, सामाजिक अंकेक्षण तथा तृतीय-पक्ष निरीक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को इन विषयों पर अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने केंद्र सरकार से संबंधित सभी बिंदुओं पर समयबद्ध रिपोर्टिंग तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना के अंतर्गत जिन गांवों में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन की प्रगति दर्शाई गई है, उनका शत-प्रतिशत सर्टिफिकेशन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिपोर्टिंग और वास्तविक क्रियान्वयन के बीच किसी भी प्रकार का अंतर नहीं होना चाहिए।

बैठक में सचिव दिलीप जावल. कर एवं रणवीर सिंह, हॉफ वन विभाग रंजन मिश्र, अपर सचिव रोी. हत मीणा, अपूर्वा पांडेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उत्तराखंड से संबंधित राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के भारत सरकार के निदेशक प्रदीप सिंह वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े रहे।

## अगस्त्यमुनि में आठ मार्च को होगा खेल उत्सव

**रुद्रप्रयाग।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को एक भव्य राष्ट्रव्यापी खेल उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 'खेलो इंडिया' योजना के अंतर्गत संचा. लित 'अस्मिता' पहल के तहत देश के 250 चुनिंदा जिलों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रुद्रप्रयाग जिले में यहां कार्यक्रम खेल मैदान अगस्तमुनी में किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य अस्मिता महिलाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने का एक प्रमुख मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में तीन तरीके की खेल विधा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें मुख्य रूप से एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़) के साथ-साथ निम्बू दौड़ जैसी मनो. रंजक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में आयोजित होगी, जिसमें 13 वर्ष से कम, 13-18 वर्ष और 18 वर्ष से ऊपर शामिल हैं।

# सभी जनपदों में शुरू होगा महिला जनसुनवाई अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**घ्देहरादून।** राष्ट्रीय महिला आयोग के अभियान ष्महिला आयोग आपके द्वारष के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के संरक्षण हेतु वृहद प्रदेशव्यापी अभियान का आयोजन किया जा रहा है। आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 09 मार्च से 13 मार्च के मध्य प्रदेश के सभी 13 जनपदों में श्महिला जनसुनवाईश कार्यक्रमों का विशेष आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

इस महत्वपूर्ण अभियान के विषय में जानकारी साझा करते हुए अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि, ष्हमारा संकल्प प्रदेश की प्रत्येक महिला को सुरक्षित और गरिमापूर्ण वातावरण प्रदान करना है। अक्सर भौगोलिक बाधाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की बहनें मुख्यालय

**▪ महिला आयोग आपके द्वार के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुरू होगा कार्यक्रम, जन-सुनवाई में निर्भीक होकर प्रतिभाग करें मातृशक्ति, समस्याओं व लंबित प्रकरणों को आयोग के समक्ष करें प्रस्तुत : कुसुम कंडवाल**

**कहा -भौगोलिक बाधाओं के कारण कोई भी पीड़ित महिला न्याय की मुख्यधारा से वंचित न रहे**

तक नहीं पहुँच पातीं, इसलिए आयोग स्वयं उनके द्वार तक पहुँचकर उन्हें त्वरित न्याय दिलाने का प्रयास कर रहा है। महिला आयोग हर उस महिला के साथ मजबूती से खड़ा है जो अपने सम्मान के लिए आवाज उठाना चाहती है। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी पीड़ित महिला न्याय की मुख्यधारा से वंचित न रहे।

घ्कुसुम कंडवाल ने विशेष रूप से स्पष्ट किया कि इस जनसुनवाई का उद्देश्य केवल नई शिकायतों को प्राप्त करना ही नहीं है, बल्कि विभिन्न सरकारी विभागों में महिलाओं से संबंधित लंबित पड़े पुराने मामलों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना भी है।

घ्जनसुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों से जवाबदे. ही तय की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लंबे समय से अटके हुए प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हो। इसमें पुलिस, समाज कल्याण, स्वास्थ्य और राजस्व जैसे महत्वपूर्ण विभागों के साथ समन्वय कर लंबित मामलों की सुनवाई भी की जाएगी।आयोग द्वारा जारी प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, जनसुनवाई की शुरुआत 09 मार्च से होगी, जिसमें आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं आयोग के सदस्यगण विभिन्न जनपदों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहकर कार्यक्रमों की अध्यक्षता करेंगे। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, मानसिक, शारीरिक व दहेज उत्पीड़न/ हत्या, संपत्ति विवाद और कार्यस्थल पर मानसिक एवं यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी, मातृत्व लाभ न मिलने वाले जैसे गंभीर विषयों पर प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रत्येक जनपद में आयोजित होने वाली इन जनसुनवाई में जिलाधिकारी, पुलिस प्रशासन और विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, ताकि प्रकरणों पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।अंत में अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने प्रदेश की समस्त महिलाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर आयोजित होने वाली इन जनसुनवाई में निर्भीक होकर प्रतिभाग करें और अपनी समस्याओं व लंबित प्रकरणों को आयोग के समक्ष रखें।

CMYK

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 6 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आफत का दौर

ईरान पर हुए अमेरिकी-इजरायली हमले को पश्चिमी देशों द्वारा तार्किक बताया जा रहा है। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई तथा उनके परिजनों समेत कई लोगों की मौत को किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। यह समय वैश्विक कानून-व्यवस्था के भंग होने और अमेरिका के साम्राज्यवादी मंसूबों के सिरे चढ़ने का है। जब से ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, उन्होंने वैश्विक संप्रभुता और संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया की तमाम नियामक संस्थाओं को बेबस बना दिया है। वेनेजुएला में हमला करके राष्ट्रपति निकोलेस मादुरो को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाने के बाद अब खामेनेई की परिवार समेत हत्या ने दर्शा दिया है कि दुनिया फिर जंगल-राज की तरफ बढ़ रही है। शक्ति बंदूक की नोक से निकलती दिख रही है। छोटे राष्ट्रों की संप्रभुता संकट में है। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण, वेनेजुएला व ईरान पर अमेरिकी हमला बता रहा है कि आने वाले दिनों में ताइवान जैसे अन्य संकटग्रस्त देशों के सामने अस्तित्व बनाए रखने की चुनौती होगी। पूरी दुनिया में आपूर्ति श्रंखला में आए व्यवधान तथा ट्रंप के टैरिफ आतंकवाद से दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही चरमरा रही है। रोजगार के अवसर कम हुए हैं और लोगों को भारी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले की प्रतिक्रिया मध्यपूर्व के अलावा पश्चिमी देशों में आने वाले समय में दिखाई देगी। जिसकी असली कीमत मानवता को ही चुकानी होगी। निःसंदेह, आने वाले दिनों में भारत को ईरान-अमेरिकी संघर्ष की कीमत चुकानी होगी। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। भारत के लिए मुश्किल यह भी है कि ईरान पर हमला प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा के तुरंत बाद हुआ है, जिससे भारत के लिए मध्यपूर्व को लेकर विदेश नीति में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। इससे हार्मुज स्ट्रेट रूट से भारत को होने वाली कच्चे तेल की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होगी। वहीं दूसरी ओर मध्यपूर्व में कार्यरत नब्बे लाख से अधिक भारतीयों पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव पड़ेगा और उनके द्वारा भारत भेजी जाने वाली धनराशि भी प्रभावित होगी। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की पचास फीसदी आपूर्ति होर्मुज स्ट्रेट रूट से होती है। रूसी तेल खरीदने पर अमेरिकी दबाव के चलते भी इस रूट से भारतीय आपूर्ति बढ़ी है। इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने का सीधा असर भारत में कच्चे तेलों के दामों पर पड़ेगा। भविष्य में भारतीयों को तेल कीमतों में वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। वहीं लाल सागर से होने वाली तेल आपूर्ति भी ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों की धमकी से प्रभावित होगी। कूटनीतिक स्तर पर भी भारत को असहज स्थिति का सामना करना पड़ेगा। भारत इस समय ग्लोबल साउथ के नेतृत्व का दावा करता है और फिलहाल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, ईरान भी पिछले साल ब्रिक्स का सदस्य बन चुका है। ऐसे में क्या भारत इस हमले का विरोध करने की स्थिति में है? भारत ईरान से पुराने संबंधों के चलते क्या अमेरिका से दूरी बना सकता है।

## यह एक और विश्व युद्ध का कारण...



अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष पर चिंता का सबब बनता जा रहा है, अगर स्थिति को सावधानीपूर्वक नहीं संभाला गया, तो बढ़ते तनाव से एक व्यापक वैश्विक संघर्ष भी शुरू हो सकता है, केंद्र सरकार को इस मामले पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि इसी तरह के हस्तक्षेप अन्य देशों में भी हो चुके हैं, वैश्विक स्तर पर वर्तमान संघर्ष के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और अगर तनाव बढ़ता रहा ,तो यह एक और विश्व युद्ध का कारण बन सकता है, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय तनाव कम करने की दिशा में काम करे, अमेरिका द्वारा संप्रभु देश ईरान पर हमला करना गलत है।

**-डा. फारूक अब्दुल्ला, पूर्व मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# बंद होते हवाई अड्डे, हवा हवाई होती हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा






**निर्मल रानी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में सूरत में पहली बार कहा था कि सरकार का लक्ष्य है कि शहवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करेश। मोदी ने अक्टूबर 2025 में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट उद्घाटन पर भी यही दोहराया कि 2014 से उनका सपना था कि शहवाई चप्पल वाला भी हवाई सफर करेश। बेशक प्रधानमंत्री का यह वक्तव्य गरीबों को हवाई यात्रा मुहैया कराने की सोच को दर्शाता है। इसी मकसद से ष्उड़ानष योजना की शुरुआत की गई थी।श्न्क।छ अर्थात उड़े देश का आम नागरिक। इस योजना का उद्देश्य छोटे शहरों, टियर-2 और टियर-3 इलाकों को हवाई संपर्क से जोड़ना और हवाई यात्रा को सस्ता बनाना था।

आंकड़ों के मुताबिक 2014 में भारत में लगभग 74 सक्रिय हवाई अड्डे थे जिनकी संख्या 2026 के प्रारंभ तक बढ़कर 160-162 तक हो गई। इनमें से उड़ान योजना के अंतर्गत एयरपोर्ट, हेलीपोर्ट और वॉटर एयरोड्रोम सहित 93 हवाई अड्डे या तो नए विकसित किए गए या फिर उन्हें पुनर्जीवित किया गया। इनमें से अधिकांश नए या अपग्रेडेड हवाई अड्डे देश के अनेक छोटे शहरों में हैं। गोया कुल मिलाकर गत 10-12 वर्षों में 90 से अधिक नए अथवा सक्रिय हवाई अड्डे जोड़े गए हैं। बताया जा रहा है कि सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश भर में 400 से अधिक हवाई अड्डे बनाना है ताकि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर सके अर्थात गरीबों का सस्ती हवाई यात्रा का सपना साकार किया जा सके परंतु पिछले दिनों देश के केवल एक ही राज्य उत्तर प्रदेश से प्राप्त खबरों के अनुसार 2021 के बाद शउड़ान योजनाश के अंतर्गत शुरू किए गए 7 नए हवाई अड्डों में से 6 पर नियमित कामर्शियल उड़ानें बंद हो चुकी हैं।

धार्मिक पर्यटन के चलते इस समय केवल अयोध्या स्थित महर्षि बाल्मीकि अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा ही सक्रिय है। हालांकि अयोध्या का यह हवाई अड्डा भी आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तो जरूर घोषित किया गया है परन्तु अंतर्राष्ट्रीय शब्द केवल नाम तक ही सीमित है। वास्तव में अयोध्या का यह महर्षि बाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा वर्तमान में केवल भारत के भीतर सीमित घरेलू उड़ानें ही संचालित करता है और अभी तक किसी दूसरे देश के लिए यहां से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू नहीं हुई हैं। अलबत्ता यहां से संचालित कुछ स्वदेशी मार्गों जैसे कोलकाता, पटना आदि की उड़ानें भी अस्थाई रूप से बंद जरूर हो चुकी हैं। केवल उत्तर प्रदेश देश में जिन हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन फिलहाल बंद हो चुका है उनमें कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट,आजमगढ़ एयरपोर्ट, चित्रकूट एयरपोर्ट, श्रावस्ती एयरपोर्ट, मुरादाबाद एयरपोर्ट तथा अलीगढ़ एयरपोर्ट के नाम उल्लेखनीय हैं। इसी तरह पंजाब में पठानकोट व लुधियाना, सिक्किम में पेक्यांग,गुजरात के भावनगर,छत्तीसगढ़ का अंबिकापुर, ओड़ीसा का राउरकेला,मध्य प्रदेश का दतिया, कर्नाटक का कलबुर्गी व हिमाचल के शिमला के हवाई अड्डों के बंद होने की खबरें हैं। सैकड़ों करोड़ की लागत से बनाए गए यह हवाई अड्डे कहीं कम पैसेंजर ट्रैफिक के कारण अर्थात यात्रियों की कमी के चलते बंद करने पड़े तो कहीं खराब .श्यता , इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की कमी या एयरलाइंस कंपनियों की संचालन में रुचि न होने के कारण बंद करने पड़े। कहीं पास के बड़े हवाई अड्डों के कारण यात्री न मिलने की वजह से बंद कर दिए गए तो कुछ तकनीकी व इंफरास्ट्रक्चर समस्याओं जैसे छोटे एयरपोर्ट पर हैंगर, फ्यूल, स्टाफ की कमी के कारण भी बंद हुए।

एक अनुमान के अनुसार UDAN के अंतर्गत बिना किसी उड़ान के ही इन 15 नॉन-ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स के रखरखाव और सिक्योरिटी पर पिछले 8 वर्षों में लगभग 878-900 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हुए हैं जबकि कुल न्क।छ एयरपोर्ट्स के विकास पर 4,600 करोड़ से भी अधिक खर्च होने का अनुमान है। परन्तु सरकार को इससे कोई लाभ नहीं हुआ। इसी तरह एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया ।।प् के 81 एयरपोर्ट्स पर पिछले 10 वर्षों में 10,853 करोड़ के कुल घाटे का अनुमान है। कहना गलत नहीं होगा कि इससे योजना की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या बंद होने वाले हवाई अड्डों या घाटे में चलने वाले हवाई अड्डों को शुरू करते समय या इनकी योजना बनाते वक्त क्या इस बात का सही आंकलन नहीं किया गया कि यह हवाई अड्डे भविष्य में सुचारु रूप से संचालित हो सकेंगे या नहीं? क्या वजह है कि कल की यह लोकलुभावन योजनाएं आज मात्र शसफेद हाथी श बनकर रह गई हैं ? एक सवाल यह भी है कि हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा करें जैसी लोकलुभावन बातें कर इस तरह की योजनाएं केवल चुनावी लाभ लेने के कारण बनाई गई थीं? साथ ही एक सवाल यह भी कि जिस देश में रेल व बस जैसी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार की भारी जरूरत हो,जहां अभी तक ट्रेन में यात्रियों को समय पर आरक्षित सीटें उपलब्ध न हो पाती हों,हद तो यह है कि अनेक दूरगामी ट्रेन्स में पैर रखने,खड़े होने यहां तक कि यात्रियों के डिब्बों में घुस पाने तक की जगह न मिल पाती हो, जहां आज भी यात्री ट्रेन्स में लटककर और अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हों वहां इस तरह की शर्मसार कर देने वाली सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार करने व इन्हें व्यवस्थित करने के बजाए ऐसे नए हवाई अड्डे बनाना जोकि शीघ्र ही बंद भी करने पड़ जाएं,क्या ऐसा कदम जनता के पैसों की बर्बादी नहीं है ? इन सबके अतिरिक्त यह भी माना जा रहा है कि बिना जरुरत के नए हवाई अड्डे शुरू करने के पीछे का एक मकसद इनके संचालन से सत्ता के नजदीकी समझे जाने वाले उद्योगपतियों व कार्पोरेट्स को आर्थिक लाभ पहुंचाना भी है।

बहरहाल देश में लगातार बंद होते जा रहे नव सांचालित हवाई अड्डे इस निष्कर्ष पर तो पहुंचने के लिए काफी हैं कि हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा करने का जो लोकलुभावन ढिंढोरा पीटा जा रहा था वह फिलहाल हवा हवाई साबित होता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# तंत्रिकाएं करती हैं खास ट्यूमर की मदद

**जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।**

हाल में किए गए एक अध्ययन से उजागर हुआ है कि कुछ कैंसर कोशिकाएं अपनी पड़ोसी स्वस्थ कोशिकाओं की मदद से अधिक विनाशकारी शक्ति हासिल कर लेती हैं। एक अनुसंधान दल ने पाया है कि तंत्रिकाएं अपनी पड़ोस की मैलिग्नेंट (दुर्दम) कोशिकाओं को अपना माइटोकॉण्ड्रिया दान दे देती हैं।

गौरतलब है कि माइटोकॉण्ड्रिया कोशिकाओं का एक उपांग होता है जो कोशिकाओं के कामकाज के लिए जरूरी ऊर्जा उपलब्ध कराता है। यह अवलोकन इस बात की व्याख्या कर देता है कि क्यों तंत्रिकाओं की उपस्थिति में ट्यूमर ज्यादा तेजी से बढ़ते हैं और तो और कैंसर कोशिकाओं को अतिरिक्त माइटोकॉण्ड्रिया मिल जाने पर उनकी शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने (मेटास्टेसिस) की क्षमता भी बढ़ जाती है।

पहले माना जाता था कि कोशिकाएं अपने माइटोकॉण्ड्रिया सहेजकर रखती हैं, लेकिन पिछले 20 वर्षों में हुए अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि कोशिकाएं इन उपांगों का खूब लेन-देन करती हैं। कैंसर कोशिकाएं दाता भी हो सकती हैं और प्राप्तकर्ता भी। जैसे, हाल ही में जापान के शोधकर्ताओं ने बताया था कि कैंसर कोशिकाएं और प्रतिरक्षा टी-कोशिकाएं कभी-कभी माइटोकॉण्ड्रिया का विनिमय करती हैं। इस दौरान, कैंसर कोशिकाएं अपने दोषपूर्ण उपांग टी-कोशिकाओं को देकर उन्हें कमजोर भी कर सकती हैं। कुछ सर्वथा अलग तरह के अध्ययनों में पता चला है कि तंत्रिकाएं अपने आसपास के ट्यूमर्स की वृद्धि को बढ़ावा देती हैं। उदाहरण के लिए टेक्सास हेल्थ साइन्स सेंटर के गुस्तावो आयला की टीम ने देखा था कि जब प्रयोगशाला के जंतुओं की प्रोस्टेट ग्रंथि को पहुंचने वाली तंत्रिकाओं को काट दिया गया या बोटॉक्स इंजेक्शन देकर खामोश कर दिया गया, तो प्रोस्टेट कैंसर सिकुड़ गया। ट्यूमर-ग्रस्त मनुष्यों में भी बोटॉक्स इंजेक्शन देने पर कैंसर कोशिकाओं की मृत्यु दर बढ़ गई थी।

यह भी पता चला है कि जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।

शोधकर्ताओं ने यह भी दर्शाया कि यदि माइटोकॉण्ड्रिया रहित कैंसर कोशिकाएं तैयार करके उन्हें यह उपांग बाहर से दिया जाए तो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ावा मिलता है। ऐसी माइटोकॉण्ट्रिया रहित कोशिकाएं विभाजित नहीं होतीं और उनकी ऑक्सीजन खपत भी कम रहती है, लेकिन जब इन्हें तंत्रिका कोशिकाओं के साथ रखा गया, तो 5 दिन में इनकी चयापचय क्रियाएं बहाल हो गईं और इनमें विभाजन भी होने लगा। शायद पड़ोसियों से मिले माइटोकॉण्ड्रिया के दम पर। इसी प्रयोग को आगे करने पर पता चला कि यह असर लंबे समय के लिए होता है। शोधकर्ताओं ने यह जांच भी की कि क्या ऐसी पुनः सक्रिय हुई कैंसर कोशिकाओं के अन्य स्थानों/अंगों में फैलने (मेटास्टेसिस) की संभावना भी ज्यादा होती है।

इसकी जांच करने के लिए उन्होंने चूहों की तंत्रिका व कैंसर कोशिकाओं को साथ-साथ रखकर विकसित किया और फिर उन्हें मादा चूहे के उदर की वसा में डाल दिया। देखा गया पेट में ट्यूमर बना और जल्दी ही वह फेफड़ों तथा मस्तिष्क में फैल गया। यह भी देखा गया कि मूल ट्यूमर में तो मात्र 5 प्रतिशत कोशिकाओं ने तंत्रिकाओं से माइटोकॉण्ड्रिया हासिल किए थे लेकिन फेफड़े में पहुंची 27 प्रतिशत तथा मस्तिष्क में पहुंची 46 प्रतिशत कैंसर कोशिकाओं में आयातित माइट्कॉण्ड्रिया थे अर्थात आयातित माइटोकॉण्ड्रिया मेटास्टेसिस को बढ़ावा देते हैं। जब प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों के ट्यूमर की कोशिकाओं का विश्लेषण किया गया तो पता चला कि तंत्रिकाओं के नजदीक की कोशिकाओं में ज्यादा माइटोकॉण्ड्रिया थे।

यह अनुसंधान कैंसर से निपटने का एक सर्वथा नया रास्ता सुझाता है। शोधकर्ता कहते हैं कि कैंसर से निपटने के लिए उसके आसपास की तंत्रिकाओं पर ध्यान देना उपयोगी होगा।

# कैरियर पिजन सर्विस : संचार का प्राचीन तरीका



**रजनीश कपूर**

आज के डिजिटल युग में जहां व्हाट्सएप, वीडियो कॉल, इंटरनेट और सैटेलाइट फोन से पल भर में संदेश दुनिया के किसी भी कोने में पहुंच जाते हैं, वहां एक प्राचीन संचार माध्यम अभी भी जीवित है . 'कैरियर पिजन सर्विस'। यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि वास्तविकता है। ओडिशा पुलिस की कैरियर पिजन सर्विस दुनिया की एकमात्र ऐसी पुलिस फोर्स है जो इस विरासत को आज भी संरक्षित रखे हुए है। यह सेवा न सिर्फ इतिहास की याद दिलाती है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं में जब आधुनिक संचार व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, तब एक विश्वसनीय बैकअप के रूप में काम आती है। एक ऐसा माध्यम जो हजारों वर्षों से मानव सभ्यता का अभिन्न अंग रहा है।

'कैरियर पिजन' या 'होमिंग पिजन' का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा है। मिस्र में लगभग 3000 ईसा पूर्व से ही कबूतरों को संदेशवाहक के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। फारस, यूनान और रोमन साम्राज्य में इनकी व्यापक उपयोगिता थी। यूनानियों ने ओलंपिक खेलों के परिणाम इन कबूतरों के जरिए शहर-दर-शहर पहुंचाए। चंगेज खान ने अपने विशाल साम्राज्य में 'पिजन नेटवर्क' स्थापित किया। मध्यकाल में यूरोप के युद्धों और मध्य पूर्व के व्यापारियों ने इनका सहारा लिया। भारत में भी यह परंपरा बहुत पुरानी है। चंद्रगुप्त मौर्य के काल में फारसी प्रभाव से 'पिजन पोस्ट' शुरू हुई थी। मुगल और ब्रिटिश काल में पुलिस और सेना दोनों ने इसका इस्तेमाल किया। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में 'कैरियर पिजनों' ने जान भी बचाई, फांस में श्चेर आमीश नामक कबूतर ने 194 अमेरिकी सैनिकों की जान बचाई थी। भारत में भी ब्रिटिश काल से पुलिस स्टेशनों के बीच संचार के लिए 'पिजन सर्विस' चली आ रही थी, लेकिन आज की बात करें तो ओडिशा पुलिस की यह सेवा अनूठी है। 1946 में, द्वितीय विश्व युद्ध के ठीक बाद, ओडिशा पुलिस ने इसे शुरू किया। सबसे पहले नक्सल प्रभावित कोरापुट जिले में प्रयोग किया गया। धीरे-धीरे यह 38 स्थानों द्धजिलों, सब-डिवीजनों, सर्कलों और पुलिस स्टेशनोंऋ तक फैल गई। इस सेवा के चरम पर 19 'पिजन लॉफ्ट' सक्रिय थे, जहां 1500 से अधिक प्रशिक्षित कबूतर तैनात थे। हर लॉफ्ट पर एक इंस्पेक्टर, तीन सब-इंस्पेक्टर, एक सहायक सब-इंस्पेक्टर और 35 कांस्टेबल तैनात थे। यह सेवा न सिर्फ सामान्य संचार, बल्कि चुनावों और आपदाओं में भी काम आई। 1976-77 के चुनावों और 1982 के 'फ्लैश फ्लड्स' में जब सड़कें-ब्रिज बह गए और वायरलेस-टेलीफोन फेल हो गए, तब इन कबूतरों ने सरकारी संदेश पहुंचाए।

सबसे रोचक घटना 13 अप्रैल 1948 की है। तब भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू संबलपुर, ओडिशा में थे। उन्हें 265 किलोमीटर दूरकटक में तत्काल निर्देश भेजने थे, सुबह 6 बजे नेहरू का हस्तलिखित संदेश लेकर एक 'कैरियर पिजन' उड़ा। ठीक 11रू20 पर, यानी महज 5 घंटे 20 मिनट में, वह कटक पहुंच गया। जब नेहरू खुद कटक पहुंचे तो अपना मूल संदेश और वही कबूतर देखकर दंग रह गए, वे हैरान और प्रसन्न थे। यह घटना ओडिशा पुलिस की 'पिजन सर्विस' की विश्वसनीयता का जीवंत प्रमाण है।



1954 में दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय डाक प्रदर्शनी में इन कबूतरों का प्रदर्शन किया गया। 1989 में तत्कालीन राष्ट्रपति आर। वेंकटरामन जब कटक आए तो इन कबूतरों को देखकर मुग्ध हो गए। 1999 के 'सुपर साइक्लोन' में जब तटीय इलाकों में संचार लाइनें पूरी तरह ठप हो गईं, तब इन कबूतरों ने लाज रखी। इनकी गति औसतन 55 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। ए एक बार में 400-500 किलोमीटर उड़ने की क्षमता रखते हैं। 'बेल्जियन होमर' नस्ल के ए कबूतर चुंबकीय क्षेत्र का पता लगाकर अपने घोंसले तक आसानी से पहुंच जाते हैं। 2008 में आधुनिक संचार के चलते इसे औपचारिक रूप से बंद कर दिया गया। लेकिन ओडिशा पुलिस ने इसे पूरी तरह खत्म नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के आदेश पर दो 'लॉफ्ट'अभी भी बरकरार रखे गए, एक कटक में ओडिशा पुलिस मुख्यालय पर 105 'बेल्जियन होमर पिजन' और दूसरा अंगुल के पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज पर 44 पिजन। कुल लगभग 150 प्रशिक्षित कबूतर आज भी सेवा में हैं। अब इन्हें सिर्फ सांस्कृतिक और औपचारिक उपयोग के लिए रखा गया है। ए कबूतर गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस की परेड में शांति, प्रेम और स्वतंत्रता का संदेश लेकर उड़ते हैं। हाल ही में भुवनेश्वर में 25 कबूतरों ने 30 किलोमीटर की दूरी मात्र 29 मिनट में तय की। आज जब साइबर हमले, प्राकृतिक आपदाएं और इमरजेंसी में मोबाइल नेटवर्क फेल हो जाते हैं, तब यह सेवा सिर्फ विरासत नहीं, बल्कि सुरक्षा की गारंटी है। ओडिशा पुलिस के स्पेशल डीजी द्धकम्युनिकेशंसऋ अरुण रे के अनुसार, हयह भारत का सबसे अच्छा रखा गया राज है। गौरतलब है कि सीएजी ने इसकी लागत पर आपत्ति जताई थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने साफ कहा, हविरासत को बचाओ। यह सेवा हमें सिखाती है कि प्रगति का मतलब पुरानी चीजों को फेंकना नहीं, बल्कि उन्हें संभालकर रखना है। आज युवा पीढ़ी स्मार्टफोन पर जीती है, लेकिन जब वे इन कबूतरों को उड़ते देखते हैं तो इतिहास जीवंत हो उठता है। ऐसे में यदि स्कूलों-कॉलेजों व अन्य कार्यकर्मों में इनका प्रदर्शन करवाया जाए, तो न सिर्फ नई पीढ़ी को बरसों पुरानी विरासत जानने का मौका मिलेगा बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। ड्रोन और सैटेलाइट के युग में भी ए पंख वाले डाकिया हमें याद दिलाते हैं कि प्रकृति की शक्ति आज भी अजेय है। ओडिशा पुलिस की यह पहल दुनिया के लिए मिसाल है। अमेरिका, यूरोप या एशिया की कोई अन्य पुलिस फोर्स आज ऐसा नहीं कर रही। यह सिर्फ ओडिशा का गौरव नहीं, बल्कि पूरे भारत की सांस्कृतिक विरासत है। हमें इसे और मजबूत करना चाहिए। ज्यादा 'लॉफ्ट', ज्यादा प्रशिक्षण, ज्यादा जागरूकता किया जाए। क्योंकि संचार सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि विश्वास और विश्वसनीयता का मामला है। जब आधुनिक दुनिया इंस्टेंट मैसेजिंग पर निर्भर है, तब यह उड़नहार संदेशवाहक हमें सिखाते हैं कुछ चीजें कभी पुरानी नहीं होतीं, वे सिर्फ विरासत बन जाती हैं। ओडिशा पुलिस की 'कैरियर पिजन सर्विस' इसी विरासत का जीवंत प्रतीक है। इसे बचाए रखना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन पंखों की उड़ान में इतिहास को महसूस कर सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



काठमांडू। संसदीय चुनाव के लिए वोट डालने के लिए कतार में इंतजार करते लोग।

# अमेरिका ने डूम्सडे बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण



■ यह हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 20 गुना ज्यादा शक्तिशाली परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता रखती है

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने मंगलवार रात कैलिफोर्निया तट पर अपनी 'डूम्सडे' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। 'मिनटमैन III' नाम की यह मिसाइल बेहद घातक है।

यह हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 20 गुना ज्यादा शक्तिशाली परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता रखती है। इसे सांता बारबरा के पास वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से रात 11 बजे लान्च किया गया। अमेरिकी स्पेस फोर्स ने जानकारी दी कि 'जीटी 254' नाम का यह राकेट बिना किसी हथियार के छोड़ा गया था। इसने प्रशांत महासागर में मार्शल आइलैंड्स के पास अपने तय लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने बताया कि इस मिसाइल को इसकी सटीकता और तैयारी को परखने के लिए दागा गया था। 576वें फ्लाइट टेस्ट स्क्वाड्रन के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल कैरी रे ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि इस टेस्ट से मिसाइल सिस्टम के अलग-अलग हिस्सों की कार्यक्षमता का अंदाजा लगाने में मदद मिली। उन्होंने बताया कि ऐसे परीक्षणों से देश की परमाणु शक्ति के जमीनी हिस्से को और भी मजबूत और तैयार रखा जा सकता है। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और इजरायल ने हाल ही में ईरान पर हमला किया था। उस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, जिससे पूरे इलाके में जंग छिड़ गई है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान पर हमले तेज करने चेतावनी दी है और कहा है कि एक बड़ा हमला होने वाला है। हालांकि, एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने यह भी साफ किया कि मंगलवार का यह परीक्षण रूटीन था और इसकी योजना वर्षों पहले ही बना ली गई थी।

## रिपब्लिकन सांसदों ने खारिज किया जंग रोकने वाला प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में बुधवार को एक महत्वपूर्ण मतदान में रिपब्लिकन सांसदों ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया जिसका उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान के खिलाफ चल रहे युद्ध को रोकना था। यह प्रस्ताव 47 के मुकाबले 53 वोटों से गिर गया। यह प्रस्ताव श्वार पावर्स रेजोल्यूशनश के रूप में पेश किया गया था, जिसके तहत आगे किसी भी सैन्य कार्रवाई से पहले कांग्रेस की मंजूरी अनिवार्य करने की मांग की गई थी। वोटिंग लगभग पार्टी लाइन के अनुसार हुई, हालांकि कुछ सांसदों ने अलग रुख भी अपनाया। रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पाल ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि डेमोक्रेटिक सीनेटर जान फेटरमैन ने इसके खिलाफ वोट दिया। मतदान से पहले सीनेट में माहौल काफी गंभीर रहा। कई डेमोक्रेटिक सांसद अपनी सीटों पर बैठे रहे और पूरे समय बहस में शामिल रहे। सीनेट में डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने कहा कि यह वोट तय करेगा कि सांसद अमेरिकी जनता के साथ खड़े हैं या ट्रम्प प्रशासन के साथ। उनके मुताबिक अमेरिका के लोग मध्य पूर्व के लंबे युद्धों से थक चुके हैं और अब एक और बड़े युद्ध की जरूरत नहीं है। रिपब्लिकन सांसदों ने डेमोक्रेट्स के आरोपों को खारिज किया। रिपब्लिकन नेता जान बरासो ने कहा कि डेमोक्रेट्स ट्रम्प का विरोध करने में ज्यादा रुचि रखते हैं, जबकि असली मुद्दा ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है।

## खाड़ी देशों को वायु रक्षा सहायता देने की योजना बना रहा है इटली

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने गुरुवार को कहा कि वह ईरानी हमलों को देखते हुए खाड़ी देशों को वायु रक्षा सहायता भेजने पर विचार कर रही हैं। सुमेलोनी ने रेडियो स्टेशन आरटीएल 102.5 के साथ बातचीत में कहा कि ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की तरह इटली भी खाड़ी देशों को रक्षा एवं वायु रक्षा के क्षेत्र में सहायता भेजने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है क्योंकि उनके साथ हमारे संबंध मैत्रीपूर्ण हैं, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि इस क्षेत्र में हजारों इतालवी लोग रहते हैं और दो हजार इतालवी सैनिक वहां तैनात हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान से 200 अफगान कैदी रिहा होकर स्वदेश पहुंचे

**काबुल।** पाकिस्तान के हिरासत केंद्रों में बंद 200 अफगान कैदियों के समूह को पिछले सप्ताह रिहा कर दिए जाने के बाद स्वदेश वापस लाया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार को कहा यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार विभिन्न आरोपों में एक दिन से लेकर दो महीने तक पाकिस्तान के कई जेलों में बंद कैदी दक्षिणी कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक सीमा के माध्यम से अफगानिस्तान पहुंचे। इन लोगों को उनके गृह क्षेत्रों में भेजने से पहले उनकी बुनियादी जरूरतों के लिए त्वरित सहायता प्रदान की गई।

### खदान ढहने से 200 से ज्यादा लोगों की मौत: अधिकारी

**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंगलवार को एक खदान के ढहने से 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। डीआरसी सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीआरसी के खनन मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यह घटना नॉर्थ किवु प्रांत में रुबाया खदान पर हुई, जो कोल्टन संसाधन के लिए जानी जाती है। यह दुर्घटना बहुत ज्यादा भारी बारिश के कारण हुई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इस हादसे में करीब 70 नाबालिगों सहित 200 से ज्यादा लोगों की जान चली गई।

### चीन का प्रमुख एआई उद्योग 2025 में लगभग 173.9 अरब डॉलर रहा

**बीजिंग।** चीन के प्रमुख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योग का मूल्य 2025 में 1-2 लाख करोड़ युआन (लगभग 173.9 अरब डॉलर) से अधिक रहा। उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ली लेचेंग ने गुरुवार को नेशनल पीपल्स कांग्रेस (संसद) के वार्षिक सत्र से इतर बताया कि पिछले साल देश में एआई कंपनियों की संख्या 6200 से अधिक हो गई।

### ईरानी युद्धपोत पर श्रीलंका में हमले को लेकर तेहरान के तेवर उग्र

# अमेरिका को होगा डेना पर हमले का पछतावा: अराघची

**तेहरान/कोलंबो।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका को भारतीय नौसेना की मेहमान युद्धपोत डेना पर हमला करने का बहुत पछतावा होने वाला है। अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अमेरिका ने ईरान के तट से 2000 मील दूर समंदर में एक क्रूर कृत्य को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि करीब 130 नौसैनिकों के साथ भारतीय नौसेना की मेहमान फ्रिगेट डेना पर बिना चेतावनी के अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में हमला किया गया। मेरे शब्द लिख लो, अमेरिका को अपने इस कृत्य पर बहुत पछतावा होगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की एक पनडुब्बी ने युद्धपोत डेना पर तारपीडो से हमला किया, जिससे वह समंदर की सतह में डूब गई। श्रीलंकाई मीडिया के अनुसार, जब युद्धपोत पर हमला हुआ तब वह एक पूर्वी भारतीय बंदरगाह से ईरान लौट रहा था। उल्लेखनीय है कि आइरिस डेना ने भारत की 'मिलन' नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लिया था। श्रीलंका के उप विदेश मंत्री अरुण हेमचंद्र ने कहा कि देश के दक्षिणी तट पर अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी युद्धपोत पर किए गए हमले के बाद कम से कम 80 लोग मारे गए। वहीं श्रीलंका के मुख्य सरकारी सचेतक नलिडा जयतिस्सा ने गुरुवार को कहा कि श्रीलंका के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में ईरान का एक और जहाज है। डेली मिरर की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह बात विपक्ष के नेता सजित प्रेमदासा के उठाए गए एक सवाल का जवाब देते हुए कही कि क्या सरकार को श्रीलंका के जलक्षेत्र में एक और ईरानी जहाज के होने की जानकारी है। जयतिस्सा ने कहा कि राष्ट्रपति, सुरक्षा परिषद और सरकार को इस मामले की जानकारी है और सरकार जहाज में मौजूद लोगों के मामले में ज्यादा से ज्यादा दखल दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले की जानकारी है। हम इस मामले को सुलझाने, जान के खतरे को कम करने और इलाके की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी दखल दे रहे हैं। यह जहाज हमारे इलाके के पानी में नहीं है। यह विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंदर है। फिर भी, हम लोगों के जीवन की सुरक्षा के मामले में ज्यादा से ज्यादा दखल दे रहे हैं। हम संसद के समक्ष पूरी रिपोर्ट रखेंगे। इसी बीच ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स ने गुरुवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग केवल अमेरिका, इजरायल, यूरोप और अन्य पश्चिमी सहयोगियों के जहाजों के लिए बंद है। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य युद्ध शुरू होने के बाद से ही ठप हो गया है। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी के अनुसार, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि हमने पहले भी कहा था कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और प्रस्तावों के आधार पर, युद्ध के समय में ईरान के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले मार्ग को नियंत्रित करने का अधिकार होगा। आईआरजीसी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका, इजरायल, यूरोप 'और उनके समर्थकों' से संबंधित जहाज देखे गए, तो 'निश्चित रूप से उन पर हमला किया जाएगा।' ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल द्वारा शनिवार को संयुक्त अभियान शुरू किए जाने के बाद से यह जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद है, जिससे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था के चरमराने का खतरा पैदा हो गया है।



■ अमेरिका ने ईरान के तट से 2000 मील दूर समंदर में एक क्रूर कृत्य को अंजाम दिया-ईरानी विदेश मंत्री
■ होर्मुज केवल अमेरिका इजरायल, यूरोप एवं उनके अन्य सहयोगियों के लिए बंद: रिवोल्यूशनरी गार्ड्स

## आईरिस डेना हमले में मारे गए नाविकों के शव सौंपने का ईरान का अनुरोध

**कोलंबो।** ईरान ने श्रीलंका के पास हिंद महासागर में हुए हमले में डूबे ईरानी नौसैनिक पोत आईरिस डेना पर मारे गए नाविकों के सभी शव उसे सौंपे जाने का अनुरोध किया है, ताकि उन्हें अंतिम संस्कार के लिए स्वदेश ले जाया जा सके। श्रीलंकाई मीडिया डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा किए गए टॉरपीडो हमले के बाद जहाज के डूबने से मारे गए करीब 90 नाविकों के शवों को गाले स्थित राष्ट्रीय अस्पताल करापिटिया लाया गया है। बताया गया है कि आगे की व्यवस्था होने तक इन शवों को अस्पताल के कोल्ड रूम में रखा जाएगा। श्रीलंका के उप स्वास्थ्य मंत्री हंसका विजेमुनी ने कहा कि ईरान ने शवों को अपने देश ले जाने का अनुरोध किया है, लेकिन मौजूदा सैन्य स्थिति के कारण यह प्रक्रिया तुरंत संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि अंतिम व्यवस्था होने तक शव अस्पताल के शीतगृह में सुरक्षित रखे जाएंगे। विजेमुनी के अनुसार, बुधवार रात तक करापिटिया अस्पताल में करीब 90 शव पहुंच चुके थे और यह संख्या बढ़ सकती है। श्रीलंका की ओर से मानक पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## पश्चिम एशिया को अस्थिर कर रहे हैं अमेरिका और इजरायल: फतहाली

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने गुरुवार को अमेरिका और इजरायल पर पश्चिम एशिया क्षेत्र को अस्थिर करने तथा वार्ता के बीच युद्ध भड़काने का आरोप लगाया। ईरानी राजदूत की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब ईरान और अमेरिका-इजरायल गठबंधन के बीच तनाव तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में हिंद महासागर में ईरानी नौसेना के फ्रिगेट आईरिस डेना के डूबने की घटना को ईरान ने 'समुद्र में किया गया अत्याचार' बताया है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान अमेरिका और इजरायल को संघर्ष के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि दोनों देश ईरान की रणनीतिक एवं भौगोलिक स्थिति से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने इजरायल को 'जायनिस्ट शासन' बताते हुए आरोप लगाया कि उसका उद्देश्य पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र को अस्थिर करना है। उन्होंने कहा कि उन्हें अच्छी तरह पता है कि ईरान कहां है और उसकी स्थिति क्या है, लेकिन दुर्भाग्य से जायनिस्ट शासन पूरे क्षेत्र को नष्ट और अशांत करना चाहता है। ईरान अपने पड़ोसियों पर हमला नहीं करता, लेकिन वे अपने ठिकाने उपलब्ध कराते हैं। हमने अपने पड़ोसी देशों को पहले ही सूचित कर दिया था कि हम अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाएंगे। भारत के साथ किसी प्रकार की कूटनीतिक बातचीत के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर फिलहाल ईरान और भारत के बीच कोई वार्ता या संदेश का आदान-प्रदान नहीं हुआ है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उठी चिंताओं पर फतहाली ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अमेरिका और इजरायल ने पहले हमला किया है और ईरान अपनी प्रतिक्रिया देगा।

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव के लिए दो और उम्मीदवारों का नामांकन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष की आधिकारिक वेबसाइट पर बुधवार को जारी दस्तावेजों के मुताबिक, अगले संयुक्त राष्ट्र महासचिव के पद के लिए दो और उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है। अफ्रीकी संघ के मौजूदा चेयर बुरुंडी ने सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी सैल का नाम इस पद के लिए दिया है, जबकि कोस्टा रिका ने अर्थशास्त्री और कोस्टा रिका की पूर्व उपराष्ट्रपति रेबेका ग्रिनस्पैन को इस पद के लिए आगे किया है। नए नामांकन के साथ, इस पद के लिए अभी चार उम्मीदवार दौड़ में हैं। बाकी दो उम्मीदवार चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचेलेट हैं, जिन्हें चिली, ब्राजील और मैक्सिको ने नामांकित किया है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के मौजूदा महानिदेशक राफेल ग्रॉसी को अर्जेंटीना ने नामांकित किया है। संरा महासभा के अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने बुधवार को संरा के सदस्य देशों को लिखे एक पत्र में 20 अप्रैल वाले हफ्ते में उम्मीदवारों के साथ होने वाली बातचीत के तरीकों के बारे में बताया। यह बातचीत संरा के तीन स्तंभों यानी शांति एवं सुरक्षा, मानवाधिकार और विकास के आस-पास होगी। पत्र के मुताबिक, हर उम्मीदवार अपना विजन साझा करेगा, जिसके बाद सदस्य देशों से सवाल पूछे जाएंगे और बातचीत होगी। पत्र में कहा गया है कि उम्मीदवोरं को हिस्सा लेने के लिए बातचीत से पहले और एक अप्रैल के बाद नामांकन जमा करने होंगे।

## ड्रोन हमले के बाद साइप्रस की ओर नौसेना भेजेंगे यूरोपीय देश

**रोम।** स्पेन, फ्रांस और नीदरलैंड्स के बाद अब इटली ने भी ईरान के ड्रोन हमलों के मद्देनजर आने वाले दिनों में साइप्रस की सुरक्षा के लिए द्वीप पर अपनी नौसेना भेजने का फैसला किया है। इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने गुरुवार को संसद को यह जानकारी दी। पश्चिमी एशिया को सैन्य मदद भेजने पर संसद में मतदान से पहले उन्होंने प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के पहले के सुझावों की पुष्टि की। क्रोसेटो ने कहा, हम अकेले देश नहीं हैं जो इस स्थिति का सामना कर रहे हैं और हम सभी को मदद के लिए निवेदन मिला है। उन्होंने कहा कि हम मिलकर जांच कर रहे हैं, जिसमें जम्मिेदारी कैसे बांटनी है, यह भी शामिल है।

# ईरान-अमेरिका के बीच मध्यस्थता को तैयार हैं: रूस

### अमेरिका ने यह साफ कर दिया है कि उसे मध्यस्थता की जरूरत नहीं है: रूसी राजनयिक

**मास्को।** रूस अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष को रूकवाने के वास्ते मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। वियना स्थित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो रूस ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता में मध्यस्थ बनने के लिए तैयार है।

उन्होंने रूसी अखबार इजवेस्टिया से कहा कि बेशक अगर जरूरत पड़ी तो रूस मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हालांकि अभी अमेरिका-ईरान के बीच दोबारा बातचीत शुरू होना मुश्किल लग रहा है, लेकिन दोनों तरफ के मुख्य मकसद सैन्य बल से हासिल नहीं किए जा सकते। उल्यानोव के मुताबिक ईरान रूस की मध्यस्थता का स्वागत करेगा। रूसी राजनयिक ने कहा कि अमेरिका ने यह साफ कर दिया है कि उसे मध्यस्थता की जरूरत नहीं है, क्योंकि उसका मानना है कि वह खुद हालात संभाल सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी असल में इसे बहुत खराब तरीके से संभाल कर रहे हैं।

## रूस जल्द रोक सकता है ईयू को गैस आपूर्ति: पुतिन



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस वाणिज्यिक फायदे के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के देशों को उम्मीद से पहले प्राकृतिक गैस की आपूर्ति रोक सकता है। पुतिन ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा कि ईयू देश एक महीने में रूसी गैस की खरीद पर नई रोक लगाने और एक साल में उन्हें पूरी तरह से बैन करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे बाजार अब खुल रहे हैं। शायद हमारे लिए अभी यूरोपीय बाजार में आपूर्ति रोकना और नई दिशाओं में निर्यात स्थापित करना ज्यादा फायदेमंद होगा। इसमें कोई राजनीतिक मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ 'खुलकर सोचे गए विचार' हैं। अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। ईयू की परिषद ने जनवरी में ईयू में रूसी पाइपलाइन गैस और लिक्विफाइड प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर प्रतिबंध को मंजूरी दी। इसके तहत एलएनजी के लिए जनवरी 2027 से और पाइपलाइन गैस के लिए 2027 के पतझड़ से पूरा प्रतिबंध लागू होगा। परिषद के मुताबिक, पाइपलाइन गैस और एलएनजी को मिलाकर, 2025 में कुल ईयू गैस आयात में रूस का हिस्सा लगभग 13 प्रतिशत था।

# नेपाल के आम चुनाव में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान

### 6500 + प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद



**काठमांडो।** पड़ोसी देश नेपाल में आज आम चुनाव के लिए मतदान किया गया। साल 2025 में जेन-जी के विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल की तत्कालीन केपी शर्मा ओली सरकार गिर गई थी। 275 सीटों के लिए मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक चला।

प्रतिनिधि सभा की काठमांडू जिले की सभी 10 सीटों पर गुरुवार को मतदान खत्म होने के बाद अब वोटों की गिनती की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी चूरामण खड़का ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर शाम पांच बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से वोटिंग पूरी हो गई। शुरुआती अनुमान के मुताबिक काठमांडू में करीब 60 से 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। खड़का ने कहा कि कुल कितने वोट पड़े हैं, इसका सही आंकड़ा आने में अभी कुछ समय लगेगा। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों से मत पत्र करीब दो घंटे के भीतर संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों में पहुंचा दिए जाएंगे, जिसके बाद मतगणना शुरू की जाएगी। नेपाल के संसदीय चुनाव के लिए आधिकारिक तौर पर शाम पांच बजे मतदान समाप्त हो चुका है। शुरुआती अनुमान के मुताबिक काठमांडू में करीब 60 से 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। कार्यवाहक मुख्य चुनाव आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने मतदान के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार मतदान 65 प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सुबह से ही उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों के एक दर्जन से ज्यादा जिलों के प्रतिनिधियों से बात की है और वहां भी मतदान जारी है। मौसम भी अनुकूल बना हुआ है। हालांकि ऐसा लगता है कि पिछले चुनावों के करीब पांच प्रतिशत वोट इस बार अमान्य हो गए हैं। नेपाल के अखबार 'हिमालयन' ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

## ईरान के हवाई क्षेत्र पर जल्द होगा अमेरिका का कब्जा: व्हाइट हाउस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि अगले कुछ घंटों में ईरानी हवाई क्षेत्र में उसकी वायु सेना का पूरा दबदबा होगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को यह जानकारी दी है। सुलेविट ने व्हाइट हाउस की दैनिक प्रेस वार्ता में कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले घंटों में ईरानी एयरस्पेस पर हमारा पूरा दबदबा होगा। उन्होंने कहा कि ईरान में अमेरिका के सैनिकों को तैनात करने की अभी कोई योजना नहीं है, हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले कहा था कि वह भविष्य में इस विकल्प के लिए तैयार हैं। दिन की शुरुआत में अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने पेंटागन में संवाददाताओं से कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल सैन्य अभियान अभी शुरुआती चरण में है।

## अजरबैजान का आरोप, ईरान से ड्रोन उसके इलाके में उतरे

**बाकू।** अजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान ने कई ड्रोन भेजकर उसकी सरजमीन पर हमला किया है। यह पश्चिमी एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच अजरबैजान पर पहला हमला है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि ईरान के हवाई हमलों में नखचिवान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की एक टर्मिनल इमारत को निशाना बनाया गया, जबकि एक अन्य ड्रोन हमला शकराबाद गांव की एक स्कूली इमारत के करीब हुआ। मंत्रालय ने कहा कि हवाई अड्डे पर हुए हमले में दो लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि हम ईरानी क्षेत्र से किए गए इन ड्रोन हमलों की घोर निंदा करते हैं। इन हमलों में हवाई अड्डे की इमारत को नुकसान हुआ है और दो लोग घायल हुए हैं। इस बीच, मंत्रालय ने कहा कि उसने अपना विरोध जाहिर करने के लिए अजरबैजान में ईरान के राजदूत को तलब किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। उसने मांग की कि ईरान स्थिति पर स्पष्टीकरण जारी करे और सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। मंत्रालय ने कहा कि अजरबैजान के पास उपयुक्त जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है।

